# देशबन्धु

जबलपुर, मंगलवार 22 अगस्त 2023 | वर्ष –67 | अंक –287 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00

■ टमाटर तय कर रहे... ■ म.प्र. में भाजपा उम्मीदवार... 04
■ यूक्रेन ने किया रूस से कुर्स्क में रेलवे... ■ लेबनान में हथियारबंद गिरोह ने आठ... 09
■ क्या और बढ़ेंगी प्याज की कीमतें ?... ■ रुपये का प्रदर्शन अच्छा, और सुधार ... 11
■ राहुल और श्रेयस की एशिया.. ■ प्रणय, लक्ष्य विश्व चैंपियन... 10

# भावी पीढ़ी को गढ़ने, आधुनिकता देने और नई दिशा देना शिक्षकों की जिम्मेदारी : मोदी

## शिक्षक विद्यार्थियों की चिंता करें, शिक्षकों की चिंता करना मेरा दायित्व - मुख्यमंत्री शिवराज

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने नवनियुक्त 5 हजार 580 शिक्षकों को प्रदान किए नियुक्ति बधाई पत्र



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में नियुक्त होने वाले 5 हजार 500 से अधिक शिक्षकों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा है कि आप पर भारत की भावी पीढ़ी को गढ़ने, उन्हें आधुनिकता में ढालने और नई दिशा देने की जिम्मेदारी है। पिछले तीन वर्षों में हुई लगभग 50 हजार शिक्षकों की भर्ती के लिए राज्य सरकार बधाई की पात्र है। प्रधानमंत्री श्री मोदी नवनियुक्त शिक्षकों के प्रशिक्षण–सह–उन्मुखीकरण तथा उन्हें बधाई पत्र सौंपने के लिए शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुए कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़कर नवनियुक्त शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भी नवनियुक्त शिक्षकों को प्रेरित किया तथा उन्हें बधाई पत्र सौंपे। कार्यक्रम में मंत्री जनजातीय कार्य विभाग सुश्री मीना सिंह एवं स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि नव नियुक्त शिक्षक राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने जा रहे हैं। विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रभावी योगदान है। इसमें पारम्परिक ज्ञान से लेकर भविष्य की टेक्नालॉजी को समान रूप से महत्व दिया गया है। प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में भी नया पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। मातृ भाषा में पढ़ाई को लेकर विशेष ➢➢शेष पृष्ठ 2 पर

### शिक्षक बनना कोई साधारण नौकरी नहीं है - शिक्षक इंसान गढ़ते हैं -मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने नव नियुक्त शिक्षकों से कहा कि शिक्षकों का काम विद्यार्थियों को बेहतर ज्ञान और बेहतर मनुष्य बनने के संस्कार देना है। शिक्षक बनना कोई साधारण नौकरी नहीं है, शिक्षक इंसान गढ़ने का काम करते हैं। आप विद्यार्थियों की चिंता करिए आप सभी के भविष्य की चिंता करना मेरा काम है। मुख्यमंत्री ने नव नियुक्त शिक्षकों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आप सब मेरे भांजे-भांजियाँ हैं और हमारा प्रेम व स्नेह का नाता है। शिक्षक अर्थात गुरू का दायित्व ग्रहण करने से मेरे मन में आपके प्रति आदर भाव है। गुरू का अर्थ अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाना है। गुरू वह कुम्हार है जो माटी से जैसी चाहे मूर्ति बना दे। जैसा आप बच्चों को गढ़ना चाहेंगे गढ़ देंगे। आप पर ही आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को गढ़ने की जिम्मेदारी है।

## सार संक्षेप

### अगले वर्ष अंतरिक्ष में कृत्रिम मेधा रोबोट भेजेगा इसरो

**नई दिल्ली।** सरकार चंद्रयान–3 की सफलता को लेकर आत्मविश्वास से भरी है और उसका लक्ष्य अगले वर्ष के उत्तरार्द्ध में भारत अंतरिक्ष में पहली बार मानव मिशन भेजना है जिसके पहले एक कृत्रिम मेधा रोबोट को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। अंतरिक्ष एवं परमाणु ऊर्जा विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने आज यहां संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के अंतरिक्ष क्षेत्र पर लगे गोपनीयता के पर्दों को उतार कर इसे सार्वजनिक क्षेत्र के लिए खोल दिया है जिससे इस क्षेत्र में नयी तकनीक और नयी प्रतिभाएं लाने का मार्ग खुल गया है।

### राज्यसभा में नौ नए सदस्यों ने ली शपथ

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर सहित नौ सदस्यों ने सोमवार को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। सभापति जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा में सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। इन सदस्यों में भारतीय जनता पार्टी के एस. जयशंकर, नगेंद्र राय, केसरी देव सिंह दिग्विजय सिंह झाला, बाबू भाई जयसंगभाई देसाई तथा तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन, सुखेंदू शेखर राय, डोला सेन, प्रकाश चिक बारीक और सामीरुल इस्लाम शामिल है।

### स्वामी प्रसाद मौर्य पर युवक ने जूता फेंका

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी में सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सपा के महासम्मेलन में भाग लेने पहुंचे राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य पर एक युवक ने जूता फेंका। युवक को सपाइयों ने खूब पीटा। पुलिस युवक को पकड़कर ले गई।


### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।




**चूहा-सुनती हो-** फार्मास्युटिकल कंपनियों की पार्टी में जाने से डॉक्टरों को रोक दिया गया है।

**चुहिया- हां प्रिये-** यह ठीक भी है कंपनियां महंगी दवाईयों बेचकर पार्टी देती हैं इसके बदले दवाईयां ही सस्ती कर दें।



चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के सुदूर क्षेत्र की तस्वीरें ली

## चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर ने किया चंद्रयान 3 का स्वागत

# कल चंद्रमा के दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र में उतरेगा चंद्रयान-3

**चेन्नई, (एजेंसियां)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बताया कि चंद्रमा के दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र में 23 अगस्त को सॉफ्ट लैंडिंग करने जा रहे चंद्रयान–3 का सोमवार को चंद्रयान–2 के ऑर्बिटर ने औपचारिक रूप से स्वागत किया।

इसरो ने एक्स पर प्रेषित किए संदेश में कहा कि दोनों के बीच संचार स्थापित हो गया है। उन्होंने कहा, चंद्रयान –3 मिशन 'आपका स्वागत है, दोस्त। चंद्रयान–2 ऑर्बिटर ने औपचारिक रूप से चंद्रयान–3 लैंडर मॉड्यूल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि दोनों के बीच संचार स्थापित हो गया है।

मिशन ऑपरेशंस कॉम्प्लेक्स (एमओएक्स) के पास अब लैंडर मॉड्यूल तक पहुंचने के लिए अधिक मार्ग हैं। उन्होंने कहा कि भारत के दूसरे चंद्र मिशन चंद्रयान –2 को जुलाई 2019 में लॉन्च किया गया था और सितंबर 2019 में लैंडिंग साइट के बहुत करीब तकनीकी खराबी के कारण लैंडर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह मिशन 99.99 प्रतिशत सफल रहा था। इसरो ने कहा कि चंद्रयान–3 यान 23अगस्त को 1804 बजे चंद्रमा पर उतरेगा। अंतरिक्ष एजेंसी ने रविवार सुबह लैंडिंग मॉड्यूल का दूसरी और अंतिम बार गति कम करने के लिए डीबूस्टिंग (धीमा करने की प्रक्रिया) ऑपरेशन किया। उन्होंने बताया कि स्तह उतरने पर रोवर को चंद्रमा पर यथास्थन प्रयोग करने के लिए लैंडिंग मॉड्यूल से बाहर निकाला जाएगा।

उन्होंने बताया है कि दूसरा डीबूस्टिंग अभियान रविवार सुबह 0200 बजे किया गया और लैंडिंग मॉड्यूल निर्दिष्ट लैंडिंग स्थल पर सूर्योदय का इंतजार करेगा और 23 अगस्त को संचालित लैंडिंग शुरू होगी। उन्होंने कहा कि इसके बाद चंद्रयान –3 अंतरिक्ष यान अब चंद्रमा से करीब 25 किलोमीटर दूर है। इसरो ने कहा, मॉड्यूल को आंतरिक जांच से गुजरना होगा और निर्दिष्ट लैंडिंग स्थल पर सूर्योदय का इंतजार करना होगा। ➢➢शेष पृष्ठ 2 पर

# दुष्कर्म पीड़िता को गर्भपात की मिली अनुमति

- सुप्रीम कोर्ट ने 28 सप्ताह के भ्रूण को गिराने की दी इजाजत
- स्वतः संज्ञान लेकर की 'विशेष सुनवाई'
- पहले हाई कोर्ट पहुंचीं थी पीड़िता

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** सुप्रीम कोर्ट ने एक दुष्कर्म पीड़िता को करीब 28 सप्ताह के अपने भ्रूण का गर्भपात कराने की सोमवार को अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने आदेश पारित करते कहा कि विवाह के बाद गर्भधारण खुशी का अवसर होता है, लेकिन यौन उत्पीड़न के बाद यह महिला के मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। पीठ ने 25 साल की एक महिला की याचिका से संबंधित मेडिकल रिपोर्ट को रिकॉर्ड पर लेने के बाद याचिकाकर्ता से गर्भावस्था समाप्त करने की प्रक्रिया से गुजरने के लिए उसे मंगलवार को अस्पताल आने को कहा। शीर्ष अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि यदि भ्रूण जीवित पाया जाता है तो अस्पताल को उसके जीवित रहने को सुनिश्चित करने के लिए सभी सुविधाएं देनी होंगी। इसके बाद सरकार कानून ➢➢शेष पृष्ठ 2 पर

> विवाह के बाद गर्भधारण खुशी का अवसर होता है, लेकिन यौन उत्पीड़न के बाद यह महिला के मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

### नेशनल मेडिकल कमीशन चिकित्सकों पर हुआ सख्त

# फार्मास्युटिकल कंपनियों की पार्टी में जाने पर लगी रोक

विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** नेशनल मेडिकल कमीशन(एनएमसी) ने देश भर के चिकित्सकों के नए नियम जारी कर दिए हैं। जिसके चलते चिकित्सक अब फार्मास्युटिकल के कंपनियों कॉकटेल,डिनर व पंच सितारा होटलों में होने वाले सेमिनार में नहीं जा सकेंगे। इसका उल्लंघन करने पर उनका लाइसेंस तीन महीने तक के लिए निलंबित किया जा सकता है। एनएमसी द्वारा जारी नए नियमों के तहत अब सिर्फ चिकित्सक ही नहीं उनके परिवार के सदस्य भी फार्मास्युटिकल कंपनियों से परामर्श शुल्क या मानदेय नहीं ले सकते हैं। यहां तक की किसी भी तरह का गिफ्ट या उपहार भी लेने पर पाबंदी लगा दी गई है। इसके अलावा चिकित्सकों को सिर्फ जेनरिक दवाएं लिखने को कहा गया है। सा ही पर्चा पर ऐसी हैंडराइटिंग में दवाओं का नाम लिखना होगा,जिसको आम आदमी से पढ़ सके। नए आदेश के साथ ही इनका विरोध भी शुरू हो गया है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन(आइएमए) ने कहा है कि जेनेरिक दवाओं से मरीजों की देखभाल पर असर पड़ेगा। ऐसे में वे इस नए फैसले से सहमत नहीं हैं। आइएमए ने कहाकि अगर सरकार चाहती है कि चिकित्सक जेनेरिक दवाएं लिखें तो उनको चाहिए कि दवा कंपनियों को पहले निर्देश दें कि बिना ब्रांड के नाम के साथ दवा बनाएं। जब ब्रांड का नाम नहीं रहेगा तो कोई दिक्कत नहीं होगी।

### जेनरिक दवाओं का चिकित्सक कर रहे विरोध

**पहले भी जारी किया जा चुका है नियम-** फिलहाल इस तरह का नियम पहली बार जारी नहीं किया गया है। 2010 मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया ने भी चिकित्सकों के गिफ्ट लेने पर रोक लगा दी थी। जिसमें बाद में राहत देते हुए एक हजार तक के गिफ्ट को स्वीकार करने की अनुमति दे दी थी।

# मुख्यमंत्री आज करेंगे 'मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ' योजना का शुभारंभ




**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज 'मुख्यमंत्री सीखो–कमाओ' योजना का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री भोपाल के शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भेल, भोपाल में शाम 4 बजे योजना में चयनित युवाओं को अनुबंध का वितरण करेंगे।

प्रदेश में युवाओं को कौशल विकास के साथ ही लर्न एंड अर्न की तर्ज पर ऑन जॉब ट्रेनिंग की सुविधा के लिये शुरू की गई मुख्यमंत्री सीखो–कमाओ योजना में 18 से 29 वर्ष आयु के मध्यप्रदेश के मूल निवासी युवाओं को, जिन्होंने 12वीं/आईटीआई या उससे उच्च शैक्षणिक योग्यता प्राप्त की हो, को उद्योग उन्मुख प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को 8 से 10 हजार रूपये का स्टायपेंड भी दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री सीखो–कमाओ योजना के प्रथम चरण में एक लाख युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल में प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है। योजना में 8 लाख 69 हजार 673 युवाओं ने अपना पंजीयन कराया है। अब तक कुल 16 हजार 450 प्रतिष्ठानों ने पंजीकृत युवाओं के लिये लगभग 68 हजार 984 पद प्रकाशित किये हैं। योजना में पहले प्रतिष्ठानों का पोर्टल पर पंजीयन किया गया। इसके बाद वेकेंसी प्रकाशित की गई। युवाओं द्वारा भी पोर्टल पर कोर्स का चयन कर वेकेंसी की विरूद्ध आवेदन किया जा रहा है।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com



### रिपोर्ट — केंद्रीय सतर्कता आयोग की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

# भ्रष्टाचार की शिकायतों में गृह मंत्रालय पहले नंबर पर

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** पिछले साल भ्रष्टाचार की सबसे ज्यादा शिकायतें केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधिकारियों के खिलाफ आई हैं। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की हाल ही में जारी सालाना रिपोर्ट के अनुसार, इसके बाद रेलवे और बैंक अधिकारियों के खिलाफ शिकायतें मिली हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल केंद्र सरकार के सभी विभागों और संगठनों में सभी श्रेणियों के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए ऐसी कुल 1,15,203 शिकायतें मिलीं। इनमें से 85,437 शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है जबकि बाकी बची 29,766 शिकायतें लंबित हैं।

इनमें से 22,034 शिकायतें तीन महीने से ज्यादा समय तक लंबित रहीं। एक अधिकारी ने कहा कि सीवीसी ने शिकायतों की जांच करने के लिए मुख्य सतर्कता अधिकारियों के लिए तीन महीने की समय–सीमा निर्धारित की है, जो संस्था की दूरस्थ शाखा के रूप में कार्य करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, जहां गृह मंत्रालय को उसके अधिकारियों के खिलाफ 46,643 शिकायतें मिलीं, वहीं रेलवे को 10,580 शिकायतें और बैंकों को 8,129 शिकायतें मिलीं।

### रेलवे और बैंक दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे

### सभी विभागों में 1,15,203 शिकायतें मिलीं

### 23,919 शिकायतों को हुआ निपटारा

रिपोर्ट में कहा गया कि गृह मंत्रालय के कर्मियों के खिलाफ कुल शिकायतों में से 23,919 का निपटान कर दिया गया और 22,724 शिकायतें लंबित रहीं, जिनमें से 19,198 शिकायतें तीन महीने से ज्यादा समय तक लंबित रहीं। रिपोर्ट के अनुसार, रेलवे ने 9,663 शिकायतों का निपटारा कर दिया है, जबकि 917 शिकायतें लंबित हैं, जिनमें 9 शिकायतें तीन महीने से अधिक समय से लंबित थीं। बैंकों ने भ्रष्टाचार की 7,762 शिकायतों का निपटारा किया, 367 लंबित थीं, जिनमें 78 शिकायतें तीन महीने से अधिक समय से लंबित थीं।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) दिल्ली के कर्मियों के खिलाफ 7,370 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 6,804 शिकायतों का निपटान हो गया और 566 शिकायतें लंबित रहीं जिनमें से 18 शिकायतें तीन महीने से ज्यादा समय तक लंबित रहीं।

रिपोर्ट के अनुसार, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय (केंद्रीय लोक निर्माण विभाग समेत), दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी), दिल्ली शहरी कला आयोग, हिंदुस्तान प्रीफैब लिमिटेड, आवास एवं शहरी विकास निगम लिमिटेड, एनबीसीसी और एनसीआर योजना बोर्ड के कर्मियों के खिलाफ 4,710 शिकायतें दर्ज की गईं।

# देश-प्रदेश

उ वा च

**सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने में सूचना प्रौद्योगिकी बहुत सहायक : गहलोत**

**उदयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि वर्तमान समय में सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने में सूचना प्रौद्योगिकी बहुत सहायक है। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि आईटी की परिकल्पना हमारे नेताओं द्वारा की गई थी जिन्होंने शासन में प्रौद्योगिकी को व्यापक रूप से अपनाए जाने के लिए मिशन मोड पर काम किया था। गहलोत ने आगे कहा कि विधान सभा अध्यक्ष डॉ.सी.पी. जोशी ने पिछले पांच वर्षों में सीपीए को मजबूत किया है और उनके प्रयासों से विधानमंडल की कार्यकुशलता में वृद्धि हुई है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि सम्मेलन में डिजिटल सशक्तिकरण और सुशासन की दिशा में जन प्रतिनिधियों के कौशल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी।



मुख्यमंत्री और केन्द्रीय उड्डयन मंत्री ने नए एयरपोर्ट का किया शिलान्यास

## दतिया में 19 सीटर विमान उतरेंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दतिया में 29 करोड़ 30 लाख की लागत से नवीन एयरपोर्ट का शिलान्यास कर दतिया के बसई में महाविद्यालय खोलने, नगर पंचायत बनाने के साथ-साथ ग्राम खिरिया फैजुल्ला का नाम खिरिया सरकार करने के लिए केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजने की घोषणा की। अध्यक्षता केन्द्रीय नागरिक विमानन एवं उड्यन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने की। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

कार्यक्रम में जल संसाधन एवं मछुआ कल्याण मंत्री तुलसी सिलावट, लोक निर्माण राज्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी सुरेश धाकड़, बाँस बोर्ड के अध्यक्ष घनश्याम पिरौनिया, विधायक भाण्ड़ेर श्रीमती रक्षा संतराम सिरौनिया और सुरेन्द्र बुद्यौलिया आदि मंचासीन थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में सबसे अधिक विकास दतिया में हुआ। इसके पीछे गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र की अथक मेहनत एवं परिश्राम के साथ माँ पीताम्बरा की कृपा रही है। बहनों के खाते में प्रति माह 1 हजार रूपये की राशि पहुँच रही है, जो धीरे-धीरे बढ़ा कर प्रतिमाह 3 हजार की जायेगी। यह राशि नही है बल्कि बहिनों के मान सम्मान देने के साथ उनका हक दिया है। बहनें अब पैसे के लिए किसी के सामने हाथ नही फैलाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत माँ पीताम्बरा की धरा दतिया से ही की गई थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के मेडिकल कॉलेज एवं इंजीनयरिंग कॉलेज में पढ़ने वाले बेटा-बेटियों की फीस अब सरकार भरेगी। इसी 22 अगस्त से युवाओं को रोजगार देने के साथ स्टाईपेंड देने हेतु मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना शुरू की जा रही है, जिसमें आईटीआई एवं 12वीं कक्षा उत्तीर्ण युवाओं को 8 से 10 हजार रूपये का स्टाईपेंड दिया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि आज का दिन दतिया जिले के लिए ऐतिहासिक है। दतिया में नवीन एयरपोर्ट के बन जाने पर 19 सीटर विमान उतरने की सुविधा प्राप्त होगी। एयरपोर्ट से खजुराहो एवं भोपाल के लिए हवाई सेवाएँ भी शुरू की जायेगी। ग्वालियर का नवीन एयरपोर्ट भी 15 माह में तैयार होगा।

श्री सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से नगरीय क्षेत्रों के साथ-साथ धार्मिक क्षेत्रों में भी विमानों की सेवाएँ देना शुरू कर दिया है। श्रीनगर-जम्मू में भी नये एयरपोर्ट की सुविधा मिलेगी। दतिया में माँ पीताम्बरा पीठ प्राचीनकाल से ही शक्तिपीठ का केन्द्र रहा है। उनकी दादी राजमाता विजयाराजे सिंधिया ट्रस्ट की अध्यक्ष रहने के साथ यहाँ आकर रात-दिन पूजा करती थी। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दतिया के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। हम मुख्यमंत्री के आभारी है। मुख्यमंत्री की प्रेरणा से दतिया में गौरव दिवस एवं माँ पीताम्बरा का प्रकटोत्सव मनाने की नई परंपरा भी शुरू की गई। सांसद श्रीमती संध्या राय ने स्वागत भाषण दिया। एयरपोर्ट ऑफ इंडिया के चेयरमेन संजीव कुमार, पूर्व विधायक प्रदीप अग्रवाल, डॉ. आशाराम अहिरवार और मदन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा धीरू दांगी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कांति बृजेश यादव, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शांति प्रशांत ढेंगुला सहित अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सिख समाज के प्रतिनिधियों ने की कमलनाथ से मुलाकात, मांगे चुनाव में टिकट



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश के प्रमुख सिख समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ से भेंट कर विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को समर्थन देने की बात कही है। इसके साथ ही उन्होंने सिख समाज से कांग्रेस के निष्ठावान लोगों के लिए टिकट की मांग भी रखी। सिख समाज का यह प्रतिनिधि मंडल मनजीत सिंह सैनी, सच सलूजा के नेतृत्व में कमलनाथ से मिला था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ही इस देश को सिख राष्ट्रपति, सिख प्रधानमंत्री, सिख सेना अध्यक्ष, सिख केंद्रीय मंत्री के साथ कई देश के कई सर्वोच पदों पर नवाजा, मान-सम्मान दिया।

प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि आज जरूरत है कि सिख समाज से कांग्रेस की राजनीति करने वाले समर्पित, योग्य लोगों को विधानसभा में टिकट दी जाए। पूरा समाज प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए मेहनत करेगा। प्रतिनिधि मंडल में भोपाल ऑब्ज़र्वर सुभाष चोपड़ा, नवनीत अरोड़ा, तेजकुलपाल सिंह पल्ली, परमवीर सिंह वज़ीर, डॉ. गुलाटी, प्रताप गुर, शैली कीर, लाल्ली सलुजा, हरजीत सिंह मंगू, भोपाल गुरुद्वारा साहेब के अध्यक्षगण सहित बड़ी संख्या सिख समाजजन उपस्थित थे। कमलनाथ ने उनकी मागों को लेकर आश्वस्त किया।

## सेवादल का प्रतिनिधि सम्मेलन 24 को कमलनाथ, दिग्विजय होंगे शामिल

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस सेवादल के प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी और ब्लाक अध्यक्ष तथा विधानसभा प्रभारी (नायक) का सम्मेलन सह कार्यशाला 24 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के मुख्य आतिथ्य में यह कार्यक्रम होगा, वहीं प्रमुख अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह मौजूद रहेंगे। सम्मेलन की अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई करेंगे।

सेवादल के प्रदेशाध्यक्ष योगेश यादव ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेवादल के 6 माह पूर्व हुई सेवादल की बैठक में यह संकल्प लिया गया था कि सेवादल को गति प्रदान करने के लिए ब्लाक स्तर तक गठन किया जाएगा, यह कार्य पूरा कर लिया गया है। कांग्रेस सेवादल के संभागीय और जिला प्रभारियों ने ब्लाक स्तर तक नियमित दौरा करके कार्य को संपन्न किया है।

उन्होंने बताया कि सेवादल द्वारा ग्वालियर-चम्बल क्षेत्र में सिंधिया के साथ कांग्रेस छोड़कर गए लोगों को वापस लाने के लिए "आ अब घर लौट चले" अभियान चलाया गया था, जिसे खासी सफलता मिली। श्री यादव ने बताया कि कांग्रेस सेवादल जमीनी स्तर पर पहुंचने का कार्य कर रही है। श्री यादव ने बताया कि विगत 6 माह में सेवादल की ओर से तीन-तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर एवं एक-एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। सितम्बर माह में प्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस सेवादल की ओर से एक दिवसीय विशेष चुनावी कार्यशाला का आयोजन भी किया जाना प्रस्तावित है।

पारदर्शी कर प्रशासन, व्यावसायियों को मिली सुविधाओं से मिला परिणाम

## जीएसटी राजस्व में 26 और पंजीयन राजस्व में 15 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में पारदर्शी कर प्रशासन और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा करदाताओं और व्यावसायियों को दी गई सुविधाओं के चलते जीएसटी, आबकारी, पंजीयन और वाणिज्यिक कर राजस्व में बढ़ोतरी हुई है। मध्यप्रदेश जीएसटी रिटर्न फाईलिंग में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। पिछले साल जुलाई माह तक जीएसटी राजस्व प्राप्ति 8,311 करोड़ रूपये थी जो इस साल रूपये 10,945 करोड़ हो गई है जो 26 प्रतिशत ज्यादा है, जबकि लक्ष्य जुलाई तक 10,339 करोड़ के राजस्व का है। इसी प्रकार पिछले साल आबकारी राजस्व प्राप्ति जुलाई तक रूपये 4,643 करोड़ थी जो इस साल बढ़कर रूपये 4,655 करोड़ हो गई है।

पंजीयन राजस्व में पिछले साल के मुकाबले 15.75प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पिछले साल यह रूपये 2732 करोड़ था जो कि इसी अवधि में रूपये 3162 करोड़ हो गया है। लक्ष्य रूपये 3085 करोड़ प्राप्ति का है। वाणिज्यिक कर राजस्व पिछले साल जुलाई तक रूपये 21,571 करोड़ था जो इस साल रूपये 23,789 करोड़ हो गया है यानी 10.28 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के माह जुलाई तक कुल 551 प्रकरणों में प्रवर्तन की कार्यवाही की जाकर 133 करोड़ रूपये जमा कराये गये हैं। ऑडिट हेतु आवंटित 863 प्रकरणों की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। अभी तक 10.20 करोड़ रूपये जमा कराये गये। इस प्रकार वर्ष 2023-24 में प्रवर्तन की कार्यवाही से 37.20 करोड़ रू जमा कराये गये। पिछले साल बकाया राशि 4895.16 करोड़ थी।

इसमें से कुल संस्थापन 1871.46 करोड़ रूपये हुआ। इसी अवधि में रू 1011.12 करोड़ की राशि वसूल की गई, जिसमें से नकद वसूली रू 261.53 करोड़ एवं अन्य वसूली रू 749.59 करोड़ की हुई। इस साल मार्च तक शेष बकाया राशि रू 5755.49 है जिसकी वसूली की कार्रवाई चल रही है। साफ एवं पारदर्शी कर प्रशासन के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रवर्तन, ऑडिट, पंजीयन, सत्यापन संबंधी नोटिस जीएसटी पोर्टल से आनलाइन जारी किये जा रहे हैं। करदाताओं की समस्याओं का भी अविलम्ब निराकरण किया जा रहा है। जीएसटी संबंधी विभिन्न प्रावधान विशेषकर नवीन पंजीयन, स्क्रूटनी, ऑडिट, वाहनों की जांच के लिए गुणवत्ता नियंत्रण के उद्देश्य से स्टेण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर तैयार किए गए हैं। प्रदेश के करदाताओं को जीएसटी संबंधी प्रावधानों की जानकारी एवं समस्या का समाधान व्हाट्सअप आधारित चैट बोट, वेलकम किट एवं हेल्पडेस्क आधारित सुविधा के माध्यम से किया जा रहा है। जीएसटी काउंसिल के निर्णय तथा नवीन अधिसूचनाओं की जानकारी उन्हें दी जाती है। साथ ही समय-समय पर औदयोगिक संगठनों के प्रतिनिधियों, कर सलाहकार संघों एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के साथ चर्चा की जाती है।

### बिज़नेस में पंजीयन का अनुमोदन आसान

इज ऑफ डूईंग बिज़नेस के तहत मध्यप्रदेश वृत्तिकर अधिनियम, 995 तथा मध्यप्रदेश वेट अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत पंजीयन प्रमाण-पत्र प्राप्त करने, प्रस्तुत आवेदन का निराकरण एक कार्य दिवस में नहीं होने पर एक कार्य दिवस की समाप्ति के पश्चात ऑटो अप्रूवल के आधार पर पंजीयन प्रमाण-पत्र जारी करने का प्रावधान किया गया है। वेट अधिनियम में 10 करोड़ रुपये से अधिक टर्नओवर वाले व्यावसायियों को फॉर्म 4-ए में ऑडिट रिपोर्ट जमा करने का प्रावधान समाप्त कर आयकर अधिनियम के तहत प्रस्तुत की जाने वाली ऑडिट रिपोर्ट को ही मान्यता दी गई है। इससे उन्हें राहत मिली है। मध्यप्रदेश वेट अधिनियम, 2002, मोटर स्पिरिट सेस एक्ट, 2018 एवं हाई स्पीड डीज़ल सेस एक्ट, 2018 के अंतर्गत आपराधिक अभियोग का प्रावधान विलोपित कर दिया गया है। मध्यप्रदेश वेट अधिनियम, 2002 के अंतर्गत पेट्रोल एवं डीज़ल व्यावसायियों को त्रैमासिक विवरणी के स्थान पर सालाना विवरणी जमा करने का प्रावधान लागू किया गया है।

### ईडब्यूएस के लिए स्टाम्प शुल्क से छूट

भू-संपदा नियामक प्राधिकरण में पंजीकृत परियोजनाओं में निजी विकासकर्ताओं द्वारा ईडब्यूएस के पक्ष में निष्पादित विक्रय पत्रों पर स्टाम्प शुल्क से छूट दी गई है। साथ ही भू-सम्पदा आधारित आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इसी तिथि से प्रभावी अन्य अधिसूचना द्वारा कॉलोनी के विकास के एवज में भूखण्ड बंधक रखे जाने पर देय स्टाम्प शुल्क 0.5 प्रतिशत से घटा कर 0.125 प्रतिशत किया गया है। व्यापार को सरल बनाने के दृष्टिगत विकास अनुबंध में अनुसरण में विकासकर्ता के शेयर के संबंध में विकासकर्ता को विक्रय का अधिकार देने वाले मुख्तारनामे पर देय स्टाम्प शुल्क 5 प्रतिशत से घटाकर 1000 रूपये किया गया है। पिछले 15 वर्षों के भौतिक रूप से पंजीबद्ध दस्तावेज़ के डिजिटाइजेशन का काम जारी है। इससे आम-जन को पुराने दस्तावेज की प्रमाणित प्रतियां आसानी से मिल जायेंगी। विभागीय एप्लीकेशन सम्पदा में दस्तावेज के पंजीकरण को और ज्यादा पारदर्शी बनाया जा रहा है। आम-जन को नई तकनीक के माध्यम से फेसलेस ई-स्टाम्पिंग और ई-रजिस्ट्रेशन की सुविधा मिलेगी।

मतदाता सूची से मिले आंकड़े

## एक हजार में से मात्र 18 को नसीब हो रही 80 की उम्र

• **कैलाश सनोलिया**

**नागदा, देशबन्धु।** उज्जैन जिले की मतदाता सूची से एक दिलचस्प आंकड़ा निकलकर सामने आया है, जिसके मुताबिक एक हजार मतदाताओं में से मात्र 18 बुजुर्ग 80 पार उम्र तक पहुंच रहे हैं। हालांकि यह तथ्य उज्जैन जिले तक सीमित है, लेकिन एक यह बानगी और भविष्य के संकेत हैं ।

आगामी विधानसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग ने मतदान प्रतिशत में इजाफा करने के लिए 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदातों के लिए उनकी इच्छा अनुसार घर बैठे मतदान कराने की सुविधा का निर्णय लिया है। हालांकि इस प्रकार की सुविधा के लिए एक निर्धारित प्रारूप में आवेदन करने की भरने की प्रक्रिया से गुजरकर बुजुर्गों को सहमति देना होगी। यह सुविधा दिव्यांग मतदाताओं के लिए भी उपलब्ध रहेगी। आकड़ों पर गौर करें तो पाएंगे कि जिले में 2 अगस्त 2023 की स्थिति में 15 लाख एक हजार 85 मतदाता पंजीबद्ध है। जिसमें पुरूष 7 लाख 62 हजार 89 हैं। वहीं महिला वोटरों की संख्या 7 लाख 38 हजार 927 है, जबकि 69 जेंडर मतदाता है। इसी प्रकार से जिले में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 9964 है। उज्जैन जिले की मतदाता सूची में कुल 7 विधानसभा क्षेत्र, उज्जैन दक्षिण, उज्जैन उत्तर, नागदा-खाचरौद, महिदपुर, तराना, बड़नगर एवं घटिया शामिल है। अधिकृत रूप से जारी इन आंकड़ों में उज्जैन जिले में 80 उम्र पार के मतदाता की संख्या 27 हजार 524 आंकी गई है। यहां वर्तमान वोटरों की कुल संख्या 15, 01, 085 से 80 पार बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या को प्रतिशत में आंका जाए तो यह आंकड़ा 1. 81( एक दशमलव आठ एक) फीसदी है। इसका दायरा एक हजार में लिया जाए तो एक हजार मतदाताओं में महज 18 बुजुर्ग 80 वर्ष की उम्र पार करने का सौभाग्य प्राप्त कर पा रहे हैं।

उदयपुर सम्मेलन में मप्र विधानसभा अध्यक्ष ने कहा-

## जनता का विश्वास बनाए रखने समन्वित प्रयासों की जरूरत

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने सदन और उनके जनप्रतिनिधियों को मौजूदा समय में जनता का विश्वास अर्जित करने की जरूरत बताई और कहा कि जनता का विश्वास सदन और जनप्रतिनिधि पर बना रहे इसके लिए सारगर्भित प्रयासों की आवश्यकता है। सदनों के प्रति जनता का विश्वास कम न हो इसके लिए सरकार, विपक्ष और विधानसभा को मिलकर समन्वित सहयोग के साथ आगे बढ़ना चाहिए। वे आज उदयपुर में कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन (सीपीए) इंग्लैंड की भारत क्षेत्र इकाई द्वारा आयोजित 2 दिवसीय सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। वह लोकतांत्रिक संस्थाओं के माध्यम से राष्ट्र को सुदृढ़ करने में जनप्रतिनिधियों की भूमिका विषय पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों पर सदनों के चरित्र निर्माण की जिम्मेदारी है।



विधानसभाओं के संचालन और उसकी घटती कार्यावधि को लेकर भी श्री गौतम ने चिंता जाहिर की, उन्होंने कहा कि इससे जनप्रतिनिधि न तो स्वयं राष्ट्र निर्माण में सहयोग दे सकते हैं और न ही जनता की उम्मीदों पर खरे उतर सकते हैं। संसदीय व्यवस्था के मद्देनजर बेहतर प्रयासों के लिए सभी संसदीय संस्थाओं के समन्वित पोर्टल निर्माण की आवश्यकता भी उन्होंने बताई।

श्री गौतम ने कहा कि इससे सारे लोकतांत्रिक सदन एक दूसरे से जुड़ जाएंगे और इससे उनको शंकाओं का समाधान करने में भी मदद मिलेगी। संगोष्ठी में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सीपीए के हेडक्वार्टर के इआल लिडेल, राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी और राजस्थान सीपीए के संजय लोढ़ा सहित मप्र विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे आज सागर में जनसभा को करेंगे संबोधित

**भोपाल, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मंगलवार को प्रदेश प्रवास पर आ रहे हैं, वे सागर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष और संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि अभा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मंगलवार 22 अगस्त को पूर्वान्ह पौने 11 बजे वायुयान से भोपाल आएंगे। श्री खड़गे और कमलनाथ पूर्वान्ह 11 बजे भोपाल से हेलीकाप्टर द्वारा सागर के लिए रवाना होकर पूर्वान्ह 11.45 बजे सागर पहुंचेंगे। वह इसके बाद सड़क मार्ग से दोपहर 12 बजे सागर के कजलीवन मैदान पहुंचेंगे, जहां एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री खड़गे और कमलनाथ दोपहर 1.30 बजे सागर से हेलीकाप्टर द्वारा रवाना होंगे और दोपहर सवा 2 बजे भोपाल लौट आएंगे।



## हैदराबाद में प्रदर्शन कर रहे भाजपा विधायक गिरफ्तार

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के लकड़ीकापुल में स्कूल शिक्षा आयुक्त कार्यालय के विद्या स्वयंसेवकों के साथ धरना प्रदर्शन कर रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक रघुनंदन राव को सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। यह प्रदर्शन विद्या स्वयंसेवकों के पदों के नवीनीकरण की मांग को लेकर किया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं आर्मी 2705947X, RANK NK, NAME- NAKHAT SINGH, UNIT- 19 GRENADIERS निवासी VILLAGE- HARSANI, POST - HARSANI, TEH- SHIV, DISTT - BARMER, STATE- (RAJ) PIN- 344011 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम PRIYANKA KANWAR दर्ज है जो कि गलत है मेरी पत्नी का सही एवं वास्तविक नाम PRIYANKA RATHORE हैं जो कि मेरी पत्नी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी पत्नी के इस नाम PRIYANKA RATHORE को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावें।

गलत नाम - PRIYANKA KANWAR
सही नाम -PRIYANKA RATHORE

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Porima Chutia पत्नि Gobin Chutia उम्र 43 वर्ष निवासी-ग्राम Lahing Penbari पोस्ट ऑफिस Lahing, पुलिस स्टेशन Teok जिला Jorhat ,राज्य- Assam पिन 785635, मेरे पति का Army No.15668069M, Rank-Hav , Name-Gobin Chutia है तथा जो वर्तमान मे Jabalpur (M.P.) पदस्थ है । मेरे पति के आर्मी रिकार्ड मे नाम Porima Chetia दर्ज है जो गलत है मेरे समस्त दस्तावेजो Porima Chutia दर्ज है जो सही है। दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है पति के आर्मी रिकार्ड मे मेरा नाम Porima Chutia के स्थान पर मेरा नाम Porima Chutia दर्ज किया जाकर लिखा पढा जाए जो सही है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं ARMY NO 2694403A, RANK - HAV, NAME- DHARMENDRA SINGH BHADORIA, UNIT- 23 GRENADIERS निवासी VILLAGE- MANHAD, POST- MANHAD, TEH- MEHGAON DISTT- BHIND, STATE- (MP) PIN- 477660 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम MANDUYEE BHADORIA दर्ज है जो कि गलत है मेरी पत्नी का सही एवं वास्तविक नाम MANDAVI BHADOURIYA हैं जो कि मेरी पत्नी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी पत्नी के इस नाम MANDAVI BHADOURIYA को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावें।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं श्रीमती पद्मा देवी माहेश्वरी पत्नी श्री राजेश माहेश्वरी यह सूचित करना चाहती हूँ कि मेरा पासपोर्ट में पद्मा माहेश्वरी नाम है जो कि गलत है। मेरा नाम पद्मा देवी माहेश्वरी है। मैं 106 नयागाँव को ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी शहीद गुलाब वार्ड रामपुर, जबलपुर भटौली, जबलपुर 482008 मैं रहती हूँ। मुझे पद्मा देवी माहेश्वरी के नाम से जाना जाये।

सही नाम-पद्मा देवी माहेश्वरी
गलत नाम-पद्मा माहेश्वरी

**निविदा/नियुक्ति/जाहिरात**

**In The Court of XVI Additional District And Session Judge, District Court, Jabalpur**
presiding Officer:
अरुण प्रताप सिंह
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(MJC GW /0000032/2023)
भरत लाल जावरिया......... वादी
Vs
नगर निगम जबलपुर कार्यालय......प्रतिवादी
Process Id- /2023
पेशी दिनांक:-19/09/2023

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता - जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी भरत लाल जावरिया ने आपके विरूद्ध एमजेसी गार्जिन एण्ड वार्डस एक्ट आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 3 अ 16 जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1969 वास्ते जन्म प्रमाण पत्र परिवर्तित विलोपित करने बावद के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 09 अगस्त 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी- प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ एमजेसी गार्जियन एण्ड वार्डस एक्ट आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 3 अ 16 जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1969 वास्ते जन्म प्रमाण पत्र पर परिवर्तित विलोपित करने बावद की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

( अरूण प्रताप सिंह )
जिला न्यायाधीश सोलहवें
जबलपुर ( म.प्र. )
र.नं. 998

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार आम जनता को यह सूचित कर रहा हूँ कि मेरे पक्षकार IDFC First Bank Ltd. Ranital Jabalpur द्वारा उक्त सम्पत्ति जो कि मौजा-तेवर, प.ह. 34 बंदोबस्त नम्बर 229 खसरा नम्बर 501/1 जिसका कुल रकवा 0.390 हेक्टे है को श्री नितेश कुमार सोनी पिता श्री हीरा लाल सोनी ने पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 14/03/2022 ई-पंजीयन क्रमांक MP182552022A12570744 के माध्यम से विक्रता श्री नितिन सोनी पिता श्री हीरा सोनी से क्रय किया है तथा श्री नितिन सोनी पिता श्री हीरा सोनी ने उक्त सम्पत्ति को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 10/08/2018 ई पंजीयन क्रमांक MP 182552018A1570382 के माध्यम से पूर्व भूस्वामी श्री प्रदीप केशरवानी पिता श्री शिवप्रसाद केशरवानी से क्रय किया था एवं श्री प्रदीप केशरवानी पिता श्री शिवप्रसाद केशरवानी उक्त सम्पत्ति को पूर्व भूमिस्वामी से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 23/08/2011, पंजीयन क्रमांक 3458 के माध्यम से पूर्व भूमिस्वामी श्रीमती पूर्णिमा गुप्ता, पति श्री संदीप गुप्ता, द्वारा मु. आम. श्री संदीप गुप्ता पिता श्री संतोष गुप्ता से क्रय किया था। यह कि श्री नितेश कुमार सोनी पिता श्री हीरा लाल सोनी, मेरे पक्षकार IDFC First Bank Ltd. Jabalpur से ऋण प्राप्त करना चाहता है, जिसकी सुरक्षा हेतु श्री नितेश कुमार सोनी, पिता श्री हीरा लाल सोनी द्वारा उक्त सपत्ति/मकान बैंक में बंधक की जा रही है चूँकि उक्त सम्पत्ति पर साम्यिक बंधक करने हेतु उक्त सम्पत्ति की लिंक विक्रय पत्र दिनांक 23.08.2011 पंजीयन क्रमांक 3458 की मूल प्रति की आवश्यकता है, जो कि श्री नितेश कुमार सोनी से गुम हो गई है जिसके सम्बंध में पुलिस थाना में प्राथमिक सूचना दर्ज कराई गई है अत: उक्त सम्पत्ति या सम्पत्ति के बंधक के सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति संस्था बैंक आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा किसी प्रकार का कोई विवाद हो तो वह प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर मेरे पक्षकार IDFC First Bank Ltd. Jabalpur को अथवा मेरे कार्यालय में लिखित रूप में मय दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत करें समय उपरांत किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

जबलपुर, दिनांक-21/08/2023
साकेत प्यासी (एडवोकेट)
म.प्र. उच्च न्यायालय
कार्या-319, गली नं. 5, त्रिमूर्ति नगर, दमोहनाका, जबलपुर (म.प्र.)
मो.नं. 9806373695
र.नं. 1007

**कार्यालय संभागीय अधिकारी, नगर पालिक निगम जबलपुर**
संभाग क्रमांक-04, छोटी लाईन फाटक, गोरखपुर
पत्र क्र.-संभा. अधि/04/एम/23 जबलपुर, दिनांक- 21.08.2023
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संपत्ति कर पिन नं. 1000621532 में पंजीकृत भवन स्वामी श्री एस. नायडू पर आवेदक निशा तिवारी पिता श्री अवधेश तिवारी मकान नंबर 735/2500-7 वार्ड गुप्तेश्वर प्लाट क्षेत्रफल .. वर्गफुट निर्मित भूतल ग्राउण्डफ्लोर 570 वर्गफुट प्रथमतल.. वर्गफुट, द्वितीयतल .. वर्गफुट, तृतीयतल ....वर्गफुट, संलग्न पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत मकान नंबर पर नामान्तरण हेतु आवेदन दिया है जिस पर किसी भी व्यक्ति या संस्था को उक्त नामान्तरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्र.-04, छोटी लाईन फाटक, गोरखपुर में प्रमाण सहित प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक 04 नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/19-20.. दि. 13/06/2023
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रोशनी जंघेला पति श्री जितेन्द्र कुमार (2) श्री जितेन्द्र कुमार जंघेला पति श्री रिखीराम जंघेला ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी बीरागना अवंती बाई बार्ड के भवन क्रमांक ख.नं. 409/2 का हिस्सा फैस-2 पार्ट-1 संपत्ति के पिन क्रमांक 1002886768 से नया पिन जारी करना है। पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा 1000 व.फु. (20X50) वर्ष 2023-2024 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 1000 व.फु. प्रथम तल ... व.फु. द्वितीय तल... वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज मेसर्स चेतन्य प्रमोटर एण्ड डेवलपर्स अधिकृत-आदर्स अग्रवाल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 31
2023-2024 दिनांक 05/06/2023
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती लक्ष्मी साहू, पति- श्री रविकुमार साहू ,** ने खसरा क्रंमाक 81/4 का भाग संपत्ति कर/ पिन नं. 1000434417 जलकर पिन नं. ...., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री शंकर प्रजापति/श्री फूलचंद प्रजापति **वार्ड निर्मलचंद जैन वार्ड ,** विक्रय प्लाट रकवा 600 व.फु., **विक्रय पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

कार्यालय संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-7,अधारताल
नगर निगम जबलपुर

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 64
2023-2024 दिनांक 21/08/2023
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती भावना जाट, पति- श्री सुशील कुमार जाट,** ने भवन क्रमांक- 2870/4, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000427750 जलकर पिन नं. ...., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री दयानंद शर्मा, पिता- राम शर्मा, **वार्ड निर्मलचंद जैन वार्ड ,** निर्मित भूतल 672 व.फु. आर.सी. सी., **विक्रय पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

कार्यालय संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-7,अधारताल
नगर निगम जबलपुर

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 63
2023-2024 दिनांक 21/08/2023
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता 1. **श्री जुगल किशोर शर्मा, पिता- राममूर्ति शर्मा, 2. श्रीमती किरण शर्मा, पति- श्री जुगल किशोर शर्मा,** ने भवन क्रमाक- पी-10 एवं 11 का भाग, संपत्ति कर/ पिन नं. 1003047701 जलकर पिन नं. ...., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्रीमती शशि विश्वकर्मा, पति- वृंदावन विश्वकर्मा, **वार्ड निर्मलचंद जैन वार्ड ,** निर्मित भूतल 1000 व.फु. आर.सी. सी., **विक्रय पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

कार्यालय संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-7,अधारताल
नगर निगम जबलपुर

जबलपुर, मंगलवार 22 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## टमाटर तय कर रहे पत्रकारिता की कीमत

देश में विभिन्न वस्तुओं की बढ़ती कीमतें हमेशा चर्चा में रहती हैं। शायद ही ऐसा कोई शासनकाल रहा हो जब महंगाई पर सवाल न उठाये गये हैं, और सरकारों ने जवाब न दिये हों। इन दिनों टमाटर सुर्ख़ है। उसकी आसमान छूती कीमतें जनसामान्य को परेशान तो करने के बाद वैसे अब उतार पर हैं। हर किसी की रसोई की अनिवार्यता कहे जाने वाले टमाटर की कीमतें अभूतपूर्व ऊंचाई को छूकर उतर तो चुकी हैं लेकिन लगता है कि महंगे टमाटर वर्तमान निज़ाम के दौर में बहस के योग्य नहीं हैं- वैसे ही जैसे अन्य उपभोक्ता वस्तुओं के बढ़ते दाम भी नहीं रहे। यह दीगर बात है कि जिन मुद्दों का हो-हल्ला कर भाजपा केन्द्रीय सत्ता पर 2014 में काबिज हुई है, उनमें से एक महंगाई थी। यह आज के हुक्मरानों और विपक्ष के तत्कालीन झंडाबरदार नेताओं के लिये डायन थी जिसने जनता को बहुत हलाकान किया था।

2014 के पहले जब भारतीय जनता पार्टी विपक्ष में थी, तो महंगाई हमेशा बड़ा मुद्दा होती थी। होना भी चाहिये क्योंकि आम आदमी के बजट को बिगाड़ने से लेकर उसकी कमर तोड़ने का यह काम करती है। बहुत पुरानी बातें छोड़ भी दी जायें तो आज जो नेता भाजपा के संगठन व सरकार में बड़े ओहदे सम्हाले बैठे हैं उनमें से ज्यादातर ने इस सरकार के आने के पहले महंगाई के खिलाफ आंदोलनों में हिस्सा ज़रूर लिया होगा या जिनकी खाली सिलेंडरों के साथ अथवा महंगी सब्जियों की मालाएं पहने हुए तस्वीरें प्रकाशित हुई होंगी। वे इसके लिये पूर्व की सरकारों पर जमकर हल्ला बोलते थे और संसद के बाहर-भीतर आवाजें उठाते थे। इसमें कोई बेजा बात नहीं है और विपक्ष के नाते यह उनका कर्तव्य भी था।

निज़ाम बदला। हुक्मरान बदले; और परिस्थितियां बदलीं। जो लोग पहले महंगाई को पानी पी-पीकर कोसते थे, अब उनके गले सूखने बन्द हो गये हैं। भाजपा का शासन काल ऐसा है जो किसी भी मुद्दे पर न संवाद करता है और न जवाब देता है। फिर वह चाहे भ्रष्टाचार हो या फिर उसके द्वारा लिये गये गलत आर्थिक फैसलों के दुष्परिणाम हों, चीन द्वारा की गई घुसपैठ हो या पुलवामा कांड अथवा कोरोना के दौरान स्वास्थ्य सम्बन्धी कुप्रबंधन। किसी भी विषय पर सरकार ने कभी अपने कर्तव्यों को पूरा नहीं किया और न ही जवाबदेही की भावना का प्रदर्शन किया। कोई भी फैसला कैसे लिया गया, इस प्रक्रिया से लोगों को हमेशा अनभिज्ञ रखा गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हों या उनकी सरकार का कोई भी मंत्री, शायद ही किसी विषय पर जनमानस को संतुष्ट कर पाया हो। चूंकि सारी शक्तियां स्वयं मोदी के अधीन हैं, अन्य मंत्रियों, अधिकारियों, संस्थाओं, विभागों की हैसियत आज हां में हां मिलाने से अधिक कुछ भी नहीं रह गई है। जब स्थिति ऐसी हो तो किसी भी बात का कोई स्पष्टीकरण हो ही नहीं सकता। केन्द्र सरकार हो या देश के किसी भी राज्य की भाजपा प्रणीत सरकार, यह नहीं बता पा रही है कि जो पेट्रोल पहले 40-45 रुपये का होकर भी महंगा था, वही आज 100 रुपए का होकर भी सस्ता कैसे है? ऐसे ही, डीज़ल, रसोई गैस, तेल, मसाले, सब्जियां आदि महंगी होकर भी सरकार व उसके नेताओं एवं समर्थकों को सस्ती क्यों लगती हैं?

इस पूरे काल का मूल्यांकन जब भी होगा, तय है कि मीडिया अपनी चुप्पी के लिये सर्वाधिक कोसा जायेगा। लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में स्वीकृत मीडिया राजसत्ता को गैर जिम्मेदार और लोकविरोधी बनने में प्रमुख सहायक संस्थान के रूप में याद किया जायेगा। मीडिया ने महंगाई के परिप्रेक्ष्य में इस झूठ को फैलाने और उसे लोगों द्वारा आत्मसात किये जाने में प्रमुख भूमिका निभाई कि कीमतें इसलिये बढ़ाई गई हैं कि इससे देशविरोधी ताकतों से लड़ने में सरकार को मदद मिल रही है। वैसे अकेला राष्ट्रवाद इस महंगाई को बढ़ाने का जिम्मेदार नहीं है। समाज में हिंसा और नफरत का जो वातावरण बनाया गया है उसने भी सरकार को महंगाई बढ़ाने का औचित्य प्रदान किया है। एक बड़ा वर्ग मानता है कि मोदी सरकार बहुसंख्यकों के धर्म की रक्षा कर रही है इसलिये उसकी इतने छोटे कारण से आलोचना नहीं की जानी चाहिये।

मीडिया ने राष्ट्रवाद, हिंसा और परस्पर घृणा को बढ़ावा देने के सरकार व भाजपा के कृत्य को मास्टर स्ट्रोक कहकर हमेशा महिमा मंडित किया तथा खुलकर समर्थन दिया, जिससे सरकार को हौसला मिला कि वह अड़चन में डालने वाले सवालों पर या तो ध्यान न दे या पूछने वालों को ही अपमानित या प्रताड़ित करे। जिनकी सरकार विरोधी के रूप में शिनाख्त हो जाती है, उन्हें सीधे जेलों का रास्ता दिखाया जाता है- फिर चाहे वे पत्रकार हों या फिर कोई स्वयंसेवी संगठन। महंगाई भी एक ऐसा ही विषय है जो सत्ता को असहज करता है। इसलिये कभी सिलेंडर लेकर प्रदर्शन करने तथा महंगाई के मुद्दे पर तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को चूड़ी भेजने वाली केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से एक समाचार चैनल की रविवार को आयोजित शिखर वार्ता के दौरान जब पूछा गया कि- 'परिजनों के साथ टमाटर का इस्तेमाल करते हुए वे इसकी बढ़ी हुई कीमतों के बाबत क्या सोचती हैं?', तो टेढ़े सवालों की अब आदी नहीं रह गयीं मंत्री ने कहा-'यह वैसा ही है जैसे आपसे कोई पूछे कि जेल में बिताये दिनों के बारे में आप क्या सोचते हैं?' उल्लेखनीय है कि जिस पत्रकार से मंत्री ने ऐसा कहा, वे एक बड़े उद्योग समूह के अधिकारी से पैसे उगाही के आरोप में जेल में समय काट चुके हैं। सरकार के हर गलत काम के साथ खड़े होने वाले मीडिया की कीमत जब आज अदने से टमाटर ने तय कर ही दी है तो हर ऐसे पत्रकार व मीडिया संस्थान को सोचने की ज़रूरत है जो निजी स्वार्थों के चलते सरकार का साथ देते हैं।

# लाल किले पर 'हजार साल की गुलामी' का राग यानी खुला सांप्रदायिक खेल फर्रुखाबादी



राजेन्द्र शर्मा

> प्रधानमंत्री ने लाल किले से अपने भाषण में इसी का एक और संकेत देते हुए, राष्ट्र को ''बर्बाद'' कर रही बुराइयों में, पिछले साल के अपने भाषण में गिनाई परिवारवाद तथा भ्रष्टाचार की बुराइयों के साथ, इस बार ''तुष्टिकरण'' की राजनीति को भी शामिल कर लिया है। सभी जानते हैं कि संघ-भाजपा की शब्दावली में ''तुष्टिकरण'' का एक ही अर्थ है—अल्पसंख्यकों की चिंता।

लाल किले से स्वतंत्रता दिवस के अपने दसवें और वर्तमान कार्यकाल के आखिरी संबोधन में, प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह अपने लिए असाधारण ऐतिहासिक भूमिका का सबसे ऊंचा आसन गढ़ने की कोशिश की है, उसके अलग-अलग तत्वों पर तो लोगों का फिर भी ध्यान गया है, लेकिन उसकी समग्रता पर काफी कम लोगों ने ही ध्यान दिया है। इसे देखते हुए, पी चिंदबरम का इंडियन एक्सप्रैस के अपने रविवारीय स्तंभ में यह ध्यान दिलाना दोहराए जाने का हकदार है कि प्रधानमंत्री मोदी, जब भारत के हजार साल की ''गुलामी'' पार कर के अमृतकाल के आरंभ के वर्तमान मुकाम पर पहुंचने की बात कर रहे थे, जहां उनके दावे के अनुसार अगले हजार साल की नींव रखी जा रही है, तो वह सिर्फ तात्कालिक तथा यहां तक कि मध्यम कालिक चिंताओं तक से ध्यान हटाने का पैंतरा ही नहीं आजमा रहे थे। इसके साथ ही वह खुद को हजार-हजार वर्ष के दो युगों की संधि पर, भारत का नेतृत्व कर रहे, असाधारण ''युग पुरुष'' के पैडस्टल पर खड़ा करने की बहुत सचेत कोशिश भी कर रहे थे। यह दूसरी बात है कि उनके पौने दो घंटे लंबे, बिखरे-बिखरे, शोरभरे किंतु निष्प्राण, धुरीहीन भाषण ने, इस सायास गढ़ी जाने वाली अभूतपूर्व ''महत्ता'' के संदेश के प्रसार को, बहुत हद तक खुद ही बाधित कर दिया।

''एक हजार साल'' के आगे के कालखंड पर प्रधानमंत्री मोदी के जोर देने की, नाजी जर्मनी के सुप्रीमो एडोल्फ हिटलर की ऐसी ही भविष्य प्रस्तुति से समानता ने बेशक, कई टिप्पणीकारों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। ऐसे बड़े भविष्य फलक की उपयोगिता जाहिर है कि सर्वोच्च नेता का कद बढ़ाकर उसका सिर बादलों तक पहुंचा देने के लिए भी है और उसकी तात्कालिक प्रकट विफलताओं को महत्वहीन या तुच्छ बनाकर गायब कर देने के लिए भी। लेकिन, उनके अनुसार एक हजार काल के जिस कालखंड को पार कर भारत मौजूदा मुकाम पर पहुंचा है, उसकी प्रधानमंत्री मोदी की प्रस्तुति और खासतौर इस पूरे कालखंड के ''गुलामी'' का दौर होने के उनके दावे के निहितार्थों पर, शायद उतना ध्यान नहीं दिया गया है, जितना उनमें छुपे खतरनाक संदेशों को देखते हुए दिए जाने की जरूरत है।

बेशक, यह पहली बार नहीं है जब प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक हजार साल की गुलामी' की बात की है। चंद हफ्ते पहले, अमेरिका की अपनी सरकारी यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में यही राग अलाप कर, इससे भी ज्यादा चौंकाया था। बेशक, उस समय भी लोगों के चौंकने की वजह यह हर्गिज नहीं थी कि नरेंद्र मोदी पहली बार ऐसा दावा कर रहे थे। एक जुमले की तरह 'एक हजार साल की गुलामी' को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले से जब-तब इस्तेमाल करते आ रहे थे। और ऐसा होना स्वाभाविक ही था क्योंकि संघ-भाजपा के इतिहास बोध में, 'एक हजार साल की गुलामी' की धारणा हमेशा से ही, केंद्रीय धारणा की तरह बनी रही है। हां, यह दूसरी बात है कि मोदीशाही के नौ साल से ज्यादा के दौरान, आधिकारिक इतिहास लेखन व शोध से लेकर, इतिहास की पाठ्य पुस्तकों तक और जाहिर है कि खासतौर सोशल मीडिया समेत जन-संवाद में, बढ़ते जोर के साथ तथा ऊंची आवाज में इसका दावा किया जाने लगा है। फिर भी, प्रधानमंत्री के अमेरिका के संबोधन तक इस दावे का पहुंचना, इसलिए चौंकाता था कि अब तक विदेश में ज्यादा सख्त छानबीन की आशंका से, औपचारिक रूप से ऐसे बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिक संकेत देने से बचा जाता रहा था। बहरहाल, अब मोदी से उस संकोच को भी त्याग दिया है। और अब लाल किले के संबोधन के साथ तो इस धारणा को, एक तरह से मोदीराज का आधिकारिक सिद्धांत ही घोषित कर दिया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी को शायद इसकी जानकारी नहीं हो, भारत की 'एक हजार साल की गुलामी' की अवधारणा, सीधे-सीधे ब्रिटिश औपनिवेशिक राज की उतरन है, जो संघ ने शुरू से पहनी हुई है। ब्रिटिश राज के हिस्से के तौर पर, भारत पर एक इतिहास-काल बोध भी थोपा गया था। इसकी रूपरेखा जेम्स मिल ने पेश की थी और ब्रिटिश राज के पूरे दौर में थोड़े-बहुत हेर-फेर के साथ इसी नजरिए का बोलबाला बना रहा था। इस नजरिए के हिसाब से भारत का ब्रिटिश-पूर्व इतिहास, दो हिस्सों में बांटा जा सकता था। ग्यारहवीं शताब्दी से शुरू हुआ मुस्लिम काल और उससे पहले का हिंदू काल। लेकिन, बात सिर्फ इस तरह के काल विभाजन के ऐतिहासिक रूप से गलत होने की नहीं थी। इस कथित मुस्लिम काल में ही चोल, गजपति, अहोम, काकतीय, विजयनगर राज, मेवाड़ और आगे चलकर मराठा जैसे प्रभावशाली राज भी रहे थे, हालांकि पहले सल्तनत तथा बाद में मुगल शासन के अंतर्गत उत्तरी भारत का बड़ा हिस्सा आता था। इस काल विभाजन की असली बात यह थी कि यह इतिहास को सिर्फ शासक के धर्म के नजरिए से देखकर, भारत के संदर्भ में देशी-विदेशी तय करने की कोशिश करता था। और हिंदू प्रजा, मुसलमान राजा के एक स्थायी टकराव की अपनी संकल्पना के जरिए, ब्रिटिश राज को वास्तव में हिंदुओं के उद्धारक के रूप में पेश करने की कोशिश करता था। ब्रिटिश सामराजी हुकूमत में यह खेल कितने सचेत रूप से खेला जा रहा था, इसका अंदाजा इस एक तथ्य से लगाया जा सकता है कि 1842-44 के दौरान भारत के गवर्नर जनरल रहे लॉर्ड एलनबरो ने 1842 में इसका ऐलान किया था कि कथित 'सोमनाथ के दरवाजे' अफगानिस्तान से ईस्ट इंडिया कंपनी नियंत्रित इलाके में लाकर, ब्रिटिश सेनाओं ने भारतीयों के 'आठ सौ साल के अपमान' का 'बदला' ले लिया था!

हैरानी की बात नहीं है कि एक ओर आरएसएस-परिवार और दूसरी ओर उसके मुस्लिम समकक्षों ने, भारत के इतिहास की इस सामराजी प्रस्तुति को ज्यों का त्यों हजम कर लिया था। जैसाकि ब्रिटिश हुकूमत चाहती थी, उनकी लड़ाई एक-दूसरे के खिलाफ और ब्रिटिश हुकूमत के संरक्षण के लिए थी। यह दूसरी बात है कि भारतीय इतिहास की वास्तविक धारा की दिशा कुछ और ही थी, जिसका परिचय 1857 के विद्रोह से मिल गया था, जिसे प्रसिद्ध इतिहासकार प्रोफेसर इरफान हबीब, साम्राज्यवाद के खिलाफ तब तक का सबसे बड़ा विद्रोह मानते हैं। आगे चलकर इसी वास्तविक इतिहास का प्रतिनिधित्व, ब्रिटिशविरोधी राष्ट्रीय आंदोलन करता था। हैरानी की बात नहीं है कि संघ समूह और उसके मुस्लिम समकक्ष, सचेत रूप से इस राष्ट्रीय आंदोलन से न सिर्फ बाहर ही रहे थे बल्कि वास्तव में उसके खिलाफ ही रहे थे। यह दूसरी बात है कि संघ-परिवार की इस भूमिका पर पर्दा डालने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने अपने स्वतंत्रता दिवस संबोधन में इस झूठ का सहारा लेने की कोशिश की थी कि 'कोई नहीं था जिसने तब स्वतंत्रता के लिए त्याग नहीं किया होगा।' जमींदार, राजे-रजवाड़े, महंत-मठाधीश, व्यापारी, संप्रदायवादी; ब्रिटिश राज के फर्माबरदार भी अंत-अंत तक बहुत थोड़े नहीं थे!

स्वाभाविक रूप से राष्ट्रवादी आंदोलन ने, उसके इतिहास लेखन ने, ब्रिटिश उपनिवेशिवादियों द्वारा प्रचारित इतिहास को भी चुनौती दी। उसने खासतौर पर भारत में कथित मुस्लिम काल को, यूरोपीय इतिहास के मध्ययुग की तरह, अवरुद्ध विकास का काल बनाकर पेश किए जाने की कोशिशों को चुनौती दी। इस क्रम में राष्ट्रवादी इतिहासकारों ने 1857 तथा उसके बाद के इतिहास को ही ब्रिटिश-विरोधी राष्ट्रवाद की नजर से नहीं देखा, मध्यकालीन शासनों को भी एक समावेशी राष्ट्रवादी नजर से देखा। लेकिन, प्रधानमंत्री मोदी इससे ठीक उल्टे चलते हुए, संघ के बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिक नजरिए से ही संचालित होकर, इन शासनों मात्र को 'विदेशी' तथा इनके विरुद्ध जो कुछ भी रहा हो उसे 'राष्ट्रीय' बनाने की कोशिश करते हैं। दुर्भाग्य से संघ की यह सांप्रदायिक इतिहास दृष्टि, राष्ट्रवादी इतिहास लेखन की एक कमजोरी का बहुत फायदा उठाती है। ब्रिटिश श्रेष्ठतावाद के मुकाबले के लिए, राष्ट्रवादी इतिहास दृष्टि ने, मुस्लिम-पूर्व भारत के हिंदू भारत के रूप में यूरोपीय महिमामंडन को, जिसके पीछे स्पष्ट सामराजी कार्यनीति थी, कमोबेश अनालोचनात्मक तरीके से हजम कर लिया था। इस तरह, 'हिंदू भारत' के एक प्रकार के 'स्वर्ण युग' माने जाने की सामराजी विरासत सुरक्षित बनी रही, जिसने एक स्वतंत्र, समानतापूर्ण, जनतांत्रिक भविष्य गढ़ने के तकाजों के मुकाबले, बीते हुए 'स्वर्ण युग की वापसी' की पुकारों के लिए जगह मुहैया कराई। इसे हम आज कथित सनातन पर वापसी की पुकारों में देख रहे हैं। दूसरी ओर, खासतौर पर मुस्लिम को 'विदेशी' का पर्याय बनाया जा रहा है।

बहरहाल, प्रधानमंत्री ने लाल किले के अपने भाषण में 'हजार साल की गुलामी' के मुकाबले की 'परंपरा' और शक्तियों की दुहाई यह साफ कर दिया है कि वह आने वाले दिनों में और जाहिर है कि विधानसभा चुनाव के अगले चक्र के लिए और फिर आम चुनाव के लिए, बहुसंख्यक सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का ज्यादा से ज्यादा खुलकर इस्तेमाल करेंगे। वास्तव में इसका एक और संकेत तो तभी मिल गया था जब कर्नाटक के चुनाव में भारी हार के फौरन बाद, प्रधानमंत्री ने समान नागरिक संहिता की मांग उछाल दी थी, जिसके संबंध में उन्होंने यह भी स्पष्ट करने में कोई कमी नहीं रहने दी थी कि यह सिर्फ मुस्लिम पर्सनल लॉ के खिलाफ मुहिम का मामला है।

प्रधानमंत्री ने लाल किले से अपने भाषण में इसी का एक और संकेत देते हुए, राष्ट्र को ''बर्बाद'' कर रही बुराइयों में, पिछले साल के अपने भाषण में गिनाई परिवारवाद तथा भ्रष्टाचार की बुराइयों के साथ, इस बार ''तुष्टिकरण'' की राजनीति को भी शामिल कर लिया है। सभी जानते हैं कि संघ-भाजपा की शब्दावली में ''तुष्टिकरण'' का एक ही अर्थ है—अल्पसंख्यकों की चिंता। प्रधानमंत्री ने जिस तरह इसे ''बर्बाद'' करने वाला बताया है और खासतौर पर सामाजिक न्याय को बर्बाद करने वाला बताया है; उसका संकेत स्पष्ट है कि अब अल्पसंख्यकों के जिक्र को भी एक प्रकार से अपराध बनाकर हमले का निशाना बनाया जाएगा और यह हमला किया जाएगा इसके नाम पर कि इससे, दलित आदि अन्य वंचितों के हक मारे जा रहे हैं।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# म.प्र. में भाजपा उम्मीदवारों की पहली सूची ने बढ़ाई अन्तर्कलह



एल एस हरदेनिया

> भाजपा ने सोचा था कि उम्मीदवारों की घोषणा का पार्टी के लोग स्वागत करेंगे लेकिन हुआ इसके उलट। इस घोषणा का स्वागत करने के बजाय पार्टी के एक बड़े वर्ग में नाराजगी देखी गई। ऐसे समय में, जब सर्वेक्षणों में शिवराज सिंह चौहान सरकार के खिलाफ भारी सत्ता विरोधी लहर की भविष्यवाणी की गई थी।

मध्य प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस दोनों के दो कदमों ने न केवल दोनों दलों के कार्यकर्ताओं को बल्कि आम जनता को भी आश्चर्यचकित कर दिया है।

इन दो कदमों में सत्तारूढ़ भाजपा का भी एक कदम शामिल है जिसके तहत उसने तीन महीने बाद होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए इसकी आधिकारिक घोषणा के भी पहने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। इस पहली सूची में विधानसभा की वे 39 सीटें हैं जहां से पार्टी 2018 के विधान सभा चुनाव में हार गई थी अर्थात ये उम्मीदवार ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ेंगे जहां पार्टी को 2018 के आम चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। इस घोषणा के समय ने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। शायद यह पहली बार है कि मतदान के तीन महीने पहले ही उम्मीदवारों का चयन कर लिया गया है। दूसरा कदम कांग्रेस का है जिसने चुनाव की तारीखों से काफी पहले ही भाजपा सरकार के खिलाफ आरोपपत्र जारी कर दिया है।

हालांकि भाजपा ने सोचा था कि उम्मीदवारों की घोषणा का पार्टी के लोग स्वागत करेंगे लेकिन हुआ इसके उलट। इस घोषणा का स्वागत करने के बजाय पार्टी के एक बड़े वर्ग में नाराजगी देखी गई। ऐसे समय में, जब सर्वेक्षणों में शिवराज सिंह चौहान सरकार के खिलाफ भारी सत्ता विरोधी लहर की भविष्यवाणी की गई थी, भाजपा ने न केवल उन निर्वाचन क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार उतारे हैं जहां वह 2018 में हार गई थी बल्कि पार्टी उम्मीदवार लगातार एक के बाद एक चुनाव हारते रहे हैं।

सूची से असंतुष्ट भाजपा नेता और कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। यह इसके विपरीत कि चुनाव से करीब तीन महीने पहले सूची जारी कर यह संदेश देने की कोशिश की गई कि भाजपा कड़ी टक्कर देने जा रही है और राज्य में अपने पांचवें कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ रही है। वह हर सीट पर लड़ेगी। प्रदेश भाजपा नेताओं ने दावा किया था कि इस सूची से कार्यकर्ताओं को संगठित और सक्रिय किया जायेगा। विधानसभा चुनाव से काफी पहले ही वे अपने घरों से निकलकर मैदान में उतरेंगे। इसे कांग्रेस के गढ़ कही जाने वाली कुछ सीटों को जीतने के लिए पर्याप्त समय के अवसर के रूप में देखा जा रहा था। 13 आदिवासी उम्मीदवारों की घोषणा का मतलब आदिवासी मतदाताओं को भगवा पार्टी की ओर वापस लाना भी था।

राजकुमार कराठे के गुरुवार सुबह 'आप' से इस्तीफा देने के कुछ घंटों बाद, उन्हें बालाघाट के लांजी निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारा गया। इसके विरोध में सीट से पार्टी के पूर्व विधायक रमेश भटेरे के समर्थकों ने राजकुमार कराठे के खिलाफ नारे लगाते हुए लांजी की सड़कों पर भाजपा के झंडे के साथ जुलूस निकाला। 'राजकुमार को झाड़ू मारो' उनका नारा था।

'केंद्रीय नेतृत्व को पता होना चाहिए कि उन्होंने उस व्यक्ति को टिकट दिया है जो आज भी पार्टी का प्राथमिक सदस्य नहीं है। शुक्रवार तक वह आप के साथ थे और लगातार भाजपा के केंद्रीय और राज्य नेतृत्व के खिलाफ प्रचार कर रहे थे। हमारी मांग है कि 'इस फैसले को बदला जाये,' रमेश भटेरे के एक समर्थक ने कहा।

छतरपुर से पूर्व मंत्री ललिता यादव को मैदान में उतारने का भी विरोध किया जा रहा है, यह सीट उन्होंने 2008 में 7,508 वोटों के अंतर से और 2013 में 2,217 वोटों से जीती थी। जब निर्वाचन क्षेत्र में उनका अंतर कम हो गया, तो पार्टी ने उन्हें 2018 के विधानसभा चुनाव में उन्हें बड़ा मलाहरा निर्वाचन क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया, जहां वह कांग्रेस के प्रद्युम्न सिंह लोधी (अब भाजपा में) से 15,779 मतों के अंतर से हार गईं। बड़ा मलाहरा में उमा भारती के मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान उनकी सीट थी।

भाजपा ने दो बार छतरपुर नगर पालिका की अध्यक्ष रहीं अर्चना गुड्डू सिंह को छतरपुर से अपना उम्मीदवार बनाया है। अर्चना सिंह 2018 का चुनाव भी 3,496 वोटों के अंतर से हार गई थीं। अब सवाल पूछा जा रहा है कि पार्टी ललिता यादव को छतरपुर से क्यों मैदान में उतारेगी, जबकि 2013 में उनकी जीत का अंतर बहुत कम था और 2018 में बड़ा मलेहरा में हार गई थीं? छतरपुर में अर्चना सिंह की हार काफी कम वोटों से हुई थी। ललिता यादव के नाम की घोषणा होते ही अर्चना सिंह के समर्थकों ने छतरपुर के छत्रसाल चौराहे पर विरोध रैली निकाली। उन्होंने नारे लगाए- 'टिकट वापस करो'।

पार्टी के सूत्रों ने दावा किया कि छतरपुर में ललिता यादव की उम्मीदवारी का उद्देश्य जिले और आसपास के खरगापुर, निवारी, पृथ्वीपुर, देवरी, सुरखी और अन्य निर्वाचन क्षेत्रों सहित बुंदेलखंड क्षेत्र के आसपास के निर्वाचन क्षेत्रों में जातिगत समीकरण को संबोधित करना है। जातिगत समीकरण को ध्यान में रखते हुए, पार्टी ने रणनीतिक रूप से प्रीतम लोधी को उम्मीदवार बनाया है, जिन्हें पिछले साल ब्राह्मणों के खिलाफ उनके विवादास्पद बयान के कारण पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था।

दूसरी ओर जब कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया तो वह काफी स्मार्ट नजर आई। पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए आरोप पत्र जारी किया। इसे घोटाला पत्र कहते हुए, कांग्रेस ने अपने आरोप पत्र में भाजपा सरकार पर मध्य प्रदेश में अपने 18 साल के शासन के दौरान कथित तौर पर 50,000 करोड़ रुपये के अवैध खनन घोटाला समेत 254 घोटालों का आरोप लगाया।

इन आरोपों में शामिल है 86,000 करोड़ रुपये का शराब घोटाला, 11,000 करोड़ रुपये का सीवरेज निर्माण घोटाला, 94,000 करोड़ रुपये का बिजली घोटाला, और 100 करोड़ का महाकाल निर्माण घोटाला भी।

कांग्रेस ने दावा किया कि आरोप राज्य विधानसभा में सवालों के सरकार के जवाब सहित दस्तावेजी सुबूतों पर आधारित है जिन्हें सीएजी और लोकायुक्त ने प्रस्तुत किया था। अनेक तो सीबीआई के दस्तावेज से लिये गये हैं। कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर अन्य करोड़ों रुपये के घोटालों का भी आरोप लगाया जो सीधे आम जनता से जुड़े हैं – जैसे 15,000 करोड़ का पोषण आहार घोटाला,12,000 करोड़ रुपये का मिड-डे मील घोटाला, 9,500 करोड़ का आंगनवाड़ी नल-जल घोटाला, 2,000 करोड़ का व्यापम घोटाला और 800 करोड़ रुपये का भर्ती घोटाला।

## गुरवाणी विचार

### हरि बिन अवर न देखो कोई

अन्तर गुरु आराधना जिन्हा जपगुरु नावो।
नेत्री सतगुरु, पेखना, सरबनी सुनना गुरू नावों।
सतगुरु सेती रतिया-दरगाहि पाइये धावों।
कहां नानक किरपा करे जिसन ऐह नत दे
जग मेहि उदय उदव काटके, बिरले कैई के।।

गुरवाणी की इन पंक्तियों द्वारा अर्जुन देव पांचवें नानक फरमा रहे हैं कि हम इंसानों को इस मानवदेही को पाकर किन-किन बातों का ख्याल रखना चाहिए। सब से पहले हमें अमृत वेले(तड़के) उठकर प्रभु नाम का जाप सिमरन करना चाहिए। अमृत वेले सच नावौं वडिआई विचार। फिर हमें प्रभु परमात्मा ने जिव्हा इसलिए दी है कि हमें इससे प्रभु परमात्मा की वाणी का पाठ करते रहना चाहिए। पराई निंदा चुगली करने में समय बिताना चाहिए- रसना गुण गोपाल निधि गायन। सां सहस रहस मन उपजियो। सगले दुख पलयिन।। फिर प्रभु परमात्मा ने सुंदर आंखें दी हैं, उससे प्रभु दर्शन करने हेतु गुरु द्वारा मंदिर, मस्जिद आदि जाना चाहिए न कि इन नेत्रों को गंदे नाटक चेटक देखने में लगाना चाहिए।

ऐ नेत्रों मेरियो हरि तुममें जोति रखी
हरि बिन अवर न देखो कोई।।

फिर हमें दो सुंदर कान दिए हैं उससे हमें हर वक्त प्रभु जस श्रवण करते रहना चाहिए न कि इन कानों को पराई निंदा चुगली में लगाए रखना चाहिए। ऐ सखनो मेरियो सांचे सुनने न पठाये। शरीर लाए सुनो सत वाणी। शरीर लाये सुनो सत बाणी, इस तरह हर वक्त प्रभु सिमरन बंदगी में इन अंगों को लगाए रखना चाहिए। तभी प्रभु परमात्मा की खुशी मिल गई तो फिर उसकी नजरें इनायत होने पर हमारे लोक परलोक दोनों सुहेला हो सकता है इसलिए गुरवाणी में समझाइश दी गई है- हलत सुख पलत सुख सिमरनो। नित नाम हरि का लीजै।।

उसकी प्रसन्नता प्राप्त होने पर ही हम अपनी जिंदगी जिसमें कई पूर्व जन्मों की मैल लगी हुई है कि मैल धोकर उजले मुख से इस संसार समुद्र से पार हो सकते हैं। हमारा जनम-मरण का चक्कर खत्म हो सकता है और हमें प्रभु के सांचे दरबार में स्थान प्राप्त हो सकता है। जहां फिर हमें किसी किस्म की फिकर, चिंता गम नहीं रहेगा ऐसी दरगाहि का वर्णन भक्त रविदास ने कुछ इस तरह किया है-बेगमपुरा शहर को नावों। पर हमें इसके लिए हर वक्त मन से प्रभु नाम सिमरन करते रहना चाहिए। कबीरदास जी कहते हैं-

केशो केशो कविये न सोइये आसार।
बार बार के केकने कभी तो सुने पुकार।।

हर इंसान का काम है प्रभु सिमरन बंदगी में मन से जुड़ा रहे। परमात्मा इतने भी बेरहम नहीं है कि हमारी पुकार न सुने कभी न कभी तो हमारी पुकार सुनेंगे। अतएव हमारा एक सूत्रीय कार्य यही होना चाहिए प्रभु नाम सिमरन। पत्थर की जगत (कुएं की) पर बार-बार नरम रस्सी जाकर भी अपना निशान बना देती है तो फिर हमारे बार-बार प्रभु नाम सिमरन करते रहने पर कभी न कभी तो हमारी पुकार प्रभु के सांचे दरबार में अवश्य सुनी जाएगी। प्रभु परमात्मा का हृदय कभी न कभी तो पसीजेगा और बस फिर हम पर उसकी किरपा दृष्टि बनेगी। हमारा कल्याण होना ही है अतएव हमें हर वक्त इस तरह प्रार्थना करते रहना चाहिए।

तुम करो दया मेरे सांई,
ऐसी बुद्धि करो परगासा सदा सदा तुध धिआंई।।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### कानपुर में बाढ़ के हालात से जनजीवन प्रभावित, घरो में घुसा पानी

हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और देश में कई राज्य इस वर्ष बाढ़ की चपेट में है। कानपुर के हालात खराब हैं। सैंकड़ों घरों में पानी दहलीज तक पहुंच गया है। फसलें चौपट हो गई है लेकिन फिर भी प्रशासन पर लोगों का पूरा भरोसा है। मुआवजा राशि के लिए योगी आदित्यनाथ के शासन में कोई चिंता नहीं है। गंगा खतरे के निशान के ऊपर बह रही है, वही शुक्लागंज में भी बाढ़ की स्थिति है। 700 बीघा से ज्यादा फसल, अमरूद के बाग और 7 सौ से ज्यादा मकान बाढ़ की चपेट में है। किसानों की हालत खराब हो रही है। फसलें बर्बाद होने और बाढ़ के पानी की भयावहता से आम नागरिक परेशान है। कानपुर में करीब 13 वर्ष बाद गंगा ने रौद्ररूप दिखाया है। चैनपुरवा गांव पिछले पांच दिनों से बाढ़ की चपेट में है लोगों ने अपने परिवार को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया है। कानपुर के आसपास के गांवों में भी परेशानी बढ़ती जा रही है। प्रशासन को सबसे पहले लोगों को सुरक्षित स्थान पर भेजकर उनके लिए भोजन पानी की व्यवस्था करनी होगी। हताहत लोगों को भरोसा दिलाना होगा। गांव के जलस्तर के बढ़ने से लोगों में चिंता बढ़ रही है। पानी के भय से लोग छतों पर चढ़ कर रात बिताने के लिए मजबूर हैं।

इस साल हर राज्य की यह स्थिति बनी है तो कई राज्यों में बारिश का अभाव भी है। कुदरत के आगे लाचार बना हुआ आदमी आगे के लिए सोच भी नहीं सकता है। पानी में डूबने से छप्पर टूट चुका है। घरों में अंदर तक पानी पहुंच चुका है। कुदरत की मार से खड़े नहीं हो पा रहे है। कटान से जलस्तर बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। मूसलाधार बारिश से जलस्तर छोड़ने के कारण समस्या हुई है। बताया जा रहा है कि स्कूल में पानी घुसने से बच्चों को स्वास्थ्य केंद्र में पढ़ा रहे है। प्रशासन युद्ध स्तर पर कार्य कर रहा है। जिला प्रशासन ने 63 चौकियां बनाई है।

### चन्द्रयान 3 की लैंडिंग का बेसब्री से इंतजार

भारत की सफलता का नजारा दुनिया निहारेगी भारत की कामयावी सातवें आसमान पर है। दुनिया की ताल से ताल मिलाने और दुनिया से दो कदम आगे बढ़ने की जिज्ञासा वैज्ञानिकों के दिल में है। चन्द्रयान 3 की लैंडिंग की तैयारी कर रहा है, उस घड़ी का हर एक को बेसब्री से इंतजार हर भारतवासियों को है। उस क्षण की खुशी की कल्पना नहीं की जा सकती। भारत ने 2008 में हरिकोटा से भारत के ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण वाहन सतीश धवन से अंतरिक्ष केंद्र से छोड़ा गया।

अंतरिक्ष यान चांद की 3400 परिक्रमाएं की और 312 दिन काम करता रहा। वैज्ञानिकों ने इसके बाद भी प्रयास जारी रखा और चन्द्रयान 2 की लॉन्चिंग पहली बार 2018 में हुई थी। उसकी तारीख बदल कर 31 जनवरी कर दी गई। चन्द्रयान ने पृथ्वी के चार चक्कर लगाए थे। भारत अब मिशन चन्द्रयान 3 का इतिहास रचने के करीब पहुंच गया है। इसरो ने घोषणा की है कि विक्रम 23 अगस्त को उतरने की पूरी संभावना है। 23 को लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। उधर रोसकोसमॉस लूना चन्द्रमा की सतह से टकरा गया। तकनीकी खराबी बताई जा रही है। लेकिन भारत की सिद्धि पर दुनिया की नजर है। जनता मोदी योगी की लोकप्रियता के दीवाने हैं। लोगों को लुभा रही है पीएम मोदी और सीएम योगी और चन्द्रयान 3 की नई डिजाइन वाली राखियां। बहनें सोने-चांदी से बनी महंगी राखियां खरीद रही हैं। इस बार राम मंदिर और चन्द्रयान को लेकर काफी उत्सुकता है। इस वर्ष ज्वेलर्स द्वारा खास राखी डिजाइन की जा रही है। इसमें पीएम मोदी, सीएम योगी, राममंदिर और चन्द्रयान 3 की डिजाइन वाली राखियां की छवि सोने चांदी के सिक्कों में चमक रही है। सोने के सिक्के में बनी राखी की कीमत 7 हजार से एक लाख 20 हजार तक है, जबकि चांदी में बनाई गई राखी की कीमत एक हजार से प्रारंभ होती है। गुजरात में यह इस तरह की राखी का क्रेज देखने को मिल रहा है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**





## वन विभाग ने पकड़े 14 सपेरे, क्रूरतापूर्वक रखे गए 50 सांपों को मुक्त कराकर जंगल में छोड़ा

**जबलपुर, देशबन्धु।** नागपंचमी के अवसर पर वन विभाग की टीम ने सोमवार को सांपो को पिटारे में क्रूरतापूर्वक बंद करके रखने वाले 14 सपेरों को पकड़ा है। जिनके पास से दुर्लभ प्रजाति के करीब 50 सांपो को मुक्त कराकर जंगल में छोड़ दिया गया है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार नागपंचमी के मौके सपेरे जंगल से दुर्लभ प्रजाति के सांपों को पकड़कर विभिन्न शहरों में घूम-घूम कर रुपए कमाते हैं। यहां तक कि कई बार तो जबरन लोगों के गले में सांप डाल देते हैं। इसके बाद सांप को तभी हटाते हैं जब व्यक्ति उन्हें रुपए देता है। शहर में नागपंचमी के मौके पर पिटारे में सांप लेकर पहुंचे सपेरों को वन विभाग की टीम ने अभियान चलाते हुए रेलवे स्टेशन व बस स्टेंड सहित अन्य स्थानों से पकड़ा है। पकड़े गए 14 सपेरों के कब्जे से 50 से ज्यादा सांप पकड़े गए हैं। इनमें कुछ सांप दुर्लभ प्रजाति के हैं, इस सभी सांपों को सपेरों ने क्रूरतापूर्वक बांस से बने पिटारे में बंद करके रखा था। वन अमले ने पकड़े गए सभी सांपों को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया है। वहीं सपेरों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत प्रकरण भी दर्ज किया गया है।

*नाग पंचमी 2023 कार्यक्रम के उपलक्ष्य में वन विभाग की रेस्क्यू टीम द्वारा रात्रि 20 तारीख को शहर के अन्य स्थल रेलवे स्टेशन मदन महल बीटी स्टेशन में सपनों की तरह पढ़कर उनसे सर पर जप्त किया जिसमें 20 से 30 ना कोबरा प्रजाति के साथ और 5 से 1052 प्रजाति के साथ जप्त हुए जनता जनक 21 तारीख को बनवा की टीम एवं रेस्क्यू सदस्य द्वारा रज्जू शर्मा कृष्णकांत रजक हेमंत अतुल ठाकुर हर्षित सुधीर शर्मा एवं अन्य साथियों द्वारा कार्य किया गया एवं इन सड़कों का प्राथमिक उपचार करवा कर इनको जंगल में सबसे छोड़ा गया।*

## फिर लगने लगा है व्यस्ततम मार्गो पर जाम

### वन-वे वाहन प्रवेश प्रतिबंध का नियम हवा-हवाई




**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर में फिर व्यस्त क्षेत्रों में वाहनों के जाम लगने की समस्या व्याप्त हो गई है। इससे जहां वाहन चालक परेशान हो रहे हैं वहीं स्थानीय दुकानदारों का कारोबार प्रभावित हो गया है। ऐसा इसलिये हो रहा है- क्योंकि चार पहिया एकांगी वाहन प्रवेश का नियम हवा-हवाई हो गया है। इस तरफ जैसे संबंधित विभाग के आला अधिकारियों ने आंख मूंद ली है। अब तो ये मार्गो को यातायात पुलिस ने जैसे भगवान के भरोसे छोड़ दिया है। हालाकि इस मामले में एक नया झोल आ गया है। जिसमें नाम न छापने की शर्त पर संबंधित विभाग के आला अधिकारियों का कहना है कि असल में प्रशासन को व्यस्तम मार्गो पर जमे अस्थाई अतिक्रमण हटाने का काम निरंतर रूप से जारी रखना होगा, तभी इस समस्या का पुख्ता हल निकल सकेगा। एक तरह से यह मामला दो विभागों के बीच झूल रहा है। जिसका खामियाजा आम जन उठाने को मजबूर हैं।

आने वाले दिन त्यौहार वाले हैं। ऐसे में शहर के प्रमुख व्यस्ततम मार्गो में शुमार करमचंद चौक, अंधेरदेव, गंजीपुरा, सराफा में आमजनों की आवाजाही बढने् वाली है। वहीं अभी देखने को मिल रहा है कि इन मार्गौ पर बेधड़क चार पहिया वाहनों का दोनो तरफ से आना जाना जारी है। इसके चलते दिन में कई बार इन मार्गो पर वाहनों की जाम समस्या आम हो गई है। जो आम वाहन चालकों और उन लोगों की मुसीबत बढ़ रही है जो जरूरी काम से अपने गंतव्य स्थान पर शीघ्र पहुंचना चाहते हैं। इधर यातायात पुलिस से जुड़े आला अधिकारियों की माने तो उनका मानना है कि जब तक इन मार्गो पर जमे अस्थाई अतिक्र मणों को जमने से नहीं रोका जायेगा तब लाख प्रयास किये जाये बावजूद समस्या का बेहतर हल सामने नही आ पायेगा।

अकेले पुलिस जवान खड़ा करने या बेरेकेटिंग लगाने बस से समस्या का हल नहीं हो पायेगा। अब देखने वाली बात होगी कि ननिज एवं यातायात पुलिस के बीच सामंजस्य कब बन पायेगा और इस समस्या से निजात आम जनता को मिल सकेगी।

## श्रीजी कंस्ट्रक्शन कंपनी के फरार एमडी ज्ञानेन्द्र सिंह व अन्य की जमानत पर फ़ैसला सुरक्षित

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्रीजी कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा कटनी जिले में बायपास को टू-लेन से फोरलेन निर्माण मामले में सीबीआई की 24 व 25 जुलाई की कार्यवाही के बाद आरोपियों द्वारा एमपी हाईकोर्ट में लगाए गए जमानत आवेदन पर 21 अगस्त को जस्टिस नंदिता दुबे की कोर्ट में सुनवाई हुई। जमानत आवेदन पर सुनवाई के उपरांत कोर्ट ने आदेश सुरक्षित कर दिया। सीबीआई की ओर से अधिवक्ता पंकज दुबे ने पक्ष रखा।

उल्लेखनीय है कि सीबीआई को शिकायत मिली थी कि कटनी रेलवे लाइन पर बन रहे पुल में श्रीजी कंस्ट्रक्शन कंपनी ने रेल और एनएचएआई अधिकारियों के साथ मिलकर लाखो रुपए का फर्जीवाड़ा किया है। जिसके बाद श्री जी कंस्ट्रक्शन कंपनी के कार्यालय में छापामारी करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। वहीं सीबीआई द्वारा दर्ज की गई एफआईआर में बताए गए मुख्य आरोपी कंपनी का मैनेजिंग डायरेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह अभी भी फरार है।

## पद के विरुद्ध न लिया जाये काम

### प्यून से चौकीदारी कराने पर न्यायालय ने दिये निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई पश्चात् कहा है कि पद के विरुद्ध काम न लिया जाये। जस्टिस जीएस आहलूवालिया की एकलपीठ ने मामले में अनावेदकों को निर्देशित किया है कि वे आवेदक के अभ्यावेदन 15 दिनों के भीतर उचित आदेश पारित करे।

यह मामला रीवा जिले की सुरशा हाईकोर्ट में भृत्य के पद पर पदस्थ राजेश कुमार साकेत की ओर से दायर किया गया है। जिसमें बताया गया कि उसकी ड्यूटी स्कूल प्राचार्य ने 20 जुलाई 2023 को रात्रि काल में लगा दी। जबकि रात्रिकालीन ड्यूटी चौकीदार की होती है न की भृत्य की। इसकों लेकर उसने प्राचार्य सहित अन्य अधिकारियों को अभ्यावेदन दिये, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने मामले का पटाक्षेप करते हुए उक्त निर्देश दिये।

## महाराष्ट्र के भाजपा विधायक मंथन के लिये जबलपुर पहुंचे, कार्यकर्ता बोले बाहरी बर्दाशत नहीं




**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर चार राज्यों के विधायकों की टीम सर्वे टीम जबलपुर के पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में पहुंची। महानद्दा क्षेत्र में आयोजित बैठक में टीम के सामने स्थानीय भाजपा नेताओं ने खुलकर अपनी बात रखी। स्थानीय नेताओं व कार्यकर्ताओं का कहना था कि पैराशूट व बाहरी प्रत्याशी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सर्वे टीम के सामने स्थानीय नेताओं, कार्यकर्ताओं व संभावित उम्मीदवारों का कहना था कि पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में ऐसे कार्यकर्ता व नेता है जो पार्टी के लिए लम्बे समय से समर्पित होकर कार्य कर रहे है। जिन्होने सिर्फ पार्टी के लिए काम किया है, जो भी उम्मीदवार पार्टी ने तय करके भेजा है।

उसे चुनाव जिताया है। इस बार पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के संभावित उम्मीदवारों के जो नाम सामने आ रहे हैं, वे बाहरी है या फिर पैराशूट से सीधे उतरने वाले हैं। ऐसे प्रत्याशियों को बर्दाशत नहीं किया जाएगा। सर्वे टीम ने बैठक में शामिल सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं की बात को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि उनकी बात चुनाव प्रबंधन समिति व पार्टी के वरिष्ठ नेताओं तक पहुंचाई जाएगी।

वरिष्ठ नेता वहीं करेगें जो पार्टी के हित में होगा। गौरतलब है कि जबलपुर की आठ विधानसभा क्षेत्र में सर्वे टीम द्वारा सर्वे किया जाएगा और अपनी रिपोर्ट वरिष्ठ नेताओं को सौंपी जाएगी, इसके बाद पार्टी द्वारा आगे फैसला लिया जाएगा।

## अब अयोध्या से मुंबई तक व्हाया इटारसी, भोपाल चलेगी तुलसी एक्सप्रेस

**जबलपुर, देशबन्धु।** भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या से उनके वनवास काल के तपोभूमि चित्रकूट को पहली बार ट्रेन से जोड़ा जा रहा है। प्रयागराज से लोकमान्य तिलक टर्मिनस मुंबई तक जाने वाली तुलसी एक्सप्रेस (22129-30) का अयोध्या तक विस्तार किया गया है। जिससे प्रदेश के खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना के यात्रियों को इसका लाभ मिलेगा। सप्ताह में दो बार चलने वाली तुलसी एक्सप्रेस 28 अगस्त को पहली बार अयोध्या से चलेगी. प्रयागराज में 25 मिनट का ठहराव होगा। चित्रकूट से अयोध्या के बीच वंदे भारत संचालन के पूर्व इस ट्रेन के चलने से श्रद्धालुओं को लाभ मिलेगा। यह ट्रेन अयोध्या से दोपहर 2.50 बजे चलेगी, रात 8.55 बजे चित्रकूट पहुंचेगी। इस ट्रेन के प्राथमिक संचालन का अधिकार उत्तर रेलवे के अयोध्या रेलवे स्टेशन को दे दिया गया है। अब यह सप्ताह में दो दिन अयोध्या कैंट से चलेगी. 27 अगस्त से तुलसी का संचालन लोकमान्य तिलक से अयोध्या तक और 28 अगस्त से इसका संचालन अयोध्या से लोकमान्य तिलक के लिए होगा। अभी 22130 तुलसी एक्सप्रेस प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को प्रयागराज से चलती है, जबकि लोकमान्य तिलक से 22129 के रूप में इसका संचालन प्रत्येक मंगलवार व रविवार को होता है। नई समय सारिणी के अनुसार तुलसी एक्सप्रेस लोकमान्य तिलक से चलकर यहां सुबह 8.40 बजे जंक्शन आएगी।



## वृक्षारोपण समिति की बैठक

**जबलपुर, देशबन्धु।** वीरांगना झलकारी बाई कोरी वृक्षारोपण, बुद्ध योगा उद्यान समिति मोहनिया रांझी के तत्वाधान में बैठक का आयोजन किया गया।

वृक्षारोपण भूमि बचाने के लिए शासन एवं महापौर को अवगत कराने आमंत्रित करने के लिए विचार विमर्श किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कोरी कोली समाज जिला अध्यक्ष राकेश कोरी विशिष्ट अतिथि सुनीता साकेत डॉ. बी एल कोरी मनमोहन मास्टर राष्ट्रीय मिशन गायक संस्थापक /अध्यक्ष शंभू कोरी संरक्षक-मिथिलेश महोबिया, सचिव गणों में आर एस प्रसाद दिलीप घोगरे बाबा कोरी विभूति रमन सुखदेव झारिया, संस्थापक सदस्य- मोतीलाल कोरी, कैलाश बर्मन, वंदना कोरी, दिव्यांशी कोरी, उपस्थित रहे। कमलेश विश्वकर्मा को समिति में सचिव नियुक्त किया गया।

## मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना के लाभार्थियों को मिलेगा कॉन्ट्रैक्ट पत्र

### संस्कृति थियेटर में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना के अंतर्गत अनुबंधित प्रशिक्षणार्थियों को कॉन्ट्रैक्ट पत्र प्रदान करने का जिला स्तरीय कार्यक्रम मंगलवार 22 अगस्त को शाम 5 बजे भंवरताल स्थित संस्कृति थियेटर में आयोजित किया गया है।

महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र विनीत रजक के मुताबिक जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना के तहत कांट्रेक्ट जनरेट करने वाले औद्योगिक संस्थान तथा कांट्रेक्ट प्राप्त करने वाले छात्र प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना के तहत छात्र प्रशिक्षणार्थियों को कांट्रेक्ट पत्र प्रदान करने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा।

## आधार नामांकन हेतु सत्यापन का दिया गया प्रशिक्षण

**जबलपुर, देशबन्धु।** अठारह वर्ष से अधिक की आयु के व्यक्तियों से प्राप्त आधार नामांकन के आवेदन के सत्यापन हेतु बनाये गये स्टेट पोर्टल में तहसील स्तर पर प्राप्त आवेदनों का एप्रूवल, रिजेक्शन एवं फारवर्ड करने का प्रशिक्षण जिला सूचना अधिकारी आशीष शुक्ला द्वारा जिले में तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को व्हीसी के माध्यम से प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण में पोर्टल पर कार्य करने के तरीकों, समस्याओं का निराकरण एवं फीडबेक भी दिया गया। ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश शासन एवं यूआईडीएआई द्वारा पूर्व में पत्र द्वारा निर्णय लिया गया कि अब 18 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों का आधार नामांकन हेतु प्राप्त आवेदन तहसील स्तर पर निरीक्षण उपरांत ही यूआईडीएआई को अग्रेषित किया जायेगा।

प्रशिक्षण में बताया गया कि स्टेट पोर्टल से सभी तहसीलों के लागिन क्रिडेन्शियसल प्रदाय किए जा चुके है। प्रशिक्षण मे सभी तहसीलों से तहसीलदार, नायाब तहसीलदार, सहायक प्रबंधक ई-गवर्नेंस एवं कंप्यूटर आपरेटर जुड़े थे।




## अभिव्यक्ति के सारे खतरे उठाने ही होंगे : कौर

**जबलपुर, देशबन्धु।** हमारे रंगकर्मी, लेखकों, किसानो, बुद्धिजीविओं ने हमेशा से इस बात पर जोर दिया है कि लोगों की तकदीर संवाद से बदली जाती है, आतंक से नहीं। यह बात लेखक व सामाजिक कार्यकर्ता नवशरण कौर ने शहर में आयोजित प्रगतिशील लेखक संघ के 18 वें राष्ट्रीय अधिवेशन के दूसरे दिन प्रथम सत्र के दौरान कही। अभिव्यक्ति के सारे खतरे उठाने ही होंगे, संविधान की सुरक्षा और संवर्धन की चुनौतियां विषय पर बोलते हुए नवशरण कौर ने लोकतंत्र को भीड़तंत्र में बदलने की कोशिश पर निशाना साधते हुए मणिपुर व नूह की हिंसा का उदहारण देते हुए कहा कि आज नागरिक की पहचान को बदला जा रहा है देश द्रोह जैसे कानूनों के माध्यम से। भीड़ को खुला छोड़ दिया गया है, न्याय करने के लिए और जो लोग संवैधानिक दायरे में रहकर न्याय की बात कर रहे हैं, समाज में शांति व सौहार्द्र की बात कर रहे हैं उन्हें देशद्रोही ठहराया जा रहा है। अभिव्यक्ति के खतरे को उठाते हुए हम हर तरह के अन्याय का विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि खुलकर संविधान बदलने की बात की जा रही है और अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय पर हमला किया जा रहा है। उन्होँने कहा कि यह सब देश को तोड़ने का प्रयास है जिसे हम जीते जी कामयाब नहीं होने देंगे। कौर ने सामाजिक एकजुटता की बात पर बल देते हुए साझी संस्कृति और साझी विरासत को संजोने के लिये काम करने की बात कही।

प्रख्यात आलोचक वीरेंद्र यादव ने कहा कि परसाई ने जिस ठिठुरते गणतंत्र की बात कही थी, वह दिख रहा है। आज जिन परिस्थितियों में लेखक समागम हो रहा है ऐसी परिस्थितियां कभी नहीं थीं। उन्होने कहा कि संविधान, लोकतंत्र पर हमले की मुनादी सुनाई दे रही है। सरकार के लोग खुलकर संविधान बदलने की बात कर रहे हैं और अभी हाल ही में स्वतंत्रता, समानता और संविधान के बेसिक ढांचे पर सवाल उठाते हुए लेख लिखा गया। उन्होने कहा कि ये वो लोग हैं जो देश की आजादी के समय कहते थे कि संविधान की जरूरत ही नहीं है। आज वर्णाश्रमी व्यव्स्था बनाये रखने के लिये हिंदू एकता की बात की जा रही है और हिन्दू राष्ट्र के नाम पर देश की बहुलतावादी संस्कृति पर हमला किया जा रहा है।

## एन एस ओ छात्र संगठन द्वारा 3 दिवसीय धरना प्रदर्शन

**जबलपुर, देशबन्धु।** एन एस ओ छात्र संगठन द्वारा प्रदेश व्यापी धरना प्रदर्शन किया गया। संगठन के अध्यक्ष गोपाल पाराशर ने बताया कि 2020-21 सत्र के नर्सिंग स्टूडेंट्स विगत 3 वर्षो से पढ़ाई कर रहे हैं लेकिन इनकी अभी तक प्रथम वर्ष की परीक्षा भी नही हुई है क्योंकि मध्य प्रदेश में अधिकारियो और मंत्रियो द्वारा भ्रष्टाचार किया गया है, जिसका खामियाजा स्टूडेंट्स को भुगतना पड़ रहा है, इस कारण सोमवार को मेडीकल यूनिवर्सिटी सहित प्रदेश के 20 जिलों में धरना प्रदर्शन किया गया। संगठन की प्रमुख मांग स्टूडेंट्स को प्रथम वर्ष में जनरल प्रमोशन देकर अगली वर्षो की परीक्षा करवाई जाए जिससे सत्र समय पर पूरा हो सके, भ्रष्टाचार करके स्टूडेंट्स के भविष्य को बर्बाद करने वाले मंत्री अधिकारियो को तत्काल जेल भेजा जाए। स्टूडेंट्स की स्कॉलरशिप रुकी हुई है लेकिन आई एन सी के नियम से अगली क्लास की पढ़ाई जारी है।



इसलिए स्टूडेंट्स को जल्द से जल्द स्कालरशिप मिले, जीएनएम के रिजल्ट घोषित नही किए जा रहे हैं, इन्हें जल्द घोषित किया जाए,2021-22 सत्र के नर्सिंग स्टूडेंट्स के एनरोलमेंट करवाकर एग्जाम करवाए जाए जिससे सत्र लेट ना हो।

प्रदेश सरकार भ्रष्टाचारियों को बचाना बंद करे और स्टूडेंट्स की पेपर की समस्या का जल्द से जल्द समाधान करे। नही तो भूख हड़ताल करने के साथ साथ आगामी विधानसभा चुनावों में सरकार का विरोध किया जायेगा


ब्यूटी इंडस्ट्री में अपना सुनहरा कॅरियर बनाये

FREE FREE FREE FREE

जबलपुर का सरकारी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान
(ब्यूटी पार्लर के सभी कोर्स मे 50% डिस्काउंट)

LOOK SALON & ACADEMY (ONLY FOR FEMALE)

हेयर वाश, हेयर कट, फेस ब्लीच, हैंड डी -टेन पैक, फेस डी -टेन पैक,

7828416648,7987003927
239, जय नगर, गढ़ा रोड, लेबर चौक, जबलपुर म.प्र.

कॉल करके अपॉइंटमेंट प्राप्त कर इस विज्ञापन की कटिंग लेके आने पर इनमें से कोई भी एक सर्विस (उम्र 15+ महिलाओं के लिए) फ्री है।

आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 102
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 104
छोटा ब्रॉयलर - रु. 106
मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 110
मुर्गा मीडियम - रु. 108
मुर्गा बड़ा - रु. 106
मुर्गा जम्बो - रु. 106
मो.-9039925000, 9425800409

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
समदड़िया सिनेमा
TUESDAY SHOW OFFER RS. @ 120/-
Ghoomer 04:00 PM 08:30 PM
Rocky Aur Rani 01:00 PM
Jailer In Hindi 10:00 PM
Gadar-2 09:00 AM 10:00 AM 12:00 PM 01:00 PM 03:15 PM 04:15 PM 06:30 PM 07:30 PM 09:45 PM 10:45 PM
Blue Beetle In Hindi 09:30 AM 06:00 PM
OMG-2 10:00 AM 12:00 PM 03:00 PM 07:00 PM 10:55 PM

# मेरा शहर

'स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक'

सुप्रभात से शुभरात्रि तक

## मेक्रम थीम पर तैयार किए आउटफिट



**जबलपुर, देशबन्धु।** अरबी बुनकरों द्वारा तैयार की जाने वाले मेक्रम कला का प्रदर्शन छात्राओं ने ड्रेसिंग इनोवेशन में दिखाया। महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में फैशन विभाग द्वारा ड्रेस डिसप्ले कार्यक्रम हुआ। छात्राओं ने मेक्रम थीम पर आउटफिट तैयार किए। कार्यक्रम को लेस ऑफ द क्वीन थीम दी गई। इस मौके पर डॉ. नीलम अग्रवाल, मीना गुप्ता, संगीता सोनी, हरवंश त्रिपाठी, शशि विश्वकर्मा मौजूद रहीं।

**ये डिजाइन किए तैयार**

- हॉल्टर नेक क्रॉप टॉप
- हॉल्टर नेक फिटेड टॉप
- स्लिप टॉप
- वन साइडेड क्रॉप टॉप
- श्रग
- ऑफ वाइट कलर में कॉटन कार्ड से होल्टर नेक क्रॉप टॉपा बनाया है। इसे किसी भी ओकेशन में पहन सकते हैं।

**आलीना डी साइमन**

- टॉप स्टाइल में ड्रेस तैयार की है, जिसे झालर लुक दिया। इसे किसी भी ड्रेस के ऊपर कैरी किया जा सकता है।

**शिल्पा खेरवार**

## पेंटिंग, पोस्टर में दिखी उदारता



**जबलपुर, देशबन्धु।** पोस्टर और पेंटिंग में छात्रों ने उदारता का भाव दिखाया। ललित कला महाविद्यालय, राज्य आनंद संस्थान के तत्वावधान में विश्व मानवतावादी दिवस मनाया।

पेंटिंग एवं पोस्टर प्रतियोगिता में 50 प्रतिभागी शामिल हुए, जिन्होंने मानवता के लिए जान गवाई हो। इस मौके पर अल्कुमा मिर्जा, फारूख हुसैन, हीरा लखेरा, प्राचार्य डॉ. राजलक्ष्मी त्रिपाठी, डॉ. मनीष कोष्टा, शैलजा सुल्लेरे, दीप्ति ठाकुर मौजूद रहीं।



## सखियों ने मनाई तीज, खेले गेम्स

**जबलपुर, देशबन्धु।** जैस रॉक स्टार ग्रुप द्वारा हरियाली तीज मनाई गई। कार्यक्रम में महिलाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का रंग जमाया। इस दौरान नारी श्रृंगार और हरियाली तीज से जुड़ी प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई।इस मौके पर अध्यक्ष जसवीर चौपड़ा, अर्पिता पॉल, कल्पना मिश्रा, उषा, आनंद, सरिता मौजूद रहीं।

## पानदरीबा गौरीशंकर मंदिर में नागपंचमी पर्व एवं चौरसिया दिवस मनाया



**जबलपुर, देशबन्धु।** चौरसिया समाज के लोगों ने नागपंचमी एवं चौरसिया दिवस के अवसर पर भगवान शिव के पूजन के साथ नाग देवता का पूजन भी किया। चौरसिया समाज के मीडिया प्रभारी अनिकेत चौरसिया ने बताया कि नागपंचमी पर्व हर साल सावन माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी पर शिव जी के साथ ही नाग देवता की भी विशेष पूजा की जाती है, इसी तारतम्य में चौरसिया समाज जबलपुर के द्वारा नागपंचमी पर्व एवं चौरसिया दिवस के पावन अवसर पर आज पानदरीबा स्थित भगवान गौरी शंकर मंदिर ट्रस्ट में चौरसिया समाज, नवयुवक मंडल, महिला मंडल एवं पान व्यापारी संघ के सभी सदस्यों ने नाग देवता का पूजा पूजन-अर्चन,आरती, ध्वजारोहण के साथ ही प्रसाद वितरण किया गया।

इस अवसर पर, मघुसूदन मोदी, डॉ. गिरीश, इंजी. सी.के. मोदी, प्रमोद चौरसिया, योगेश चौरसिया, प्रकाश चौरसिया, हरीश चौरसिया, राजू चौरसिया विश्व, जगदीश चौरसिया, भगवान दास चौरसिया, ऋषि चौरसिया, राजेश चौरसिया, एड़. रामू चौरसिया, राहुल चौरसिया, रेखा चौरसिया, मोहनी चौरसिया, देवेश्वरी चौरसिया, सुमन चौरसिया, सरिता चौरसिया, ज्योति चौरसिया, स्वाति चौरसिया, गोपाल नारायण चौरसिया, अतुल चौरसिया, अनिकेत चौरसिया, सुशील चौरसिया, आशीष चौरसिया, संदीप चौरसिया, मनोज चौरसिया शैलेन्द्र चौरसिया, पंकज चौरसिया, आनंद चौरसिया, राजभानु चौरसिया, अनुज चौरसिया, सचिन चौरसिया, मनमोहन चौरसिया, महेंद्र चौरसिया, चक्रेश चौरसिया, सुनील चौरसिया, के.के. चौरसिया, गोपाल पटेल, गोविंद चौरसिया, इं. श्याम सुंदर चौरसिया, इं. शिवचरण चौरसिया, सौरभ सोनू चौरसिया, सत्यनारायण चौरसिया, दिलीप चौरसिया आदि उपस्थित थे।



**जबलपुर, देशबन्धु।** श्रावण सोमवार पर मदन महल शारदा मंदिर में भक्तों के बीच झंडा चढ़ाया।



## तेरे इश्क का मुझ पर...

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहीद स्मारक और शिवरंजनी ग्रुप म्यूजिकल ग्रुप का संगीतमय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। आयोजन में इंजी. मृदुल चतुर्वेदी, राकेश चौरसिया, डॉ. मीनाक्षी शर्मा, राखी मजूमदार, डॉ. अनामिका श्रीवास्तव, प्रांजलि दिधाते, रवि श्रीवास्तव ने गीत गाए। इस दौरान इस रंग बदलती दुनिया में..., जाने खुदा..., जानेमन जानेमन...जैसे गीत गाए गए।

## एक दूसरे के विचारों का सम्मान जरूरी



**जबलपुर, देशबन्धु।** आपसी मेलजोल और प्रेम वातावरण के निर्माण के लिए एक दूसरे के विचारों का सम्मान करना जरूरी है। इस मौके पर प्रो. डॉ. उज्जवला खारपाटे ने विद्यार्थियों को प्रेम भाव की शपथ दिलवाई। इस मौके पर आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. ब्रह्मानंद त्रिपाठी, डॉ. सुनीता मिश्रा, डॉ. मनोज प्रियदर्शन, डॉ. टीआर नायडू, डॉ. अर्चना चौहान, डॉ. ज्योति जाट मौजूद रहीं।

## छात्राओं ने जाना मतदान का महत्व



**जबलपुर, देशबन्धु।** मतदान के महत्व से छात्राओं को अवगत करवाने के लिए निर्वाचन साक्षरता क्लब के तत्वावधान में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान डॉ. साधना केसरवानी ने निर्वाचन का महत्व समझाया और छात्राओं को वोटर आईडी कार्ड बनवाने की प्रक्रिया समझाई। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार, डॉ. किरण सिंह, नोडल अधिकारी डॉ. रीना भैरम मौजूद थीं।

## आज युवराज नेमीकुमार की बारात राग से बैराग की ओर

**जबलपुर,देशबन्धु।** आचार्य श्री विद्या सागर महाराज, आरका रतन श्री आदर्शमती माता जी, सासंग आरिका दुर्लभमति माता, आरिका अंतरमति माता के सानिध्य में आज मंगलवार दोपहर 12बजे से नेमीकुमार जी का बारात आयोजन किया जा रहा है इसमें वे राग्य से वैराग्य कीओर प्रस्थान करेंगी चातुर्थ मास कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार चौधरी मनीष जैन कल्लू, विजय जैन चुन्ना, अनिल नायक, प्रदीप एचबी, सकदेश नायक, अमित संजय विद्या सागरम शैलेष चौधरी, अनीश, सचिन जैन, सनद जैन आदि इस मौके पर उपस्थित रहे।



## राधा कृष्ण मंदिर रांझी में रुद्र रुद्राभिषेक

**जबलपुर, देशबन्धु।** समाजसेवी सुधीर सोनू दुबे द्वारा रांझी स्थित राधा कृष्ण मंदिर मस्ताना चौक में रुद्र निर्माण एवं रुद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु ने पहुंचकर रुद्र निर्माण कर पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर दूध, दही , घी, शहद, शक्कर द्वारा भगवान भोले शंकर का अभिषेक विधि विधान से किया। इसके बाद भोले शंकर का श्रृंगार किया गया इस अभिषेक के कार्यक्रम को रांझी क्षेत्र के गणमान्य आचार्य पंडित धीरज शास्त्री, पुनीत महाराज पप्पू तिवारी, इंद्र तिवारी एवं अन्य आचार्य द्वारा इस अभिषेक का कार्यक्रम रुद्री पाठ एवं भोले शंकर का शिव तांडव पाठ किया गया, इसमें राधा कृष्ण मंदिर के प्रमुख विष्णु चौबे राधा कृष्ण मंदिर पुजारी प्यासी एवं समाजसेवी सुधीर सोनू दुबे ने कल अधिक से अधिक संख्या में लोगों से इस पूजन में आने का निवेदन किया, ताकि अधिक से अधिक लोग इस पूजन में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

## दैनिक राशिफल

**मंगलवार 22 अगस्त 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। श्रावण शुक्ल पक्ष की षष्ठी। नक्षत्र-स्वाति।**

**मेष** -आपको शारीरिक और मानसिक रूप से ताजगी का अनुभव होगा। घर का वातावरण आनंददायी रहेगा। आर्थिक लाभ के साथ-साथ व्यवसाय और नौकरी में संतोष का अनुभव करेंगे। सामाजिक दृष्टि से आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**वृषभ** -आज आकस्मिक खर्च होने की आशंका है। विद्यार्थियों का पढ़ने-लिखने में ध्यान रहेगा। दोपहर के बाद घर-परिवार के लोगों के साथ आनंददायक समय गुजरेगा। कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**मिथुन** -आज आपको जमीन, मकान या वाहन आदि के कामकाज में बहुत सावधानी बरतना होगी। परिजनों के साथ बिना कारण तनाव बढ़ेगा। संतान के विषय में आपको चिंता होगी। **क. 236-229**

**कर्क** -आज का दिन आध्यात्मिक सिद्धि प्राप्त करने के लिए अच्छा है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रखेगा। आज आप कुछ अधिक ही संवेदनशीलता का अनुभव करेंगे।

**सिंह** -आज आप मधुरवाणी से किसी काम को आसानी से सफल बना पाएंगे। परिवार के लोगों के साथ आनंद से समय बिताएंगे। दोपहर के बाद भी किसी काम में बिना सोचे समझे निर्णय ना लें।

**कन्या** -आज का आपका दिन शुभ फलदायी है। अपनी वाणी से आप लाभदायी और प्रेम भरे सम्बंध स्थापित कर सकेंगे। आपकी वैचारिक समृद्धि अन्य जनों को प्रभावित कर सकेगी।

**तुला** -आकस्मिक खर्च हो सकता है, इसमें आपको सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता के कारण मित्रों के साथ विवाद होने की आशंका बनी रहेगी।

**वृश्चिक** -आप को अनेक क्षेत्र में लाभ और यश प्राप्त होगा। धन प्राप्ति के लिए योग अच्छा है। मित्रों के पीछे धन खर्च होगा। परिजनों या दोस्तों के साथ बाहर घूमने जाने का अवसर मिलेगा।

**धनु** -आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। व्यापार में लाभ भी होगा।

**मकर** -आज का दिन पूरी तरह से शुभ फलदायी है। इंपोर्ट-एक्सपोर्ट का काम करने वाले लोगों को फायदा होगा। किसी दोस्त या रिश्तेदार से मिले अच्छे समाचार से आपका मन प्रफुल्लित होगा।

**कुंभ** -आज मन पर किसी बात की खुशी बनी रहेगी। लोगों से गुस्से में बात ना करें। परिजनों के साथ वाद-विवाद में न पड़ें। दोपहर के बाद स्वजनों तथा मित्रों के साथ आप का समय अच्छा गुजार सकेंगे।

**मीन** -आज का दिन दैनिक कामों में आपको शांति देगा। किसी मनोरंजक स्थल पर मित्रों या परिजनों के साथ जाना हो सकता है। व्यापार में भागीदारों के साथ व्यवहार अच्छा रहेगा, परंतु दोपहर के बाद आपका स्वास्थ्य अच्छा नहीं रहेगा। **मा. 378-345**

1,3,6,7,18,35,63,75,44,94,89,23

## पुरानी पेंशन बहाली के लिए रेलवे स्टेशन पर किया प्रदर्शन



**जबलपुर, देशबन्धु।** पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मंच व एआईआरएफ द्वारा पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करने के लिए चलाये जा रहे आंदोलन की श्रृंखला में 21 अगस्त को पूरे देश में प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इसी क्रम में वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन द्वारा यूनियन महामंत्री काम. मुकेश गालव के नेतृत्व में पमरे के तीनों रेल मंडलों जबलपुर, कोटा व भोपाल में भी प्रदर्शन, नारेबाजी की गई. इस क्रम में यूनियन द्वारा आज जबलपुर स्टेशन पर रैली निकालकर नारेबाजी, प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार को चेतावनी दी कि उन्हें एनपीएस हटाकर अविलंब गारंटेड ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करें, अन्यथा आंदोलन का स्वरूप और व्यापक होगा।

जबलपुर स्टेशन पर यूनियन के मंडल सचिव काम. रोमेश मिश्रा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में रेल कर्मचारियों ने प्लेटफार्म पर घूम-घूमकर ओपीएस बहाली के लिए प्रदर्शन व नारेबाजी किया. इस दौरान ट्रेनों के सामने भी प्रदर्शन किये जाते रहे. इस आंदोलन में जरनैल सिंह, प्रहलाद सिंह, समीर शर्मा जित्तू वर्मा, राकेश पांडे, ओ पी सिंह, कमलेश, सोमनाथ, अजय, रंजीत, त्रिलोक नायडू, चंदन, हेमंत सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।



## सावन के मेले में काव्य संग्रह का लोकार्पण सम्पन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** पनागर नगर के ख्यातिलब्ध साहित्यकार एवं शिक्षक पी. एल. व्यास के काव्य संग्रह सावन के मेले में का विमोचन समारोह मध्यप्रदेश आंचलिक साहित्यकार परिषद एवं अनेकान्त की संयुक्त आयोजन व्यवस्था में 20 अगस्त को स्थानीय श्री जानकीरमण महाविद्यालय में संपन्न हुआ समारोह की अध्यक्षता श्री शरद भाई पालन ने की, मुख्यातिथि प्रसिद्ध चिकित्सक एवं समाज सेवी डॉ अखिलेश गुमास्ता रहे, विशिष्ट अतिथि प्राचार्य डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, डॉ मनोज पांडे, डॉ कमलेश व्यास रहे। कार्यक्रम में नगर की साहित्यिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ वरिष्ठ साहित्यकार सुरेश मिश्र विचित्र, राजसागरी, प्रभात दुबे, यूएस दुबे, डॉ शक्ति सिंह मंडलोई डॉ गंगाधर त्रिपाठी, डॉ कौशल दुबे, निरंजन द्विवेदी,आलोक पाठक, उज्जवल पचौरी, संतोष नेमा, यशोवर्धन पाठक, सत्येन्द्र शुक्ला डॉ ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, डॉ ब्रम्हानंद त्रिपाठी, डॉ आशीष मिश्रा, आशुतोष तिवारी, राजेन्द्र मिश्र,राजेश पाठक, सहित बड़ी संख्या में साहित्य सुधीजन उपस्थित थे।

## एनपीएस के विरुद्ध संघ ने खोला मोर्चा

**जबलपुर,देशबन्धु।** कर्मचारियों के अभिशॉप बन चुकी नेशनल स्कीम पेशन स्कीम को हटाकर ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने की मांग दिन व दिन जोर पकड़ी जा रही है संघ के अशोक शर्मा व संघ प्रवक्ता संयुक्त महामंत्री सतीश कुमार ने बताया कि एनएफआईआर नई दिल्ली के आहवान पर वेस्ट सेन्ट्रल संघ ने आज पमरे के भोपाल, कोटा, जबलपुर मंडलो कोटा भोपाल वर्कशॉप शैडो समेत विभिन्न स्टेशनों पर एनपीएस के विरोध में केन्द्र सरकार व रेल प्रशासन के खिलाफ जंगी प्रदर्शन किया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में भी संघ के मण्डल सचिव डी पी अग्रवाल के नेतृत्व में द्वारा सभा के माध्यम से जमकर विरोध प्रदर्शन हुआ इस दौरान मंडल सचिव श्री डीपी अग्रवाल ने बोला भारतीय रेल को 24 घंटे 365 दिन अवरतन चलाने हेतु रेल कामगार अपने खून को पसीना बहाता है वर्ष के प्रत्येक मौसम सर्दी, गर्मी बारिश में बीमारी की या मौत की चिंता न करते हुए अपनी डयूटी पर तैनात रहता है रेलवे विभाग का काम सेना के बाद सबसे जोखिम भरा है देश के अंदर औसतन 2 रेल कर्मचारी प्रतिदिन ट्रेन के नीचे आकर अपनी जान गंवातेहै तथा कई कर्मचारी अंग भंग हो जाते है।

दीना यादव आरए सिंह आदि वक्ताओं ने सरकार को उग्र आंदोलन की चेतावनी देते हुए कहा कि यदि एनपीएस में इतनी खूबियों जो खास कर सरकार गिना रही है तो जन प्रतिनिधियों पर लागूक्यों नहीं करती।सभा का संचालन संतोष त्रिवेणी सहा. मंडल सचिव द्वारा किया गया प्रदर्शन के दौरान मंडल सचिव डीपी अग्रवाल, सहायक महामंत्री अवधेश तिवारी, दीनयादव आरए सिंह, दीपक केसरी, एसआर बाउरी, रोशन यादव हर्ष वर्मा, बौबी धोलपुरी, एसके वर्मा, सुधीर यादव अंकित मालवीया, अनिल कौरव, एसंविद, प्रसन्न गुप्ता, नवीन कुमार, पुंद्रिक चंद, अनिकेत कुमार संजय चौधरी, मंदीप सिंहआदि उपस्थित रहे।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती संतप्यारी मनचंदा-** तरूण समर्थ विहार हाथीताल निवाीस श्री रामचंद्र मनचंदा की धर्मपत्नी श्रीमती श्रीमती संतप्यारी मनचंदा (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती किरण खंडेलवाल-** कोतवाली बाजार निवासी श्री सुरेश चंद खंडेलवाल की धर्मपत्नी श्रीमती किरण खंडेलवाल (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रवि शंकर पांडे -** रिछाई मड़ई निवासी श्री रवि शंकर पांडे (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उर्वशी मरवाहा-** प्रेमनगर गुप्तेश्वर रोड मदनमहल निवासी श्री अशोक मरवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती उर्वशी मरवाहा (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती केसर बाई चौधरी-** भारत कॉलोनी मड़ई व्हीकल निवासी श्री विशाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती केसर बाई चौधरी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कौशल्या बाई यादव-** कांचघर साईं मंदिर के सामने निवासी श्री गया प्रसाद यादव की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या बाई यादव (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती चंपा बाई ठाकुर-** क्षीरसागर कॉलोनी चंपानगर मानेगांव रांझी निवासी श्री जमना प्रसाद ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती चंपा बाई ठाकुर (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीनदयाल जरिया-** सेठी नगर एफसीआई गोदाम के पीछे रामपुर निवासी श्री दीनदयाल जरिया (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती विनीता धानुक-** कांचीपुरम कॉलोनी मड़ई व्हीकल निवासी श्री संतोष धानुक की धर्मपत्नी श्रीमती विनीता धानुक (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मदन सेन-** दक्षिण मिलौनीगंज निवासी श्री मदन सेन (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

# मेरा शहर

' स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक'

सुप्रभात से शुभरात्रि तक

## एनआईए के कार्रवाई में जबलपुर से फिर एक आईएसआईएस विचारधारा के युवक गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर में एक बार फिर नेशनल इनवेस्टीगेशन एजेंसी (एनआईए) आंतकवादी संगठन आईएसआईएस की विचारधारा वाले युवक कासिफ खान को गिरफ्तार किया है। युवक पर आंतकी संगठन आईएसआईएस के प्रोग्राम को देश भर में आंतक फैलाने की साजिश रचने का आरोप है।



सूत्रों के अनुसार कासिफ खान पर आरोप है कि युवाओं का ब्रेनवॉश कर उन्हे कट्टरपंथी बनाने के लिए तेजी से प्रचार-प्रसार करता रहा। यहां तक कि आंतकी संगठन से संपर्क का भी करने का भी आरोप है। एनआईए ने कासिफ को जबलपुर में रहने वाले सैय्यद मामूर, मोहम्मद आदिल व मोहम्मद शाहिद से पूछताछ में मिले इनपुट के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। इन तीनों युवकों को मई 2023 में एनआईए ने जबलपुर में दबिश देकर गिरफ्तार किया था। इन तीनों युवकों के पास से एनआईए की टीम ने देश की सुरक्षा से संबंधित जुड़े दस्तावेज तक बरामद किए थे।

## पुलिस की कॉम्बिग गस्त में पकड़े गये 529 वारंटी

### 14 आरोपियों को 7 चाकू, 3 बका एवं 2 कट्टा खोंसा, 2 को तलवार के साथ दबोचा

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में आगामी त्यौहारों व विधान सभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक तुषारकांत विद्यार्थी के आदेशानुसार जिले के सभी थाना क्षेत्रों में कॉम्बिग गश्त की गई। जिसमें एक सैकड़ा से अधिक आदतन अपराधी पकड़े गये हैं।



पुलिस अधीक्षक द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक शहर प्रियंका शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समर वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर प्रदीप कुमार शेण्डे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा, तथा समस्त नगर पुलिस अधीक्षकों/एसडीओपी के मार्गदर्शन में समस्त थाना प्रभारी शहर एवं देहात द्वारा हमराह स्टाफके कॉम्बिग गस्त की गयी। कॉम्बिग गस्त में वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये प्रत्येक थाने में 2 से 3 टीमें बनाई गई। एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे एवं अन्य टीम के प्रभारी उप निरीक्षक/सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी थे। टीमों के द्वारा दबिश देते हुए कॉम्बिंग गस्त के दौरान मारपीट, चोरी, अवैध हथियार, अवैध शराब आदि प्रकरणों में फरार चल रहे 109 गैर म्यादी एवं 216 गिरफ्तारी वारंटियों को पकड़ा गया तथा 204 जमानती वारंट तामील किए गए। वहीं अवैध शराब के कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश देते हुये 54 आरोपियों को गिरफ्तार कर 282 लीटर कच्ची एव 88 बोतल अंग्रेजी तथा 2157 पाव देशी/विदेशी शराब कीमती लगभग पांच लाख रूपये की एवं परिवहन में प्रयुक्त छोटा हाथी लोडिंग वाहन सहित पकड़ा गया है। इसके साथ ही 14 आरोपियों को 7 चाकू, 3 बका एवं 2 कट्टा खोंसकर तथा 2 को तलवार लेकर घूमते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया है।



## पुलिस अधीक्षक ने न्यायालयों में कार्यरत कोर्ट मोहर्रिरों की ली बैठक

**जबलपुर, देशबन्धु।** पुलिस कन्ट्रोलरूम में सोमवार को पुलिस अधीक्षक तुषार कांत. विद्यार्थी द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियों की उपस्थिति में न्यायालयो मे कार्यरत कोर्ट मोहर्रिरों की एक बैठक ली।

बैठक में अति. पुलिस अधीक्षक शहर प्रियंका शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समर वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर प्रदीप कुमार शेण्डे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सोनाली दुबे तथा नगर पुलिस अधीक्षक अधारताल प्रियंका करचाम, नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली प्रभात शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक ओमती पंकज मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक रांझी विवेक कुमार गौतम, नगर पुलिस अधीक्षक गोरखपुर एच.आर. पाण्डे, नगर पुलिस अधीक्षक गोहलपुर राजेश सिंह राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक कैट उदय भान सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक गढा देवेन्द्र प्रताप सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक बरगी सुनील नेमा उपस्थित रहे। आगामी विधानसभा चुनाव को दष्टिगत रखते हुये एसपी ने सभी कोर्ट मोहर्रिरो को निर्देशित किया कि जो स्थाई वारंटी दस्तयाब नहीं हो रहे हैं उनके जमानतदारों की प्राथमिकता के आधार पर जमानत निरस्त कराये जाने के लिये जमानतदारों की जानकारी न्यायालय से अनुरोध कर थाना प्रभारियों को दें ताकि सम्बंधित जमानतदारों के विरूद्ध धारा 446 के तहत कार्यवाही की जा सके।



## 84 बोतल अंग्रेजी एवं 60 लीटर कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** गढ़ा थाना अंतर्गत शारदा मंदिर के पीछे एक युवक पानी की टंकी नीचे बड़ी संख्या में अंग्रेजी शराब की बोतलें बेचने के लिये रखा हुआ था। जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। और शराब की बोतलें जप्त कर ली हैं। गढ़ा थाना प्रभारी प्रवीण धुर्वे ने बताया कि देर रात सूचना मिली कि एक युवक शारदा मंदिर के पीछे पानी की टंकी के नीचे झाड़ियों में भारी मात्रा में अवैध शराब बेचने के लिये रखे है। जिसपर पुलिस ने मौके पर दबिश दी।

जहां शारदा मंदिर के पीछे पानी की टंकी के नीचे झाड़ियों के पास एक संदिग्ध युवक खड़ा था जो पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे पुलिस ने दबोच लिया। जिसने पूछताछ में अपना नाम अंकित विश्वकर्मा उम्र 22 वर्ष निवासी कृपाल चौक के पास बताया। जिसके कब्जे में रखी 7 पेटी को खोलकर चैक करने पर 5 पेटियों में 12-12 बोतल अंग्रेजी शराब एवं 2 पेटी मे 12-12 बोतल अंग्रेजी शराब रम व व्हीस्कीकी रखी मिली। आरोपी के कब्जे से कुल 84 बोतल 37 हजार 380 रूपये की जप्त करते हुये आरोपी अंकित विश्वकर्मा के अपराध दर्ज कर लिया है।इसी कड़ी में रांझी थाना प्रभारी नीलेश कुमार दोहरे ने बताया कि बीती रात राजू कनौजिया निवासी गांधी चौक रांझी अपने घर के पीछे कच्ची शराब बेचने के लिये रखे है। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया।जिसके कब्जे में रखे दोनों कुप्पों को चैक करने पर 60 लीटर कच्ची शराब भरी मिली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

## गोरखपुर क्षेत्र में फायर करने वाले युवक के साथ नाबालिग पकड़ा गया, लोडेड कट्टे बरामद

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में नयी उम्र के युवाओं का अपराध की दुनिया में कदम चिंता का विषय बनता जा रहा है। ये युवा गुंडागर्दी के रास्ते पर काफी आगे निकल चुके हैं। ऐशो आराम की जिंदगी, अय्याशी के लिये चोरी जैसे इनके लिये आम बात सी हो गई। जिसकी बानगी देर रात गोरखपुर थाना क्षेत्र के सेठीनगर में देखने को मिली। सेठी नगर निवासी साहिल बेन उम्र लगभग 16 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बीती रात लगभग 10-30 बजे वह खाना खाकर अपने घर के सामने टहल रहा था वहीं पर 17 वर्षिय किशोर अपने एक साथी के साथ खड़ा था तो उसने पूछा कि आप लोग यहां क्यों खड़े हो इसी बात पर दोनों गालीगलौज करने लगे, तथा उतावलेपन में आकर हाथ में लिये कट्टे से जमीन में एक फायर कर दिया। जिससे जमीन की रेत के कंकड़ उछलकर लगने से उसके दाहिने पैर की पिण्डली, घुटने के ऊपर चोट आकर खून निकलने लगा। जिस पर साहिल की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक तुषार कांत विद्यार्थी ने आरोपियों को पकड़ने के लिये एक टीम गठित की। गठित टीम ने सरगर्मी से तलाश करते हुये 17 वर्षिय अपचारी बालक को पकड़ा व घटना में प्रयुक्त देशी कट्टा 1 कारतूस सहित जप्त करते हुये साथी के सम्बंध में पूछताछ करने पर साथी का नाम शुभम चौरसिया निवासी लटोरिया मोहल्ला झंडा बाजार पवई थाना पबई जिला पन्ना बताते हुये शुभम के पास भी एक कट्टा होना बताया। शुभम चौरसिया उम्र 21 वर्ष को सरगर्मी से तलाश करते हुये एमजीएम स्कूल के पास घेराबंदी कर पकड़ा। जो तलाशी लेने पर कमर में एक देशी कट्टा खोसे मिला। कट्टा को चैक करने पर बेरल में 1 कारतूस लोड होना पाया गया। जिसे पुलिस ने जप्त कर लिया है।



### चुराये हुये 7 दुपहिया वाहन जप्त



### नाबालिग वाहन चोरी में भी लिप्त

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 17 वर्षिय अपचारी बालक पूर्व में चोरी के प्रकरणों में थाना तिलवारा एंव ओमती में पकड़ा गया था। जिसने सघन पूछताछ करने पर गोरखपुर, ओमती, गढा, कोतवाली ,आधारताल, मदन महल थाना क्षेत्र से माह अगस्त में 5 मोटर सायकिलें एवं वर्ष 2022 माह नवम्बर एवं दिसम्बर में 2 एक्टीवा चोरी करना स्वीकार किया।

## गैस रीफिलिंग के अड्डे पर पुलिस का छापा, युवक गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले के शहरी व ग्रामीण इलाकों में भी अब घरेलू गैस सिलेंडर से ऑटो में भरने के अड्डे संचालित होने लगे हैं। जिस पर पुलिस ऐसे अड्डों के संचालकों पर कार्रवाई करते है, बाद में यह फिर खुल जाते हैं।

पनागर थाना अंतर्गत तुलसी कॉलोनी में ऐसे ही एक गैस रीफिलिंग के अड्डे पर छापा मारकर संचालक को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पनागर थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि बीती रात पुलिस को सूचना मिली कि तुलसी कॉलोनी में एक युवक खाली प्लाट में घरेलू एलपीजी गैस के सिलेण्डर से विद्युत पम्प के माध्यम से लापरवाही पूर्वक बिना सुरक्षा के उपाय के गैस ऑटो में रीफिलिंग कर रहा है। जिस पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। जहां तुलसी कॉलोनी खाली प्लाट में एक युवक एलपीजी गैस सिलेण्डर से गैस रीफिलिंग करने की तैयारी में ठीहा जमाये मिला। जिसने अपना नाम शिवम साहू उम्र 23 वर्ष निवासी बड़ा जैन मंदिर के पास पनागर बताया। जिसके कब्जे से 1 एलपीजी सिलेण्डर, एक तौल कांटा, विद्युत मोटर पम्प, रेग्युलेटर लगी सटक पाईप एवं नगद जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

## युवक को चाकू मारकर बदमाश भागे

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोहलपुर थाना में बीती रात मारपीट में घायल को उपचार के लिये मेडिसिटी अस्पताल में भर्ती कराये जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस को वीरेन्द्र सराफ उम्र 32 वर्ष निवासी कृष्णा कॉलोनी त्रिमूर्तिनगर गोहलपुर ने बताया कि वह 2 माह पहले तक गंजीपुरा में रेडीमेन्ट कपड़े की दुकान में काम करता था।

कम्मू झारिया, सौरभ साहू, लकी जायसवाल एवं राकेश पटेल को वह पहले से जानता है। 20-8-23 की सुबह उसे पता चला कि सौरभ साहू उसके मोहल्ले में गालीगलौज कर रहा था जिसे उसने अनूप टेण्ट हाउस कृष्णा कॉलोनी में बात करने के लिये बुलाया था। लगभग 11 बजे सौरभ साहू, कम्मू के साथ आया और उससे बहस करने लगा तो उसने सौरभ को एक चांटा मार कर वहां से भगा दिया था। शाम लगभग 6-45 बजे वह अपने दोस्त दीपक जैन, सपन जैन, प्रिंस जैन के साथ लाला पान चौक त्रिमूर्तिनगर में खड़ा था तभी सौरभ साहू , कम्मू उर्फ कमलेश झारिया, लकी जायसवाल एवं राकेश पटैल आये जो अपने अपने हाथों में चाकू लिये थे आते ही उसके साथ गाली करने लगे। तभी सौरभ एवं कम्मू ने चाकू से हमला कर पेट में चोट पहुंचा दी। वह जान बचाकर भागने लगा तो कम्मू झारिया, राकेश पटैल, लकी जायसवाल ने चाकू से हमला कर पैर में चोट पहुंचा दिये। पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## ऑटो चालक ने युवक को मारी टक्कर

**जबलपुर, देशबन्धु।** पनागर थाना में आनंद नामदेव उम्र 53 वर्ष निवासी पटैल मोहल्ला पनागर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात वह अपने दोस्त ओंकार नामदेव के साथ घर से पैदल पैदल रोड में टहल रहा था रात लगभग 11-45 बजे नवीन ज्योति टाकीट के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रहा आटो क्रमांक एमपी 20 आर 7052 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये आया एवं उसे एवं ओंकार नामदेव को टक्कर मार दिया जिससे उसे एवं ओंकार नामदेव को हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आयीं है। रिपोर्ट पर धारा 279, 337 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## 6 तस्करों से साढ़े चार लाख का गांजा बरामद

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में मादक पदार्थों की तस्करी तेजी से बढ़ती जा रही है। अवैध शराब व गांजा शहर व ग्रामीण इलाकों में तेजी से बिक रहा है। हाल ही में माढ़ोताल में पुलिस ने गांजे की बढ़ी खेप पकड़ी थी और तस्करों को गिरफ्तार किया था। इसी कड़ी में सिहोरा थाना पुलिस ने गुनेहरू मार्ग कनाड़ी धाम हनुमान मंदिर में कुछ गांजा तस्करों को दबोचा है। जिनसे बड़ी मात्रा में गांजा बरामद किया गया है।

इस संबंध में सिहोरा थाना प्रभारी विपिन बिहारी सिंह ने बताया कि सोमवार को क्राईम ब्रांच को सूचना मिली कि तीन युवक गुनेहरू मार्ग कनाड़ी धाम हनुमान मंदिर के पास एनएच 30 रोड किनारे थैलों में गांजा लेकर बेचने के लिये खड़े हैं। पुलिस ने तत्काल गुनेहरू मार्ग कनाड़ी धाम हनुमान मंदिर के पास दबिश दी। जहां एनएच 30 रोड किनारे 1 व्यक्ति एवं एक युवक हाथ में थैला लिये तथा एक युवक पिट्ठू बैग लिये खड़े दिखे। जिन्हें पुलिस ने घेरकर दबोच लिया। पूछताछ में जिन्होंने अपने नाम क्रमशः सुशेन्द्र उर्फ भोला पिता रामबाबू पटैल उम्र 19 वर्ष निवासी इटहा थाना ब्रजपुर जिला पन्ना, रविराज पटैल उर्फ यशपाल पिता जयकरण पटेल उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम मडैयन थाना सलैहा जिला पन्ना तथा अमूल जाट पिता स्व. सुभाषचंद जाट उम्र 48 वर्ष निवासी कंजड़ मोहल्ला थाना बेलबाग बताये। जिनकी तलाशी ली गई तो सुशेन्द्र पटैल थैले में गांजा रखे मिला, जो तौल करने पर 5 किलो होना पाया गया एवं रविराज पटैल लाल पिट्ठू बैग के अंदर गांजा रखा मिला, जो तौल करने पर 5 किलो होना पाया गया तथा अमूल जाट गांजा रखा मिला, जो तौल करने पर 4 किलो 500 ग्राम होना पाया गया। तीनों आरोपियों के कब्जे से कुल 14 किलो 500 ग्राम गांजा कीमती लगभग 2 लाख 90 हजार रूपये का जप्त करते हुये आरोपियों के विरूद्ध धारा 8, 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।






### शहर में तेजी से बढ़ रही गांजे की तस्करी

इसी प्रकार गोराबाजार थाना प्रभारी राजेन्द्र सिंह मर्सकोले ने बताया कि सोमवार को सूचना मिली कि कटियाघाट रोड से शिवपुरी कजरवारा की तरफ एक सफेद रंग की मारूति वैन क्रमांक एमपी 20 बीए 6494 में 3 लड़के गांजा रखे हुये हैं जो किसी को बेचने आ रहे है। पुलिस ने सूचना पर तत्काल कटियाघाट रोड शिवपुरी पुलिया के पास दबिश दी। जहां एक मारूत वैन खड़ी थी, पुलिस को आता देख मारूति का चालक तेजी से वाहन स्टार्ट कर भागने लगा। जिसे पुलिस ने रोक लिया। जिसमें 3 व्यक्ति सवार थे। जिन्होंने अपने नाम राहुल राजपूत पिता इंद्र सिंह राजपूत उम्र 30 वर्ष निवासी वृंदावन कॉलोनी भीटा रोड एवं वाहन में पीछे बैठे दोनों व्यक्तियों ने अपने नाम गंगा प्रसाद यादव पिता लक्ष्मण प्रसाद यादव उम्र 38 वर्ष निवासी भोंगाद्वार एवं मंयक शेखर पिता अशोक शेखर उम्र 23 वर्ष निवासी कृष्णा कॉलोनी वॉटर वर्क्स रोड गोराबजार बताया। पुलिस ने जब उनकी तलाशी ली तो गंगा प्रसाद यादव जेब में नगद 700 रूपये एवं एक मोबाईल तथा हाथ मे लिये हुये एक बैग के अंदर टेप से लिपटे हुये 3 पैकिटों में गांजा तथा मयंक शेखर एक मोबाईल एवं एक काले रंग के बैग में 1 पैकिट में मादक पदार्थ गांजा रखे मिला, तौल करने पर कुल 8 किलो गांजा होना पाया गया। पूछताछ करने पर आरोपी गंगा ने उक्त गांजा वरूण सेन निवासी दमोह के द्वारा किसी लड़के के माध्यम से भेड़ाघाट बायपास में बुलाकर 8 पैकिट देना बताया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर मारूति वैन व गांजा जप्त कर लिया है।

## विधायक रामबाई सहित अन्य को कोर्ट उठने तक की सजा

**जबलपुर,देशबन्धु।** सड़क पर शव रखकर आवागमन अवरोधित कर आम जनता को असुविधा पहुंचाने के मामले को कोर्ट ने गंभीरता से लिया। जेएमएफसी विश्वेश्वरी मिश्रा की अदालत ने उक्त मामले में पथरिया विधायक रामबाई सहित अन्य करीब एक दर्जन लोगों को कोर्ट उठने तक की सजा से दंडित किया। अदालत ने सभी आरोपियों पर 15-15 सौ रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन के अनुसार 28 मार्च 2015 को डरे अहिरवार नामक व्यक्ति की जिला चिकित्सालय में मौत हो गयी थी। चिकित्सकीय सुविधा का अभाव तथा लापारवाही का आरोप लगाते हुए रामबाई के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने शव को सड़क पर रखकर चकाजाम कर दिया, जिससे राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मामले में सह अभियुक्त भरत श्रीवास्तव, दिनेश अहिरवार, श्रीधर सुमन, जिला पंचायत सदस्य विजेन्द्र सिंह, छत्रपाल सिंह, शीतल अहिरवार, सिद्धन बाई, भगवानदास, बिलानी तथा सुरेश अहिरवार सहित आम लोग शामिल थे। पथरिया पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 147,341 के तहत प्रकरण दर्ज किया था। प्रकरण की सुनवाई के दौरान पेष किये गये साक्ष्य व गवाहों के आधार पर न्यायालय ने आरोपियों को उक्त सजा से दण्डित किया। मामले में शासन की ओर से एडीपीओं अरुणप्रभा भारद्वाज ने पक्ष रखा।

### गांजा तस्कर को छः माह की सजा

**जबलपुर,देशबन्धु।** एनडीपीएस के विशेष न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह की अदालत ने गांजा तस्करी के आरोपी वीरेंद्र उर्फ सोनू बर्मन को छः माह की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि 26 जून 2017 को पुलिस की पेट्रोलिंग चल रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम खुड़ावल तिराहे पर वाहन रोक कर आमजन से बातचीत कर रहे थे। उन्हें देखकर खुड़ावल की ओर से आ रहे आरोपी वीरेन्द्र ने अपने साथी के साथ दौड़ लगा दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया और उसके पास से गांजा बरामद किया।

## सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने किया ओएफके का निरीक्षण

**जबलपुर,देशबन्धु।** आयुध निर्माणी खमरिया में लेफ्टिनेंट जनरल आर एस रीन ,डीजी, डीजी क्यूए का शनिवार को आगमन हुआ। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री एम् एन हालदार ने उनका स्वागत किया इसके बाद लेफ्टिनेंट जनरल आर एस रीन ने निर्माणी के ए-3, ए-8 , एफ-5, अनुभागों के दौरा कर निर्माणी में चल रहे आधुनिककरण का जायजा लिया। एस अवसर पर बिग्रेडियर अनिल गुप्ता, कमांड एण्ड एसक्यूएई (ए), बिग्रेडियर महापात्रा, (सीक्यूए) डब्ल्यू, अपर महाप्रबंधक श्री विकास पुरवार, आर के गुप्ता मौजूद रहे।



## द्वितीय एवं तृतीय क्रमोन्नति का लाभ दिए जाने के लिये प्रस्ताव मंगवाए जांए

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांताध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि अभी हाल ही में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के द्वारा पत्र के द्वारा 17 अगस्त को एक पत्र जारी कर तृतीय श्रेणी/शिक्षक संवर्ग के लोक सेवकों को 35 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान के लिये प्रस्ताव मंगाए गए हैं, उसी प्रकार जिन ग्रामीण क्षेत्रों में या फिर शहर में कार्यरत जिन शिक्षकों के 24 एवं 30 वर्ष की क्रमोन्नति नहीं लग पायी है। उन शिक्षकों के लिए सभी संकुलों से प्रस्ताव मंगवाया जाना चाहिए। जिससे जिन शिक्षकों को 24 एवं 30 वर्ष की क्रमोन्नति का लाभ आज दिनांक तक प्राप्त नहीं हो पाया है उन्हे अतिशीघ्र इसका लाभ मिल सके।

संघ के जिलाध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, क्रिस्टोफर नरोन्हा, हेमन्त ठाकरे, दिनेष गौंड़, एनोस विक्टर, रऊफ खान, राकेष श्रीवास, उमेष सिंह ठाकुर, धनराज पिल्ले, गुडविन चार्ल्स, सुनील झारिया, ओमप्रकाश झारिया, राजेश सहारिया, गोपीशाह, रामकुमार कतिया, सुधीर अवधिया, मनीष मिश्रा, राजकुमार यादव, फिलिप अन्थोनी, सुधीर पावेल, विनोद सिंह, राजेन्द्र सिंह, रामदयाल उईके, अफरोज खान, देवेन्द्र पटेल, मनीष झारिया, रवि जैन, नेत राम, नीरज मरावी, वीरेन्द्र श्रीवास, सुनील स्टीफन, विनय रामजे, सरीफ अहमद अंसारी, आशीष कोरी, मनीष मिश्रा, संतोष चैरसिया, एस.बी.रजक, सुखराम विश्वकर्मा आदि ने जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की है, कि संकुल प्राचार्यों को आदेशित कर द्वितीय एवं तृतीय क्रमोन्नति के प्रस्ताव मंगवाए जांए।

# बाबाताल में 12 ज्योतिर्लिंग का एक साथ अभिषेक

## सांतवे सोमवार को पार्थिव शिवलिंग निर्माण

**सिहोरा, देशबन्धु।** श्रावण मास के सांतवे सोमवार को जहां शिवमंदिर बाबाताल में झंकार समिति के तत्वावधान में एक साथ बारह ज्योर्तिलिंग का निर्माण कर अभिषेक किया गया, वहीं ब्राह्मण समाज सिहोरा के तत्वावधान में भक्तों ने सातवें सोमवार को भी पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर उनका पूजन अर्चन किया। वैसे तो पूरे श्रावण मास में आस्था के केन्द्र शिवमंदिर बाबाताल में भक्तों का तांता लगा रहता है, लेकिन सातवें सोमवार को बारह ज्योर्तिलिंगों के दर्शन के लिए मंदिर को खास तरह से सजाया गया था।सभी का पंडित ब्रजकिशोर गर्ग ने पूर्ण विधि-विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ रुद्राभिषेक अभिषेक कराया। विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। शाम को भी सभी



भक्तों ने पहुंचकर बाबाताल सरकार के दर्शन किए एंव ज्योर्तिलिंग तथा पार्थिव शिवलिंग का हिरन नदी मझंगवा घाट में विसर्जन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में ब्राह्मण समाज के संरक्षक अश्वनी कुमार पाठक,जय प्रकाश दुबे,अध्यक्ष राकेश पाठक, महामंत्री प्रवीण कुररिया,सूरज पाठक, सुरेन्द्र तिवारी, राजेश चौबे, नीरज पांडे, संजू दुबे,अभितेन्द्र दुबे, मामा कुररिया, डल्लू दुबे, सुरेन्द्र त्रिपाठी, इंद्रकुमार पांडे, गोपाल पाठक,संजू दुबे, गोलू पांडे, देवेन्द्रधर बडगैंया, राजेश पटेल, प्रमोद बर्मन आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# नागपंचमी में चौरसिया समाज ने पान बरेजों में की नागबेली की पूजा

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** नागपंचमी के अवसर पर गाँधीग्राम,देवनगर, धरमपुरा, माल्हा आदि स्थानों पर चौरसिया समाज के पान कृषक लगभग 300 से अधिक परिवारों ने पान बरेजों पान बरेजे तालाब वाले, बड़ेथर, गुरही, पंडित वारे, बाबा वारे,शहरा,खपरहिया,माह्ला,बंगरा आदि बरेजों में पान की बेलों को नागबेली के रूप में विधि विधान से पूजा की।पान बरेजों के अंदर प्रवेश कर चौरसिया परिवारों ने दोना में गाय का दूध रखकर पान की बेलों के बीच रख,पान के पत्तों पर हल्दी,चन्दन,कुमकुम लगाकर पान पारियों में दुग्धधारा बनाते हुए पूजा अर्चना की पान की बेलों को घर से बनाकर लाये हुये पकवान भी अर्पित किए। चौरसिया समाज के अज्जू चौरसिया, अमन चौरसिया, राजेंद्र ,नरबद चौरसिया,रवि चौरसिया, हरि चौरसिया, प्रतीक चौरसिया ने बताया कि परिवार की आय का मुख्य स्त्रोत पान बरेजे बनाकर पान की खेती करना है। समाज के सतीश चौरसिया अभय चौरसिया, धर्मेंद्र चौरसिया,भूपेन्द्र चौरसिया,खेमचंद चौरसिया,नरबद चौरसिया ,रामधनी,अज्जू, विजय चौरसिया,रविने बताया की वे पान को नागबेली भी कहते है। पान बरेजों में नागबेलि के रूप में पान के पौधे की पूजा की। परिवार सहित इस नागबेली पूजा में शामिल होकर नागदेवता से फसल को सुरक्षित कर वृद्धि की याचना की।चौरसिया समाज ने बताया कि पूजा से न केवल पान बरेजे सुरक्षित रहते हैं अपितु बरेजों में वर्ष भर हरियाली बनी रहती है।

# मूंग-उड़द की राशि का नहीं हो रहा भुगतान, किसानों में रोष

## खाद की कालाबाजारी के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**पनागर, देशबन्धु।** क्षेत्र के किसानों द्वारा बेची गई मूंग उड़द की राशि का भुगतान शान द्वारा एक माह बीत जाने के बाद भी नहीं कराया गया तथा पूरे क्षेत्र में शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर खाद उपलब्ध नहीं है।

दूसरी ओर वही खाद प्राइवेट दुकानों में मनवाने दिन पर दम पर बेची जा रही है शासन की चरमराई व्यवस्थाओं के खिलाफ आज जिला कलेक्टर महोदय के नाम एक ज्ञापन पनागर तहसीलदार को सौंपा गया एवं उनसे मांग की गई की सीकरी किसने का भुगतान कराया जाए किसान इस समय कर्ज लेने की स्थिति में है दूसरी फसल सामने हैं उसके पास पैसे की व्यवस्था नहीं है शासन से किसानों को शीघ्र भुगतान नहीं कराया गया एवं कालाबाजारी रोकने आवश्यक कदम नहीं उठाए तो किसान आंदोलन करने मजबूर होंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी



शासन प्रशासन की होगी ज्ञापन सौंपने वालों में भारतीय किसान यूनियन सर्व के प्रदेश अध्यक्ष सम्मती सैनी जिला पंचायत के उपाध्यक्ष विवेक पटेल भारत कृषक समाज के विमल जैन वीरेंद्र बैरागी पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष तुलसीराम कुशवाहा किसान नेता मुकेश सोनी महाराजपुर सीताराम कुशवाहा अर्जुन पटेल संजय श्रीवास्तव अशोक श्रीवास्तव सुमित यादव सुंदरपुर राकेश यादव तिलगवा रमेश पटेल मनकवारा किशन पटेल सिमरिया सहित सैकड़ो किसान उपस्थित थे शीघ्र निराकरण न होने पर तहसील कार्यालय पनागर के समक्ष अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी दी इस अवसर पर पनागर नायाब तहसीलदार प्रतीक बनसोड़ द्वारा जिला कलेक्टर को ज्ञापन भेजने कहां गया एवं निराकरण का आश्वासन भी दिया।

## सार-समाचार



### नगर में हर्षोल्लास से मनाई नाग पंचमी, अखाड़े में पहलवानों ने किया मल्लयुद्ध

**पाटन, देशबन्धु।** नाग पंचमी के शुभ अवसर पर नगर एवम् ग्रामीण अंचल में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए जहां एक ओर सुबह से ही माताएं बहनें नाग देवता को दूध पिला विधि विधान से पूजा की गई वही नगर में पहलवानों के द्वारा जगह-जगह मल्लयुद्ध हुए और अखाड़ों में विधिवत पूजा भी की गई इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में कबड्डी के भी आयोजन किए गए ग्रामीण क्षेत्रों का प्राचीन खेल कबड्डी है। जो गांव में खेला जाता है।

### शासकीय कला महाविद्यालय में राष्ट्रीय उद्यमिता दिवस मनाया



**पनागर, देशबन्धु।** शासकीय कला महाविद्यालय पनागर में आज राष्ट्रीय उद्यमिता दिवस मनाया गया गया जिसमें महाविद्यालय में समस्त अधिकारी/कर्मचारी एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहें। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. के. जैन के निर्देशन में आयोजित किया गया। छात्र सुदीप सोनी ने सफल उद्यमी कैसे बने पर प्रकाश डाला वही महाविद्यालय की छात्रा कु. कुमकुम बमर्न ने धीरूभाई अंबानी की जीवन यात्रा गरीबी से अमीरी तक की कहानी को बताया। डॉ. मोनिका मसीह, डॉ. सीमा पटारिया एवं कु. पूजा जैन का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय परिवार का योगदान सराहनीय रहा।

### अधेड़ फांसी पर झूला, गोसलपुर थाना क्षेत्र आश्रम मोहल्ला की घटना

**गोसलपुर, देशबन्धु।** गोसलपुर थाना क्षेत्र के आश्रम मोहल्ला वार्ड नंबर 5 निवासी अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अधेड़ का शव उसके भाई ने सोमवार सुबह अपने घर से करीब सौ मीटर की दूरी पर लटका देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस में शव को फंदे से उतरवाया। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए सिहोरा भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।



पुलिस से हासिल जानकारी के मुताबिक वार्ड क्रमांक 5 आश्रम मोहल्ला निवासी मुकेश उर्फ गुड्डा चौधरी (42) रविवार शाम से गायब था। परिवार के लोगों ने उसकी खोज भी उनकी लेकिन देर रात तक उसका कुछ भी पता नहीं चला। सोमवार को मुकेश के भाई शिब्बू चौधरी ने घर से करीब 100 मीटर दूर शिव बबूल के पेड़ में मुकेश को फांसी के फंदे पर लटका देखा। मुकेश ने किन कारणों से फांसी लगाई इसका खुलासा नहीं हो सका है पुलिस के मुताबिक मुकेश मजदूरी का काम करता था। मार्ग कायमकर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### श्री लक्ष्मी प्रसाद खरे का निधन



**सिहोरा, देशबन्धु।** वार्ड नंबर 8 सिहोरा निवासी श्री लक्ष्मी प्रसाद खरे का निधन सोमवार को हो गया हैं । जिनका अंतिम संस्कार मंगलवार को सुबह 10 बजे बाबाताल शमशान घाट में किया जाएगा।आप अधिवक्ता श्री उमा प्रसाद खरे के छोटे भ्राता एबं डब्बू खरे के चाचा हैं।

# मझौली थाना पुलिस के सुस्त और निष्क्रिय रवैये के कारण आसपास के क्षेत्र में चोरों का है बोलबाला

**मझौली, देशबन्धु।** जबलपुर जिले के अंतर्गत आने वाले मझौली थाना क्षेत्र में बढ़ रही चोरिया अपराध को रोकने में मझौली पुलिस का रवैया सुस्त देखने को मिल रहा लगातार 6 माह से मझौली मैं बढ़ती चोरिया महिलाओं पर बढ़ते अपराध ओर इलाकों के गांव-गांव में जोरों से फल-फूल रहा सट्टा शराब का काम जिसे रोकने में पुलिस की कार्य-प्रणाली संदेह के घेरे में नज़र आ रही है। इसकी प्रमुख वजह वर्षों से जमे पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी है।

कई वर्षों से मझौली थाने में जमे होने के कारण सट्टा शराब गांजा का अवैध कार्य करने वाले कारोबारियों के इन से मधुर संबंध बन गए है ग्रामीणों ने बताया कि इलाकों के युवाओं में सट्टे शराब के बढ़ते प्रचलन के लिए आखिर कौन जिम्मेवार है। चुनाव सिर पर लेकिन भाजपा के मौजूदा विधायक जिले के प्रभारी मंत्री ओर भाजपा के पदाधिकारों को इस बात को बिल्कुल भी चिंता नहीं है कि मझौली नगर एवं ग्रामीण इलाकों में खुलेआम चल रहे सट्टे ओर शराब का कारोबार से भाजपा की छवि जनता की नजरों में खराब हो रही है और आने वाले विस चुनाव के समय बिगड़ी हुई छवि से जुझना तो भाजपा के मौजूदा प्रत्याशी को पड़ेगा और इसके साथ ही जनता का गुस्सा भी झेलना पड़ेगा। नगर एवं ग्रामीण इलाके




का युवा वर्ग सट्टे के दलदल में फंसकर अपनी जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहा है। सट्टा खेलने के बाद हारा युवक शराब के ठेके पर पहुंच जाता है और सट्टा के साथ-साथ वह युवक नशे की लत में चढ़ जाता है और हमारे चुने हुए जनप्रतिनिधियों को अपनी भावी जिंदगी की कोई परवाह नहीं है। नशे और सट्टे के दलदल में अमीरजादों के लाड़लों के साथ-साथ गरीब तबकों के बच्चे भी बुरी तरह फंस चुके हैं। सट्टा खेलकर हारे हुए युवक पैसे के लिए किसी का भी मर्डर लूट पाट करने से भी नहीं चूकते है। युवाओं में बढ़ते नशे और सट्टे के प्रचलन का मुख्य कारण सट्टा पर्ची को खुली छूट सट्टे और नशे की लत से विस क्षेत्र में बड़ रही आपराधिक घटनाए सट्टे में पैसे हारने के बाद युवाओं को नशे की लत लग जाती है युवा नशे के लिए कुछ भी कर गुजरने हर पल तैयार रहते हैं।, गांजा, का नशा इतना खतरनाक होता है कि ये न मिले तो नशेड़ी युवक इसके बिना तड़पने लगता है और ऐसी स्थिति में वह कुछ भी करने हरदम तैयार रहता है नशे की लत के कारण वह हत्या, लूट-पाट, जेवकटी, चोरी चैन सैचिंग मोटर साईकिल चोरी जैसी संगीन वारदातों को अंजाम देता है।

# मुख्यमंत्री के सिहोरा न आने से सिहोरा वासियों में निराशा व आक्रोश

**सिहोरा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इसी माह लगातार दूसरी बार प्रस्तावित सिहोरा आगमन कार्यक्रम के निरस्त होने से सिहोरा वासियों में निराशा और आक्रोश दोनो है।सिहोरा आने की खबरों के बीच ऐसे कयास लगाए जाने लगे थे कि शिवराज सिहोरा के मतदाताओं के लगातार भाजपा को चुनने की कीमत चुकाने आ रहे है। लेकिन ऐसा ना हो सका और लगातार दो बार मुख्यमंत्री ने अपना सिहोरा आने का प्रस्तावित द्वारा निरस्त कर दिया।

जिला बनने की जागी थी आशा - जानकारों की माने तो इससे पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का 9 अगस्त को सिहोरा आना प्रस्तावित था परंतु वह निरस्त हो गया इसके बाद आगामी 25 अगस्त को उनके आगमन का प्रस्तावित कार्यक्रम मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी भी कर दिया गया।वो फिर निरस्त हो गया। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सिहोरा में चर्चा का वातावरण था कि इस चुनावी समर में उन्हें सिहोरा जिला की सौगात मुख्यमंत्री जरूर देंगे।

सिहोरा बुलाने लगाएंगे जोर- ऐसा माना जा रहा है कि माननीय मुख्यमंत्री का सिहोरा की बजाय पाटन विधानसभा के कटंगी में आगमन होना प्रस्तावित हो गया है ।क्योंकि कटंगी से सिहोरा की दूरी ज्यादा नहीं है आंदोलनकारी उस दिन सुबह से ही सैकड़ो की संख्या में भूख हड़ताल पर बैठकर मुख्यमंत्री को कटंगी से सिहोरा बुलाने का आह्वान करने की योजना बना रहे है। इस हेतु उन्होंने विधिवत रूप से एसडीएम सिहोरा को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम पत्र भी जारी करने का निर्णय लिया है। इसी बीच क्रमिक भूख हड़ताल जारी रही और भूख हड़ताल पर नत्थू पटेल,अजय विश्वकर्मा,सुरेंद्र चौधरी,आशीष चौरसिया पूरे दिन बैठे रहे।जिला पंचायत सदस्य प्रदीप पटेल ने उनकी भूख हड़ताल खत्म कराई।

# गौरीघाट से कांवड़ यात्रा पहुंची निभोरा छतरपुर शिवधाम

## भगवान शिव पर चढ़ाया जल

**पनागर,देशबन्धु।** ग्राम छतरपुर नीभौरा पनागर क्षेत्र के आसपास के धर्म भक्तों ने आज सुबह 5बजे मां नर्मदा के चरणों में गोरीघाट पहुंचकर मां नर्मदा का पूजन कर नर्मदा जल को लेकर कावड़ यात्रा के माध्यम से बम बम भोले का उद्घोष करते हुए लगभग 50 किलोमीटर की पदयात्रा कर शिव धाम पहुंची रास्ते में तीन पट्टी नगर निगम चौक जबलपुर में केवट समाज रानीताल के द्वारा मिलोनीगंज में विधायक सुशील तिवारी के निवास में कावड़ियों का स्वागत गोहलपुर में भारत सिंह यादव महाराजपुर में पार्षद लक्ष्मण गोटिया भाजपा के जिला मंत्री दिनेश पटेल ने अपने निवास स्थान में नगर पालिका पनागर के सामने कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री समझी सैनी जी द्वारा तथा पनागर के हृदय स्थल कमानिया गेट पर आदर्श व्यापारी संघ पनागर के अध्यक्ष पदम मोदी जी के तत्वाधान में स्वागत बंधन अभिनंदन किया गया विभिन्न प्रकार के फल फूल कांवड़ियों को प्रदान किए गए और संघ के अध्यक्ष पदम मोदी द्वारा यहां पर यात्रियों का तिलक लगाकर स्वागत वंदन अभिनंदन किया गया इस अवसर पर पूर्व विधायक पंडित नरेंद्र त्रिपाठी सांसद प्रतिनिधि विमल जैन भाजपा महिला मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती मनीषा मोदी श्रीमती कांति अशोक सैनी जम्मू यादव बालकिशन कुशवाहा संजू कुशवाहा आदित्य कुशवाहा वीरू उपाध्याय राजेंद्र पटेल मनोज चौधरी महेश कुकरेजा आदित्य



को व्यापारी उपस्थित थे कावड़ियों को प्रसाद के रूप में मखाने दिए गए जगह जगह कांवरियों को स्वागत के साथ-साथ लोगों ने अनेक जगह पेयजल की व्यवस्था भी की थी भगवान शिव के नारे लगाते हुए चल रहे थे।



# जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहोरा में हुआ आयोजन

**सिहोरा, देशबन्धु।** छात्र छात्राओं के फिटनेस व उज्वाल भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के व्यवस्थापक अनुपम सराफ के निर्देशन,विद्यालय प्रचार्य विनोद गर्ग के मार्गदर्शन पर शालेय कीड़ा प्रमुख उमेश विश्वकर्मा के नेतृत्व में विद्यालय के समस्त आचार्य दीदीयों के सहयोग से एकल कीड़ा प्रतियोगिता एथलेटिक्स संपन्न हुई जिसमें शिशु वर्ग से तरुण वर्ग तक के 100 भैया बहनों ने सभी प्रकार की फेल कूद एवं 50 मीटर दौड़ 100, मीटर 200 मीटर 400 मीटर 800 मीटर 1500 मीटर एवं 3000 मीटर दौड़ में भाग लिया गया । इस खेल कूद प्रतियोगिताओं में प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान में चयनित हुए विद्यालय के सभी वर्गों के भईया,बहनों ने प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया है । उन सभी को दिनांक 24अगस्त 2023 को जबलपुर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु एस एफ ग्राउंड रांझी में सम्मिलित किये जायेगें । जिले में विजेता भैया बहन विभाग स्तरीय प्रतियोगिता 25 अगस्त को पुनः एसएएफ ग्राउंड में सम्मिलित होंगे विद्यालय व्यवस्थापक ने विद्यालय में विजेता भैया बहनों को बधाई एवं जिले में जीत हासिल करने की उपलब्धि प्राप्त हो सभी के लिए आशीष प्रदान हो की बात कही।

# उच्च माध्यमिक शिक्षक राजपत्रित अधिकारी संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** उच्च माध्यमिक शिक्षक राजपत्रित अधिकारी संघ ने प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री ,माननीय स्कूल शिक्षा मंत्री तथा प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा के नाम उच्च माध्यमिक शिक्षक संवर्ग की मांगों के निराकरण हेतु कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।

संगठन की प्रमुख मांगों में उच्च माध्यमिक शिक्षक संवर्ग के राजपत्रित अधिकारी होने का प्रथक से आदेश जारी करने ,नवनियुक्त शिक्षकों को शत प्रतिशत वेतन भुगतान का आदेश जारी करने, उच्च पद प्रभार तथा पदोन्नति में व्याख्याताओं के साथ आनुपातिक संख्यात्मक मान से प्रभार/पदोन्नति प्रदान करने, उच्च पद प्रभार ग्रहण न करने से रिक्त हाई स्कूल प्राचार्य तथा हायर सेकेंडरी प्राचार्य के पद पर उच्च माध्यमिक शिक्षक संवर्ग को उच्च पद का प्रभार देने , उच्च माध्यमिक शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता के आधार पर व्याख्याताओं व उच्च माध्यमिक शिक्षकों की समेकित सूची जारी कर वरिष्ठता का निर्धारण करने ,व्याख्याताओं के समान 10 - 20 - 30 वर्ष में समयमान वेतनमान प्रदान करने, प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान करते हुए पुरानी पेंशन प्रदान करने आदि शामिल हैं।



मांगों की पूर्ति न होने पर प्रदेश स्तर पर उच्च माध्यमिक शिक्षकों के सम्मान व अधिकारों की लड़ाई के लिए आंदोलन किया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार माननीय न्यायालय की शरण में संगठन जाएगा ।ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से प्रेमनारायण तिवारी ,घनश्याम बर्मन,सुरेंद्र जैन, आशीष श्रीवास्तव, पी एल रैदास, घनश्याम सिंह ठाकुर, अरविंद ज्योतिषी, डी सी अहिरवार, गनपत लाल झारिया आदि शामिल रहे।

# शिक्षकों और कर्मचारियों को दिया जाए गृह भाड़ा भत्ता

**पनागर, देशबन्धु।** म.प्र. शिक्षक कांग्रेस जिला शाखा जबलपुर के अध्यक्ष पं. विश्वदीप पटैरिया ने जारी विज्ञप्ति में मध्यप्रदेश शासन से मांग की है कि प्रदेश के शिक्षकों को छटवें वेतनमान के अनुसार गृह भाडा भत्ता दिया जा रहा है जबकि केन्द्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ राज्य के कर्मचारियों को सातवें वेतन मान अनुसार गृह भाडा भत्ता दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश के शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ अन्याय हो रहा है जो अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। अतः शासन से शीघ्र ही गृह भाडा भत्ता सातवें वेतन मान के अनुसार देने की मांग शिक्षक कांग्रेस के पं. विश्वदीप पटैरिया, किशन विश्वकर्मा, तीरथ साहू, कमलेश पटेल, विजय शंकर बाजपेयी, प्रदीप पटेल, सोनू पटेल, अरुण दीवान, राधे यादव, पवित्र खरे, सुरेश कोरी, आदि शिक्षक नेताओं ने मध्यप्रदेश शासन से शीघ्र गृह भाडा भत्ता देने की मांग की है।

# कर्नाटक सरकार ने मंदिरों के अनुदान रोकने का आदेश लिया वापस

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने सरकारी हिंदू मंदिरों के विकास कार्यों के लिए मिलने वाले अनुदान रोकने संबंधी आदेश वापस ले लिया है। कर्नाटक के मुजराई मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने आदेश को लेकर स्पष्टीकरण देते हुए कहा है कि विभाग द्वारा जारी किया गया सर्कुलर भ्रामक था और सरकार का इरादा मंदिरों को मिलने वाली किसी भी अनुदान को रोकने का नहीं है। रेड्डी ने कहा कि आयुक्त और प्रमुख सचिव सहित मुजराई विभाग के अधिकारियों को आदेश वापस लेने के लिए कहा गया है। राज्य द्वारा संचालित हिंदू मंदिरों को मिलने वाले अनुदान के खिलाफ आदेश पर जनता के रोष का सामना करने के बाद यह निर्णय लिया गया। उल्लेखनीय है कि मई में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद से ही उसके हिंदू विरोधी रुख के लिए आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। सिद्धारमैया की उडुपी फिल्मांकन से निपटने और मवेशी वध को अपराध की श्रेणी से बाहर करने की योजना जैसे मुद्दों पर आलोचना की गई है।

# बस में आग लगने से 20 लोगों की मौत,15 झुलसे

**इस्लामाबाद,** । पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत के हफीजाबाद जिले में रविवार को एक पिकअप वैन से टकराने के बाद एक बस में आग लग गयी जिससे 20 से अधिक लोगों की जलकर मौत हो गई और 15 अन्य झुलस गए। बचाव एवं स्वास्थ्य सेवा अधिकारियों ने कहा कि फैसलाबाद टोल प्लाजा पर एक बस ईंधन के ड्रम ले जा रह रहे एक पिकअप वैन से टकरा गई, जिसके बस में आग लग गई। इस हादसे में कम से कम 20 लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी और 15 अन्य झुलस गये। सूचना मिलने पर बचावकर्मी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ितों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में से तीन की हालत गंभीर है। बस में लगभग 40 यात्री सवार थे। हादसे के समय बस कराची से इस्लामाबाद जा रही थी।

■ पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत के हफीजाबाद जिले की है घटना



## पाकिस्तान में बम धमाके में 11 मजदूरों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में बम विस्फोट से कम से कम 11 मजदूरों की मौत हो गई और दो घायल हो गए। बचाव एवं राहत सेवा ने रविवार को यह जानकारी दी। यह विस्फोट जिले के शवाल इलाके में हुआ, जिसमें मजदूरों को ले जा रहे एक वाहन के परखच्चे उड़ गए। वाहन में कुल 16 मजदूर सवार थे। बचाव सेवा ने कहा कि विस्फोट के बाद कानून प्रवर्तन एजेंसियां घटनास्थल पर पहुंचीं और इलाके की घेराबंदी कर दी।

## पाकिस्तान में गिरफ्तार 13 लोगों में प्रमुख आतंकी कमांडर भी शामिल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) ने अलग-अलग खुफिया आधारित अभियानों के दौरान 13 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है जिनमें तीन आतंकवादी कमांडर भी शामिल हैं। सीटीडी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों में प्रतिबंधित संगठन इस्लामिक स्टेट के तीन हाई-प्रोफाइल आतंकवादी कमांडर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन प्रांत के विभिन्न जिलों में चलाए गए थे। विभाग ने कहा कि आतंकवादी प्रांत में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पुलिस की समय पर कार्रवाई ने प्रांत को एक बड़ी आपदा से बचा लिया। सीटीडी के बयान में कहा गया, सीटीडी एक सुरक्षित पंजाब के लक्ष्य की दिशा में काम कर रहा है और अधिकारी आतंकवाद के संकट को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सीटीडी कर्मियों ने ऑपरेशन के दौरान तात्कालिक विस्फोटक उपकरण, डेटोनेटर और विस्फोटक सहित हथियारों का एक जखीरा भी जब्त किया। पुलिस ने गिरफ्तार आतंकवादियों के खिलाफ अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं, जिन्हें आगे की जांच के लिए अज्ञात स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया है।

# मुकदमे के बाद ट्रंप को सहानुभूति में मिले लाखों डॉलर

■ पिछले तीन अभियोगों में भी इसी तरह का पैटर्न देखा गया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में फुल्टन काउंटी डीए फानी विलिस द्वारा पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके सहयोगियों के खिलाफ व्यापक अभियोग की घोषणा के तुरंत बाद एक धन जुटाने वाले ईमेल का खुलासा हुआ। पिछले तीन अभियोगों में भी इसी तरह का पैटर्न देखा गया। उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार, उनके अभियान ने पहले दो अभियोग के दौरान लाखों की राशि जुटाई। अंतिम दो का विवरण सितंबर में समाप्त होने वाली इस तिमाही की घोषणा की समय सीमा के बाद ही उपलब्ध होगा। ट्रंप समर्थकों को ईमेल में कहा गया है कि अभियोग व्हाइट हाउस को बाइडेन के नियंत्रण में रखने और 2024 के चुनाव के अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी को जेल में डालने के प्रयास में डेमोक्रेट की ओर से चुनाव में हस्तक्षेप है। एक पॉर्न स्टार को गुप्त धन के भुगतान के संबंध में बिजनेस रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के मैनहट्टन मामले में मार्च में अभियोग के बाद, ट्रंप के धन उगाहने वाली समिति ने बताया कि उन्होंने अगले तीन हफ्तों में 68 प्रतिशत अधिक राशि जुटाई। अन्य रिपोर्टों के अनुसार ट्रंप ने अभियोग के बाद सप्ताह में 13.5 मिलियन डॉलर जुटाए। और उनके लिए इस चुनाव चक्र में दान 4 अप्रैल को अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जिस दिन इस मामले में मैनहट्टन अदालत में उन पर मुकदमा चलाया गया - उस दिन का धन संग्रह 3.9 मिलियन डॉलर तक पहुंच गया।



## आज का इतिहास

1320–नसीरूद्दीन खुसरू को गाजी मलिक ने हराया

1639–ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई (तत्कालीन मद्रास) की स्थापना की।

1848–अमेरिका ने न्यू मैक्सिको पर क़ब्ज़ा किया।

1849–इतिहास का पहला हवाई हमला– ऑस्ट्रिया ने इटली के शहर वेनिस में चालक रहित गुब्बारों से हमला किया।

1851–ऑस्ट्रेलिया में सोने की खानों के इलाके की खोज हुई।

1894–नेटाल भारतीय कांग्रेस की स्थापना महात्मा गाँधी द्वारा 22 अगस्त को की गई थी।

1910–जापान ने पांच साल तक कोरिया का संरक्षण करने के बाद उस पर क़ब्ज़ा किया।

1914–ब्रिटिश और जर्मन सैनिकों के बीच बेल्जियम में पहली मुठभेड़ हुई।

1921–राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने विदेशी वस्त्रों की होली जलाई।

1955–प्रसिद्ध फ़िल्म अभिनेता और राजनीतिज्ञ चिरंजीवी का जन्म।

1978–केन्या के पहले राष्ट्रपति जोमो केन्याता का 83 साल की उम्र में निधन।

## सुडोकू 6293

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | 7 | 9 | 1 | | |
| | 8 | 5 | | | 4 | | | |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | | | | |
| | 5 | 6 | 4 | 3 | | 2 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 3 | | 2 | | 5 | 8 | 9 | 7 | |
| | | | | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| | | | 2 | | | 6 | 3 | |
| | | 7 | 3 | 4 | | | 1 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## सार संक्षेप

### धनखड़ ने लद्दाख हादसे पर दुख जताया

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लद्दाख में सड़क दुर्घटना में सेना के नौ जवानों की मौत की घटना पर गहन दुख जताया है। धनखड़ ने अपने शोक संदेश में कहा कि लद्दाख में सड़क दुर्घटना में हमारे बहादुर सेना के जवानों की जान जाने से बहुत दुख हुआ। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएँ। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। हादसा शनिवार को लद्दाख में लेह जिले के क्यारी शहर से सात किलोमीटर दूर उस समय हुआ जब सेना के तीन वाहनों का एक छोटा काफिला इलाके में जा रहा था और इसी दौरान एक वाहन गहरी खाई में गिर गया। हादसे में नौ सैनिकों की मौत हो गई।

### त्रिपुरा में आवासीय विद्यालय के 12 छात्र अस्पताल में भर्ती

**अगरतला।** त्रिपुरा में खोवाई जिले के एक आवासीय विद्यालय में बीमार पड़ने के बाद 12 छात्राओं को तेलियामुरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जूनियर सेक्शन के छात्र शनिवार को अचानक पेट खराब, उल्टी और सांस लेने में समस्या से पीड़ित हो गए और उन्हें तेलियामुरा उप-विभागीय अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि वे सभी खतरे से बाहर हैं और यह स्वास्थ्य समस्या अत्यधिक गर्मी और आर्द्र मौसम में खाद्य विषाक्तता के कारण हो सकती हैं।

### मुंबई में 15 करोड़ की कोकीन के साथ महिला समेत दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई में 1496 ग्राम कोकीन की तस्करी करने के आरोप में एक भारतीय यात्री को गिरफ्तार किया है। इस कोकिन की कीमत मार्केट में 15 करोड़ रुपये बातई जा रही है। बाद में, कोकीन प्राप्त करने वाली युगांडा देश की महिला को भी पकड़ लिया गया। आरोपी अदीस अबाबा से मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंचा। डीआरआई अधिकारी ने कहा कि उसके कब्जे से 1496 ग्राम सफेद पाउडर बरामद किया गया, जिसे कोकीन बताया जा रहा है। एक गुप्त सूचना के बाद उसे पकड़ लिया गया।

### तेलंगाना में गद्दे के गोदाम में लगी आग

हैदराबाद। तेलंगाना में रंगारेड्डी जिले के टाटानगर, मैलारदेवपल्ली स्थित गद्दे के गोदाम में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि स्थानीय निवासियों ने गद्दे के गोदाम में आग की लपटें उठती देखीं और तुरंत पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचित किया। मौके पर तीन दमकलों को भेजा गया और आग पर तेजी से काबू पाया गया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में आग लगने का संभावित कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

## ब्रिटिश कोलंबिया ने लगाया यात्रा प्रतिबंध

ओटावा। कनाडा की ब्रिटिश कोलंबिया सरकार ने शनिवार को कहा कि वह आपातकाल की स्थिति के बीच जंगल की आग से प्रभावित क्षेत्रों में गैर-जरूरी यात्रा पर प्रतिबंध लागू करेगी। प्रांत के प्रमुख डेविड एबी ने शनिवार दोपहर एक संवाददाता सम्मेलन में वहां से हटाये गये लोगों के लिए आवास खाली करने के आदेश की घोषणा की। सरकार ने हजारों लोगों को उनके घरों से निकाले जाने की वजह से प्रांतीय आपातकाल की घोषणा कर दी है। आदेश के तहत सरकार अस्थायी आवास में रहने की योजना बना रहे किसी भी व्यक्ति के लिए केलोना, कमलूप्स, ओलिवर, ओसियोस, पेंटिक्टन और वर्नोन सहित समुदायों की पर्यटक-संबंधित, गैर-आवश्यक यात्रा को प्रतिबंधित कर रही है। एबी ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि वहां से निकलने वाले या आग से प्रभावित लोगों के लिए पर्याप्त अस्थायी आवास उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि पूरे प्रांत में करीब 35 हजार लोगों को निकासी के आदेश दिए गए हैं और अन्य 30 हजार लोगों को निकासी की चेतावनी पर रखा गया है।

## यूक्रेन ने किया रूस के कुर्स्क में रेलवे स्टेशन पर हमला

**मॉस्को।** यूक्रेन ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र में रेलवे स्टेशन पर ड्रोन से हमला किया जिसमें पांच लोग घायल हो गए हैं। कुर्स्क के गवर्नर रोमन स्टारोवोइट ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'टेलीग्राम' पर कहा, कुर्स्क में यूक्रेन ने किया ड्रोन हमला। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ड्रोन रेलवे स्टेशन की इमारत की छत से टकरा गया जिससे छत पर आग लग गई। कांच के टुकड़ों से पांच लोग घायल हो गए। गवर्नर ने बताया कि हमले में स्टेशन की छत, आगे का हिस्सा और प्लेटफार्म क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होंने कहा, छत, आगे का हिस्सा और पहला प्लेटफार्म क्षतिग्रस्त हो गया। साथ ही विस्फोट की धमक से प्रतीक्षालय और पैदल यात्री सुरंग को भी नुकसान पहुंचा है। हम जल्द से जल्द मरम्मत का काम शुरू करेंगे। निरीक्षण के बाद सवारी ट्रेनें अब स्टेशन में प्रवेश किए बिना उत्तर और दक्षिण की ओर से जा रही हैं। उन्होंने बताया कि, विस्फोट के समय इमारत में 50 यात्री थे, जिन्हें तुरंत बाहर निकाल लिया गया। जून की शुरुआत में यूक्रेन जवाबी कार्रवाई शुरू करने के बाद से प्रतिदिन रूस के क्षेत्र में ड्रोन से हमले कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने इस कार्रवाई की निंदा की है।



## रूस के बुराटिया बाढ़ के चलते आपातकाल घोषित

**मॉस्को।** रूस के बुराटिया गणराज्य में एक बांध टूटने, नदी से पानी बहने और रेलवे ट्रैक के क्षतिग्रस्त होने के बाद आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गई। क्षेत्रीय प्रमुख ने रविवार को यह जानकारी दी। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी के अनुसार, बुराटिया के प्रमुख एलेक्सी त्सिडेनोव ने अपने सोशल मीडिया चैनल पर कहा कि उन्होंने सेवेरो-बाइकाल्स्की जिले की स्थिति पर एक आयोग का गठन किया, जहां कोल्ड रिवर और बैकाल-अमूर मेनलाइन (बीएएम) भारी वर्षा से प्रभावित थे। उन्होंने कहा कि राहत प्रयासों के समन्वय के लिए एक मुख्यालय का गठन किया गया है और क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे को बहाल करने के लिए सड़क और निर्माण उपकरण का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल स्तर कम हो रहा है और लोगों को कोई खतरा नहीं है।

## लेबनान में हथियारबंद गिरोह ने आठ स्कूलों पर किया कब्जा किया

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान में सशस्त्र समूहों ने ऐन अल-हेलवे फ़िलिस्तीनी शरणार्थी शिविर में एक और स्कूल पर कब्जा कर लिया है जिसे मिलाकर ऐसे स्कूलों की कुल संख्या आठ हो गई है।

लेबनान में फ़िलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के निदेशक डोरोथी क्लॉस ने एक बयान में कहा, हमें इमारतों को गंभीर नुकसान और स्कूलों से शैक्षिक सामग्री और उपकरणों की लूट की विश्वसनीय रिपोर्ट मिल रही है। यूएनआरडब्ल्यूए ने बयान में दोहराया कि सभी सशस्त्र समूहों से स्कूलों सहित ऐन अल-हेलवे शिविर में तुरंत खाली करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उनकी उपस्थिति संयुक्त राष्ट्र सुविधाओं की तटस्थता और सुरक्षा का घोर उल्लंघन है और शिविर में रहने वाले हजारों फिलिस्तीनी शरणार्थी बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ आगामी शैक्षणिक वर्ष की समय पर शुरुआत के लिए एक गंभीर खतरा पैदा करती है। बयान के अनुसार, सशस्त्र समूहों द्वारा अपनी सुविधाओं पर कब्जे के विरोध में यूएनआरडब्ल्यूए ने शुक्रवार को शिविर में अपनी सेवाएं निलंबित कर दीं और इसके बाद शनिवार सुबह आंशिक रूप से अपनी सेवायें बहाल कर दी ।बयान में कहा गया है कि एजेंसी शिविर में स्वास्थ्य, ठोस अपशिष्ट संग्रह और राहत सेवाओं सहित सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। पूरे शिविर तक पहुंच की मांग की गई है ताकि एजेंसी की सेवाएं सभी 50 हजार फिलिस्तीनी शरणार्थियों तक पहुंच सकें ।लेबनान के सबसे बड़े फ़िलिस्तीनी शरणार्थी शिविर ऐन अल-हेल्वे में 29 जुलाई को फ़िलिस्तीनी फ़तह आंदोलन के सदस्यों और इस्लामी कार्यकर्ताओं के बीच झड़पें हुईं।




## सूखे के बावजूद श्रीलंका ने चावल की कमी से किया इनकार

**कोलंबो।** श्रीलंका ने मौजूदा फसल पर शुष्क मौसम के प्रभाव के बावजूद अगले खेती सीजन की फसल तक चावल की कमी से इनकार किया है। कृषि मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में कहा। कृषि मंत्री महिंदा अमरवीरा के हवाले से बयान में कहा गया है कि चालू सीजन में 503,000 हेक्टेयर में धान की खेती की गई है, जिनमें से कुछ सूखे से प्रभावित हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्री ने कहा कि भविष्य में चावल की कमी नहीं होगी क्योंकि पिछले खेती के मौसम में अच्छी फसल हुई थी। श्रीलंकाई मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वानुमान लगाया है कि सितंबर के अंत तक शुष्क मौसम जारी रहेगा। चावल श्रीलंका का मुख्य भोजन है और दक्षिण एशियाई देश में साल में दो बार इसकी खेती की जाती है।



## वर्ग पहेली 6293



**बायें से दायें:-**

१. सुध-बुध खोया हुआ, जिसके होश हवास ठिकाने न हो (उर्दू)
४. आल्हाद कारक, आनंदकारक, पारस्परिक सद्भाव
६. सीमा, प्रतिष्ठा
७. उत्तराधिकारी (उर्दू)
८. परिमाण, माप-तौल (उर्दू)
१०. बिजली, गाज
११. आवश्यक, जरूरी (उर्दू)
१३. हारा हुआ, जिस पर किसी ने विजय पा ली हो
१४. गड़बड़, गोलमाल
१५. सज्जन, भलामानुस
१७. काल, अवसर
१९. यतीम
२१. एक तरह की चपाती जिसे तेल आदि में तलकर या आग में भूनकर खाया जाता है
२२. कन्नी काटना, बचकर निकल जाना
२४. ख्याति प्राप्त करना (मुहावरा)

**ऊपर से नीचे:-**

१. शक्तिशाली
२. सहयात्री
३. बुद्धिमान
४. गाज, बिजली
५. मध्यभारत की एक नदी
९. चांदी का बना हुआ
११. निर्धन, कंगाल
१२. जंगल, वन
१३. चमकना, रूबरू होना, प्रणय क्रीड़ा, आनंद
१४. कम होना, वृत्तांत, वाकिया
१५. भर पाने या चुकता हो जाने का भाव
१६. कसकर बांधना
१८. शराब
१९. ज्यादा, बहुत
२०. अत्यधिक, श्रम से शरीर शिथिल होना
२३. स्त्री, महिला

### वर्ग पहेली-6292

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| च | टु | ला | ल | स | ■ | व | क्ष | स्थ | ल |
| र्म | ■ | भ | ■ | म | वे | शी | ■ | गि | ■ |
| का | रिं | दा | ■ | झ | ■ | क | ल्प | त | रू |
| र | ■ | य | ■ | दा | य | र | ■ | ■ | प |
| ■ | मि | क | दा | र | ■ | ■ | ब | ढ़ि | या |
| ■ | लिं | ■ | खि | ■ | वि | द्रो | ह | ■ | पै |
| ब | द | हा | ल | ■ | वा | ■ | स | ह | सा |
| र | ■ | स्य | ■ | वा | ह | क | ■ | ल | ■ |
| सा | रं | गी | ■ | सू | ■ | जा | य | फ | ल |
| त | ■ | त | त्प | र | ता | ■ | ■ | ■ | ज्जा |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## ताकत — ब्रिक्स में ब्राजील, रूस, भारत, चीन व दक्षिण अफ्रीका हैं शामिल

# अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आकर्षित कर रही ब्रिक्स की मजबूती

**बीजिंग,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। ब्रिक्स, एक उभरता हुआ बाजार समूह जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं, इस महीने के अंत में अपनी 15वीं वार्षिक आम सभा, ब्रिक्स 2023 शिखर सम्मेलन आयोजित करेगा। इसकी सदस्यता का विस्तार आगामी शिखर सम्मेलन के प्रमुख विषयों में से एक है, जो दुनिया भर से व्यापक ध्यान आकर्षित कर रहा है। इस बीच, बड़ी संख्या में देशों ने इसमें शामिल होने की उत्सुकता व्यक्त की है।

दक्षिण अफ्रीका सरकार के अनुसार, 40 से अधिक देशों ने विकासशील देशों के इस समूह में शामिल होने में रुचि व्यक्त की है। अब तक 20 से अधिक देशों ने औपचारिक रूप से नए ब्रिक्स सदस्य बनने के लिए आवेदन किया है, जिनमें सऊदी अरब, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, अर्जेंटीना, इंडोनेशिया, मिस्र और इथियोपिया शामिल हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि एक दशक से अधिक के विकास के बाद ब्रिक्स सहयोग काफी मजबूत हुआ है।

इस बीच, अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने ब्रिक्स को व्यापक रूप से मान्यता दी है और उसका समर्थन किया है, और यह गुट अंतर्राष्ट्रीय मामलों में एक सकारात्मक, स्थिर और रचनात्मक शक्ति बन गया है।



चीन में विकासशील देशों के अध्ययन विभाग के निदेशक वांग यूमिंग ने कहा, कई देश ब्रिक्स प्रणाली में शामिल होना चाहते हैं, क्योंकि यह उनके आर्थिक आकार के अनुरूप एक अंतर्राष्ट्रीय बिजली प्रणाली स्थापित करने और वर्तमान वैश्विक शासन प्रणाली में असंतुलन को तोड़ने में मदद कर सकता है।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, हम ब्रिक्स के बड़े परिवार में समान विचारधारा वाले साझेदारों को लाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स बहुपक्षवाद को बनाए रखने और वैश्विक शासन सुधारों को सख्ती से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। बता दें कि 15वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 22 से 24 अगस्त तक दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में आयोजित होने वाला है। यह कोविड-19 महामारी फैलने के बाद से पहला 'इन-पर्सन' ब्रिक्स शिखर सम्मेलन होगा।

# खेल जगत

## माही भाई हमेशा कहते हैं 'फ्यूचर की टेंशन मत लो' : ऋतुराज

**डबलिन।** भारत के उप-कप्तान ऋतुराज गायकवाड़, जिन्होंने आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में शानदार अर्धशतकीय पारी खेली, ने इस जीत के बाद सीएसके के कप्तान एमएस धोनी से नेतृत्व के पहलुओं को सीखने के बारे में बात की। घरेलू क्रिकेट में महाराष्ट्र का नेतृत्व करने वाले ऋतुराज गायकवाड़, जिन्हें आयरलैंड श्रृंखला के लिए उप-कप्तान बनाया गया है और इस साल चीन में आगामी एशियाई खेलों के लिए टीम का नेतृत्व करेंगे, उन्होंने अपनी शानदार परफॉर्मेंस का श्रेय अपनी आईपीएल टीम के कप्तान एमएस धोनी को दिया है। ऋतुराज ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगता है कि नेतृत्व की भूमिका बहुत जटिल है। माही भाई हमेशा यही कहते हैं कि एक समय में एक ही मैच के बारे में सोचना चाहिए। बस वर्तमान क्षण में रहें, भविष्य के बारे में चिंता न करें। हर कोई प्रचार करता है, चाहे कुछ भी हो। मैं उस तरह का व्यक्ति नहीं हूं जो वास्तव में सोशल मीडिया देखता हूं कि कोई मेरे बारे में क्या कह रहा है।



# राहुल और श्रेयस की एशिया कप के लिए भारतीय क्रिकेट टीम में वापसी

■ फिट बुमराह व प्रसिद्ध कृष्ण भी वन डे में लौटे ■ तिलक वर्मा नया चेहरा, सैमसन रिजर्व खिलाड़ी ■ चहल और अश्विन को नहीं मिली टीम में जगह

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** (देशबन्धु)। मध्यक्रम के बल्लेबाज केएल राहुल जांघ की मांसपेशी और श्रेयस अय्यर ने पीठ की चोट से उबरने के बाद एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए भारत की 17 सदस्यीय वन डे टीम में वापसी की है। पाकिस्तान और श्रीलंका संयुक्त रूप से 30 अगस्त से 17 सितंबर तक चलने वाले वन डे एशिया कप की मेजबानी करेंगे। इसमें कुल छह टीमें शिरकत करेंगी। भारत के लिए वेस्ट इंडीज में उसके घर में टी-20 सीरीज में दमदार प्रदर्शन करने वाले नवोदित बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा एशिया कप के लिए टीम में स्थान बनाने में कामयाब अकेला नया चेहरा है। तिलक वर्मा को अभी भारत के लिए वन डे क्रिकेट में अपने करियर का आगाज करना है। वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन रिजर्व खिलाड़ी होंगे। 20 बरस के तिलक वर्मा ने भारत के लिए अभी तक सात टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और एक अर्द्धशतक सहित कुल 174 रन बनाए हैं।

चोट के बाद ऑपरेशन कराने के बाद फिट होकर भारत को आयरलैंड में टी-20 सीरीज जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्ण भी एशिया कप के लिए भारतीय वन डे टीम में वापस लौटे हैं। बुमराह और प्रसिद्ध कृष्ण ने टी-20 सीरीज में मेजबान आयरलैंड के खिलाफ शुरू के दो-दो मैचों कुल चार -चार विकेट चटकाए हैं।

वेस्ट इंडीज सीरीज के लिए आराम दिए जाने के बाद तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने एशिया कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। वेस्ट इंडीज में गेंद से निराशाजनक प्रदर्शन करने वाले लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को टीम से बाहर कर ही दिया गया है ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन को भी एशिया कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है। चहल की जगह बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव को तवज्जो देकर बाएं हाथ के कलाई के दो स्पिनर भारत के स्पिन गेंदबाजी आक्रमण की जिम्मेदारी संभालेंगे। एक दिलचस्प बात यह है कि किसी भी ऑफ स्पिनर को भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है।



एशिया कप 30 अगस्त से शुरू होगा और उदघाटन मैच में पाकिस्तान मुल्तान में नेपाल से भिड़ेगा। भारत की टीम एशिया कप में ग्रुप ए में 2 सितंबर को पालीकेल(श्रीलंका) में पाकिस्तान से अपने पहले मैच भिड़ेगी और फिर 4 सितंबर को पालीकेल में ही नेपाल से मैच खेलेगी। ग्रुप बी में बांग्लादेश, अफगानिस्तान और श्रीलंका की टीमें हैं। दोनों ग्रुप से शीर्ष दो-दो टीमें सुपर 4 में पहुंचेगी। सुपर 4 में पहले और दूसरे स्थान में रहने वाली टीमें 17 सितंबर को कोलंबो(श्रीलंका) में फाइनल में आमने -सामने होंगी। एशिया कप के लिए भारतीय टीम का घोषणा सीनियर अजित आगरकर की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय चयन समिति ने की।

**एशिया कप के लिए 17 सदस्यीय भारतीय क्रिकेट टीम** - रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांडया (उपकप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी, ईशान किशन (विकेटकीपर), शार्दूल ठाकुर, अक्षर पटेल, सूर्य कुमार यादव, तिलक वर्मा, प्रसिद्ध कृष्ण।

### रिजर्व खिलाड़ी : संजू सैमसन

## किसी के भी लिए दरवाजे बंद नहीं हुए है : रोहित शर्मा



भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने एशिया कप के लिए टीम की घोषणा के बाद संवाददाता सम्मेलप में यहां कहा, 'जहां तक स्पिनरों की बात है तो हमने ऑफ स्पिनर के रूप में रविचंद्रन अश्विन और वाशिंगटन सुंदर को भी चुनने की सोची थी। फिलहाल हम चूंकि केवल 17 खिलाड़ी ही चुन सकते थे और इसीलिए युजवेंद्र चहल को भी टीम में जगह नहीं मिल पाए। हम यदि एक सीमर कम चुनते। हम ऐसा नहीं कर सकते क्योंकि अगले दो महीनों में सीमर्स की भूमिका खासी अहम रहने वाली है। हमारे कुछ सीमर्स तेज गेंदबाज लंबे अंतराल के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं और हम इसीलिए एशिया कप में उन्हें ठीक से परखना चाहते हैं। बावजूद इसके लिए एक बात साफ तौर पर कहना चाहूंगा कि किसी के भी लिए दरवाजे बंद नहीं हुए हैं। कोई भी किसी भी समय भारतीय टीम में वापसी कर सकता है। यदि हम ऐसा महसूस करेंगे कि वन डे विश्व कप के लिए हमें चहल की जरूरत है तो तब हम देखेंगे कि हम उन्हें कैसे टीम में शामिल कर सकते हैं। यही बात अश्विन और वाशिंगटन सुंदर पर भी लागू है। आप किसी एक खिलाड़ी को केवल किसी एक पॉजिशन पर बल्लेबाजी के लिए चुन कर अपने विकल्प सीमित नहीं करना चाहते हैं। हमारी कोशिश अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को किसी खास नंबर पर विशेष पर उतारना है। बल्लेबाजी में सभी सात-आठ पॉजिशन किसी भी बल्लेबाज के लिए खुली हैं और कई बरस हम सभी को यही संदेश दे रहे हैं।

## श्रेयस एकदम फिट, राहुल के भी पूरे फिट होने की उम्मीद : आगरकर

■ **वन डे विश्व कप के लिए टीम लगभग इन्हीं खिलाडियों में से**

चहल की जगह बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव को तवज्जो देकर बाएं हाथ के कलाई के दो स्पिनर भारत के स्पिन गेंदबाजी आक्रमण की जिम्मेदारी संभालेंगे। एक दिलचस्प बात यह है कि किसी भी ऑफ स्पिनर को भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है। सीनियर राष्ट्रीय क्रिकेट चयन समिति के अध्यक्ष अजित आगरकर ने एशिया कप के लिए टीम की घोषणा के संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, 'वेस्ट इंडीज में बाएं हाथ के नवोदित बल्लेबाज तिलक वर्मा में प्रदर्शन के साथ टेम्परामेंट के लिहाज से बहुत संभावनाएं दिखी। हमने इसीलिए तिलक को एशिया कप के लिए वन डे में टीम में यामिल किया है। हम एशिया कप में संयोग से 17 खिलाड़ियों को चुन सकते थे लेकिन वन डे विश्व कप में केवल 15 सदस्यीय भारतीय टीम ही चुनेंगे। हमने कुल 18 खिलाड़ी (एक रिजर्व खिलाड़ी सहित) चुने हैं और वन डे विश्व कप के लिए हमारी टीम लगभग इन्हीं खिलाडियों में से चुनी जाएगी। कई अहम सदस्य चोट के बाद भारतीय टीम में वापसी कर रहे हैं। मैं उम्मीद करता हूं सभी फिट रहेंगे। अब इन्हें एशिया कप में कुछ मैच खेलने को मिलेंगे।

## 'मैं अभी फिट हूं', अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास को लेकर मैक्सवेल ने की सबकी बोलती बंद



मैं जब तक संभव हो तब तक टीम में बना रहना चाहता हूं। मेरा अनुभव वर्ल्ड कप-2023 में ऑस्ट्रेलिया के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है: ग्लेन मैक्सवेल, ऑलराउंडर ऑस्ट्रेलिया

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने कहा कि वह जब तक संभव हो तब तक टीम में बने रहना चाहते हैं। उन्होंने जोर दिया कि उनका अनुभव वर्ल्ड कप-2023 में ऑस्ट्रेलिया के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। इस ऑलराउंडर को अभी भी सफेद गेंद के सेट-अप में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी माना जाता है। मैक्सवेल ने आगामी दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में अपनी जगह बना ली है, साथ ही वो प्रारंभिक वनडे विश्व कप टीम में भी जगह बना चुके हैं। पैर की गंभीर चोट के कारण मैक्सवेल लंबे समय तक खेल से दूर रहे। लेकिन, अब 34 वर्षीय खिलाड़ी कमबैक को लेकर काफी बेताब है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास को लेकर मैक्सवेल ने कहा, 'मैं तब तक खेलता रहूंगा जब तक लोग मुझे पसंद करेंगे। जब तक उन्हें यह नहीं लगता कि कोई मेरे स्थान के लिए अधिक योग्य है, तब तक मैं लगा रहूंगा। जितना हो सके गेम जीतने की कोशिश करूंगा।

## बुमराह और प्रसिद्ध इम्तिहान में खरे उतरे, भारत का 2-0 की बढ़त से टी-20 सीरीज पर कब्जा

**नई दिल्ली** (देशबन्धु)। ऑपरेशन कराने के बाद फिट होकर कप्तान तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा ने शानदार वापसी कर गेंद से कमाल दिखा मालाहाइड (डबलिन) में रविवार रात दूसरे टी-20 अंतराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भी दो-दो विकेट चटका कर भारत को मेजबान आयरलैंड के खिलाफ रविवार देर रात 33 रन से जीत दिला कर 2-0 निर्णायक बढ़त के साथ सीरीज जिता दी। भारत ने आयरलैंड से पहला टी-20 अंतराष्ट्रीय मैच डकवर्थ लुइस नियम के आधार पर दो रन से जीता था और अब बुधवार को इसी मैदान पर खेला जाने वाला तीसरा और अंतिम टी-20 अंतराष्ट्रीय मैच मात्र औपचारिकता बन गया है। भारत के लिए तीन टी-20 मैचों की यह सीरीज इस अगले महीने होने वाले एशिया कप और फिर उसके बाद आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप से पहले बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा की फिटनेस को आंकने के लिए अहम थी। बुमराह और प्रसिद्ध मौजूदा सीरीज के शुरू के दो मैचों में कुल चार -चार विकेट विकेट चटकाकर इम्तिहान में खरे उतरे। बुमराह और प्रसिद्ध कृष्ण ने

■ भारत ने दूसरा टी-20 रिंकू और ऋतुराज की दे दनादन से 33 रन से



सोमवार को एशिया कप के लिए टीम के ऐलान से पहले खुद को मैच फिट साबित कर चयनकर्ताओं का एक बड़ा सिरदर्द कम कर दिया। बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा ने रफ्तार के साथ धार भी दिखाई। नौजवान लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने भी बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा की तरह शुरू के दोनों मैच में कुल चार विकेट चटका साबित किया कि वह भी किसी भी पिच पर गेंदबाजी करने का जज्बा रखते हैं।

उपकप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (58 रन, 41 गेंद, एक छक्का और छह चौके) के सूझबूझ भरे अर्द्धशतक और अपने टी-20 अंतराष्ट्रीय क्रिकेट करियर का आगाज करने वाले मैन ऑफ द' मैच रहे रिंकू सिंह (39 रन, 21 गेंद, तीन छक्के, दो चौके) की आखिर के मारधाड़ वाले ओवरों में तूफानी पारी की बदौलत भारत ने पहले बल्लेबाजी की दावत पाकर निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 185 रन का मजबूत स्कोर बनाया। रिंकू सिंह और शिवम दुबे की दे दनादन से भारत ने अंतिम दो ओवर में ओवर में 42 रन जोड़े। भारत को ढीले आगाज के बाद मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में ऋतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन (40 रन, 26 गेंद, एक छक्का, पांच चौके) की तीसरे विकेट की 71 रन भागीदारी तथा रिंकू सिंह और शिवम दुबे (अविजित 22 रन, 16 गेंद, दो चौके) की पांचवें विकेट की 55 रन की तूफानी भागीदारी ने अहम भूमिका निभाई।

## सार संक्षेप

### 'खेडां वतन पंजाब दीयां' सीजन-2 की मशाल मार्च बुधवार से

**चंडीगढ़।** पंजाब को खेलों में देश का अग्रणी राज्य बनाने और खेल सभ्याचार पैदा करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान के निर्देशों पर शुरू की गई 'खेडां वतन पंजाब दीयां' के सीजन- 2 की शुरुआत से पहले खेलों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए मशाल मार्च आयोजित करने का फ़ैसला किया गया है। पंजाब के खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने सोमवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि खेल की रिवायत के मुताबिक इस बार 'खेडां वतन पंजाब दीयां'' के सीजन- 2 के उद्घाटन समारोह के मौके पर जलाई जाने वाली मशाल को एक सप्ताह पूरे पंजाब में हर ज़िला मुख्यालय में ले जाया जायेगा। इस मार्च की शुरुआत मंगलवार को लुधियाना से होगी। श्री हेयर ने कहा कि पिछले साल 'खेडां वतन पंजाब दीयां' के पहले सीजन की लुधियाना में समाप्ति हुई थी इसलिये मशाल मार्च लुधियाना से ही शुरू की जायेगी और यह पूरे पंजाब में मार्च करने के बाद 29 अगस्त को बठिंडा में पहुंचेगी, जहां खेलों के दूसरे सीजन का आगाज़ होगा।

### विश्व चैंपियनशिप प्रणय, लक्ष्य दूसरे दौर में पहुंचे

**कोपेनहेगन।** स्टार भारतीय शटलर एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन ने सोमवार को अपने-अपने पुरुष एकल मुकाबले जीतकर बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के दूसरे दौर में प्रवेश किया। विश्व के नंबर नौ शटलर प्रणय ने फिनलैंड के कैले कोलजोनेन को 43 मिनट में 24-22, 21-10 से मात दी। लक्ष्य ने 25 मिनट में मॉरिशस के जूलियन पॉल को 21-7, 21-12 से हराया। दूसरे चरण में प्रणय का सामना इंडोनेशिया के ड्वि वार्डोयो से होगा, जबकि लक्ष्य जॉर्डन के बहाएदीन अलशानिक या कोरिया के जियोन एच जे में से किसी एक से भिड़ेंगे।

## नोवाक जोकोविच ने फाइनल में अल्काराज को हराया, जीता सिनसिनाटी ओपन खिताब

■ 23 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने दुनिया के नंबर एक कार्लोस अल्कराज को एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के फाइनल में हराकर एक बार फिर अपना दबदबा कायम किया

**सिनसिनाटी (अमेरिका)।** 23 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने दुनिया के नंबर एक कार्लोस अल्कराज को एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के फाइनल में हराकर एक बार फिर अपना दबदबा कायम किया। सर्बिया के नोवाक जोकोविच और स्पेन के कार्लोस अल्काराज के बीच एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। या यूं कह लीजिए दर्शकों को सिनसिनाटी मास्टर्स फाइनल में विंबलडन फाइनल का रीमैच देखने का मौका भी मिला।



हालांकि, इस बार जीत नोवाक जोकोविच की हुई। अंत तक दोनों खिलाड़ी एक दूसरे को कड़ी टक्कर देते रहे। एक बेहद चुनौतीपूर्ण मैच में जोकोविच ने 5-7, 7-6(7), 7-6(4) से फाइनल मुकाबला अपने नाम कर लिया। जोकोविच का यह 39वां मास्टर्स खिताब है। पहले सेट को अल्काराज ने टाई ब्रेकर में 7-5 से अपने नाम किया। इसके बाद जोकोविच ने जबरदस्त वापसी करते हुए अगले दोनों सेट 7-6, 7-6 से अपने नाम किए। जीत के बाद जोकोविच कोर्ट में ही लेट गए और जोरदार जश्न मनाया।

## भारत की महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराया, पुरुष टीम पाकिस्तान से हारी

**बर्मिंघम,** । भारतीय पुरुष ब्लाइंड क्रिकेट टीम को रविवार को बर्मिंघम में इंटरनेशनल ब्लाइंड स्पोर्ट्स फेडरेशन (आईबीएसए) वर्ल्ड गेम्स-2023 के अपने शुरुआती मैच में पाकिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान ने भारत को 18 रनों से हराकर मेन इन ब्लू पर शानदार जीत के साथ अपने आईबीएसए वर्ल्ड गेम्स-2023 अभियान की शुरुआत की। वहीं, दूसरी ओर भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने शुरुआती मैच में ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से हरा दिया। बात अगर भारत-पाकिस्तान मैच की करें तो भारत को आखिरी दो



ओवरों में 34 रन चाहिए थे और उसके 4 विकेट बाकी थे। लेकिन, टीम इंडिया यह रन बनाने में सफल नहीं रही और पाकिस्तान ने एक रोमांचक मुकाबला जीत लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की पुरुष टीम ने 20 ओवरों में 8 विकेट पर 187 रन बनाए। पाकिस्तान ने तेज गति से रन बनाते हुए 20 ओवर में 180 रन का आंकड़ा पार कर लिया। धीमी ओवर गति के कारण भारत पर 6 रन का जुर्माना लगाया गया और पाकिस्तान की पारी 187/8 पर समाप्त हुई।

188 रनों का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत शानदार रही लेकिन मेन इन ब्लू लक्ष्य से 19 रन पीछे रह गई। भारत की महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 8 विकेट से हराया इससे पहले दिन में, भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 8 विकेट से हराकर अपने आईबीएसए वर्ल्ड गेम्स 2023 अभियान की शानदार जीत के साथ शुरुआत की।

## भारत की जू. पुरुष हॉकी टीम ने इंग्लैंड की जू. टीम को 4-0 से दी शिकस्त

**नई दिल्ली** (देशबन्धु)। राजिंदर सिंह, आमिर अली, अमनदीप लाकरा और अरिजीत सिंह हुंदल के एक एक गोल से भारत ने इंग्लैंड को डसेलडर्फ में सोमवार को चार देशों के जूनियर पुरुष हॉकी टूर्नामेंट के अपने तीसरे और आखिरी लीग मैच में 4-0 से हरा कर तीन मैचों में दूसरी जीत दर्ज की। भारत ने अपना अभियान स्पेन पर 6-2 से शुरू करने किया था लेकिन दूसरे मैच में उसे मेजबान जर्मनी ो 2-3 से करीबी मैच में हार झेलनी पड़ी थी।

भारत और इंग्लैंड की जूनियर टीमें गोल करने की हड़बड़ी में गड़बड़ी करती दिखी। स्कीमर विष्णुकांत सिंह की अगुआई में भारत की जूनियर टीम की रक्षापंक्ति ने इंग्लैंड की जूनियर टीम के सभी हमलों को नाकाम किया। राजिंदर सिंह ने पहला क्वॉर्टर खत्म होने से दो मिनट पहले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर भारत का खाता खोला। दूसरे क्वॉर्टर में बराबरी पाने की जुगत में इंग्लैंड की जूनियर टीम ने पूरी ताकत झोंक दी लेकिन उसकी यह हसरत भारत की जूनियर टीम की मुस्तैदी के सानमे पूरी नहीं हो पाई।

आमिर अली ने तीसरा क्वॉर्टर शुरू होने के तीसरे मिनट में हॉकी की कलाकारी दिखा बेहतरीन मैदानी गोल कर भारत की बढ़त 2-0 कर दी अमनदीप लाकरा ने यह क्वॉर्टर खत्म होने से चार मिनट पहले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर टीम को 3-0 से आगे कर उसकी जीत लगभग निश्चित कर दी। ऑलराउंडर अरिजित सिंह हुंदल ने खेल खत्म होने से दो मिनट पहले मैदानी गोल कर भारत को 4-0 से मैच जिता दिया।



■ भारत के लिए राजिंदर, आमिर, अमनदीप और हुंडल ने दागा एक-एक गोल

### हिना, ऋतुजा और मुमताज के एक-एक गोल

की जू. महिला टीम ने इंग्लैंड जू. टीम को ड्रॉ पर रोका

*नई दिल्ली भारत ने तीन बार पिछड़ने के बावजूद हिना बानो, ऋतुजा ददासो पिसल और मुमताज खान के एक-एक गोल की बदौलत इंग्लैंड को डसेलडर्फ (जर्मनी) में रविवार देत रात तीन-तीन गोल की बराबरी पर रोक अंक बांटे। ली हुरे मार्टा( चौथे व 19 वें मिनट) तथा बेथ अलेक्जेंडर (नौंवे मिनट) में दागे एक एक गोल से इंग्लैंड की जूनियर टीम ने हाफ टाइम तक 3-1 की बढ़त ले ली थी। इंग्लैंड की जूनियर टीम ने आक्रामक अंदाज में आगाज किया और ली हुरे मार्टा ने चौथे मिनट में मैदानी गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया। हिना बानो ने दो मिनट बाद बढ़िया मैदानी गोल कर भारत की जूनियर टीम को एक-एक गोल की बराबरी दिला दी। बेथ अलेक्जेंडर ने नौवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल इंग्लैंड को 2-1 से ली हुरे मार्टा ने दूसरे क्वॉर्टर के चौथे मिनट में अपना मैच में दूसरा बेहतरीन मैदानी गोल कर उसे 3-1 से आगे कर दिया। हाफ टाइम तक स्कोर यही रहा। तीसरे क्वॉर्टर में जब कोई और गोल नहीं हुआ तो इंग्लैंड की जूनियर महिला हॉकी टीम मैच जीतती लगी। भारत की जूनियर टीम ने चौथे और आखिरी क्वॉर्टर में बराबरी पाने में पूरी ताकत झोंक दी। भारत की जूनियर टीम की स्ट्राइकर ऋतुजा ददासो पिसल ने चौथे क्वॉर्टर के चौथे मिनट में बेहतरीन मैदानी गोल कर स्कोर 2-3 कर दिया। मुमताज खान ने खेल खत्म होने से सात मिनट पहले पेनल्टी कॉर्नर पर रिबाउंड पर डी में मिली गेंद को लपक कर फ्लिक कर गोल में डाल भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम को तीन-तीन की बराबरी दिला दी। इसके बाद कोई भी टीम और गोल नहीं कर पाई।*

*सुदीप चिरिमाको के दो गोल के बावजूद भारत की जू. हॉकी टीम जर्मनी जू. टीम से हार गई*

*तेज तर्रार स्ट्राइकर सुदीप चिरिमाको के दो गोल के बावजूद भारत डसेलडर्फ में चार देशों के जूनियर पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में अपने दूसरे मैच में मेजबान जर्मनी से 2-3से हार गया। विजेता जर्मनी के लिए मिचेल स्ट्रुर्टऑफ, बेन हाशबाख और फ्लेरियन स्प्रिलिंग ने एक एक गोल किया। भारत की जूनियर टीम ने अपने पहले मैच में स्पेन को 6-2 से करारी शिकस्त दी थी। भारत के सुदीप चिरिमाको दो मैचों में चार गोल दाग कर गोल दागने में सबसे आगे चल रहे हैं। सुदीप चिरिमाको ने तेज फर्राटा लगा सातवें मिनट में बेहतरीन मैदानी गोल कर भारत की जूनियर टीम का खाता खोला।*

## सुडोकू 6293 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 | 1 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 5 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 8 | 1 |
| 4 | 7 | 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 6 | 3 |
| 3 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 9 | 7 | 4 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 1 | 2 | 9 | 5 | 6 | 3 | 7 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 4 | 6 | 8 | 1 | 2 |


G20
आज़ादी का अमृत महोत्सव
मामा के दिए
पंखों से मिला SKY
मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान
द्वारा
ऑन जॉब ट्रेनिंग का शुभारंभ
14,450 से ज्यादा युवाओं को मिलेंगे ऑफर लेटर
S K Y
SEEKHO KAMAO YOJANA
ट्रेनिंग, नौकरी और ₹ 10,000 तक स्टाइपेंड भी
कार्यक्रम
22 अगस्त 2023 | शाम 6:00 बजे
शासकीय महात्मा गांधी
उ.मा. विद्यालय, भेल, भोपाल
योजना में पंजीयन के लिए
https://mmsky.mp.gov.in/
पोर्टल पर विजिट करें
सीधा प्रसारण
DDMP
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@JansamparkMP
JansamparkMP
D-11086/23
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी